सुप्रभात
रांची, बुधवार
17.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 07



12 रिपब्लिकन पार्टी ने ट्रंप को बनाया राष्ट्रपति उम्मीदवार

## न्यूज डायरी

### मुकेश सहनी के पिता की हत्या, दो गिरफ्तार

**पटना।** वीआइपी सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या कर दी गयी है। इस हाई प्रोफाइल हत्याकांड से बिहार की राजनीति गरमा गयी है। दरभंगा के बिरौल अनुमंडल के पैतृक गांव में उनके पिता की सोमवार देर रात निर्मम तरीके से हत्या कर दी गयी। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डीजीपी आरएस भट्टी को तुरंत एक्शन लेने का निर्देश दिया है। सीएम ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से भी फोन पर बातचीत की और उन्हें सांत्वना दी।

### 21 को ऑलपार्टी मीटिंग में राहुल भी होंगे शामिल

**नयी दिल्ली।** सरकार ने अगले सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलायी है। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि यह सर्वदलीय बैठक 11 बजे संसदीय सौध स्थित मुख्य समिति कक्ष में होगी। इस पारंपरिक बैठक में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। बैठक में संसद की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलाने पर चर्चा की जायेगी।

### इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध का फैसला

**कराची।** पाकिस्तान सरकार ने पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। पाकिस्तान मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार सूचना मंत्री तरार ने कहा है कि 9 मई की घटनाओं में पूर्व सत्ताधारी पार्टी की संलिप्तता और पीटीआई के पूर्व या वर्तमान नेताओं की ओर से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ पाकिस्तान के समझौते को विफल करने के प्रयासों को देखते हुए यह फैसला किया गया है।

# डोडा में कैप्टन सहित चार शहीद

## रक्षा मंत्री ने सेना को आतंकियों के सफाये की खुली छूट दी

### विदेशी आतंकियों के खात्मे के अभियान पर थे सुरक्षाकर्मी





**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए पुलिस के साथ संयुक्त और समन्वित अभियान के दौरान एक कैप्टन बृजेश थापा समेत चार जवान शहीद हो गये। सैन्य अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि दुर्गम इलाके और घने जंगलों में तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने छिपकर जवानों पर हमला किया, जिसमें चार जवाना वीरगति को प्राप्त हो गये। शहीद भारतीय सेना के कैप्टन बृजेश थापा दूसरी पीढ़ी के सेना अधिकारी थे। उनके पिता कर्नल भुवनेश थापा सेना से रिटायर हैं और बहन एक नेपाली गायिका हैं। वे सिलीगुड़ी में रहते हैं। बृजेश थापा ने साल 2019 में भारतीय सेना में भर्ती ली थी। वीर जवानों की शहादत पर पूरे देश में शोक की लहर है। देशभर से एकबार फिर आतंकियों के समूल सफाये की मांग उठ रही है। शहीद जवानों में कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय शामिल हैं।

**और सैनिक पहुंचे, अभियान तेज** : सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए अतिरिक्त सैनिक बुला लिये गये हैं। ड्रोन तथा अन्य तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर छिपे आतंकियों की खोज की जा रही है। पीआरओ ने कहा, सेना उन विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त और समन्वित अभियान चला रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### रक्षा मंत्री ने सेना प्रमुख से की बात

लगातार बढ़ती आतंकी वारदातों के खिलाफ सरकार सख्त कदम उठाने के मूड में नजर आ रही है। जानकारी के मुताबिक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से बात की। उन्होंने डोडा में जमीनी हालात और चल रहे ऑपरेशन के बारे में श्री सिंह को जानकारी दी। खबर है कि रक्षा मंत्री ने सेना प्रमुख को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट दी है। रक्षा मंत्री ने पोस्ट किया, मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। राष्ट्र हमारे सैनिकों के परिवारों के साथ दृढ़ता से खड़ा है जिन्होंने कर्तव्य के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया है। आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं, और हमारे सैनिक आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### तीन दिनी दिल्ली-यूपी यात्रा से रांची लौटे सीएम, कहा

# संघीय ढांचे में केंद्र राज्यों का सम्मान करे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार की शाम अपने तीन दिवसीय दिल्ली दौरे के बाद रांची लौट आये। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते सीएम ने कहा कि यात्रा की जानकारी, यात्रा की खबर, यात्रा लाइव आप सबों ने देखा। हालांकि पीएम से मुलाकात के दौरान किन विषयों पर चर्चा हुई, इस सवाल को सीएम हेमंत ने टाल दिया। सिर्फ पीएम से मुलाकात की जानकारी साझा की। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि देश में संघीय ढांचा की व्यवस्था है। पीएम मोदी देश की सरकार चला रहे हैं। राज्य की सरकार हम चला रहे हैं। हम उनका सम्मान करें और वे राज्य का सम्मान करें। संघीय ढाचें की यही खूबसूरती है कि दोनों एक-दूसरे का सम्मान करे।

श्री सोरेन तीन दिनों की दिल्ली और उत्तर प्रदेश की यात्रा के बाद मंगलवार को रांची लौट आये हैं। एयरपोर्ट पर पीएम से मुलाकात के बारे में पूछने पर उन्होंने उक्त बात कही, जिसके कई मायने निकाले जा सकते हैं। (शेष पेज 11 पर)

# झारखंड में डीजे पर बैन का उपाय करें: हाइकोर्ट

## बुजूर्गों और मरीजों के लिए यह घातक है

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** ध्वनि प्रदूषण को ले कर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के क्रम में झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि झारखंड में डीजे को प्रतिबंधित (बैन) किया जाये। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर सारंगी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक कहा कि डीजे की तेज ध्वनि से दिन या रात दोनों समय लोगों को काफी परेशानी होती है। विशेषकर बुजुर्गों में हृदय रोग (हार्ट अटैक) की समस्या पैदा होती है, ऐसे में सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।

दरअसल, प्रार्थी ने याचिका में ध्वनि प्रदूषण के रूल के तहत सड़कों पर निकलने वाले बारात, बैंक्विट हॉल मैरिज हॉल आदि जगहों में रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक डीजे नहीं बजे इसका आग्रह कोर्ट से किया था। इसी मामले में पूर्व में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि सरकार एक 24 गुना 7 हेल्पलाइन नंबर जारी करें, जिससे कि किसी को व्यक्ति जो ध्वनि प्रदूषण से परेशान हैं। (शेष पेज 11 पर)

### गढ़वा में सड़क हादसा दो स्कूली बच्चों की मौत

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के जाटा गांव में सड़क हादसे में दो स्कूली बच्चों की मौत हो गयी, जबकि छह बच्चे गंभीर रूप से जख्मी है। सभी बच्चों को इलाज के लिए गढ़वा के सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। छुट्टी होने के बाद करीब एक दर्जन स्कूली बच्चे ऑटो से घर जा रहे थे। जाटा में बाईपास रोड पर एक पिकअप ने ऑटो में टक्कर मार दी। दो बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने दुर्घटना में शामिल पिकअप वैन को आग के हवाले कर रोड जाम कर दिया। आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे अग्निशमन के कर्मचारी को ग्रामीणों ने रोक दिया। मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई थी। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने घटना की पुष्टि की है।

### नगर विकास मंत्री ने समीक्षा बैठक में दिये कई निर्देश, कहा

# योजनाएं धरातल पर दिखे, काम में तेजी लायें

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि नगरीय क्षेत्र की जनता को किसी भी तरह की समस्या न हो इसके लिए नगर विकास विभाग के नगरीय इकाइयों को सजग रहना होगा। वह मंगलवार को प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित सभागार में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समन्वय समिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए तीव्र गति से काम करना होगा।

खुली नालियां किसी घटना की वजह न बने, इसके लिए काम करना होगा और क्षेत्र की जनता के मुताबिक विकास की रूपरेखा तैयार करनी होगी। उन्होंने कहा कि शहर को व्यवस्थित करने के लिए और उसमें निरंतरता कायम रखने के लिए अगर 12 घंटे भी काम करने की जरूरत हो तो पदाधिकारियों को काम करना होगा। सभी को टीम भावना के साथ काम करना होगा।

**साफ-सफाई पर फोकस** : श्री हसन ने कहा कि रांची नगर निगम में कई मसले हैं। साफ सफाई पर फोकस करना है। बारिश में नालियां जाम न हों, ट्रैफिक स्मूथ रहे और नगर निकायों में आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उसके निदान होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जो स्ट्रीट लाइट या हाइमास्क लाइट खराब हैं उनकी मरम्मत करायें। जो वाहन मरम्मत के अभाव में बेकार हो रहे हैं, उन्हें जल्द ठीक करायें। जो वाहन मरम्मत के लायक नहीं हैं उनका डिस्पोजल होना चाहिए।

नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने समन्वय बैठक में कहा कि राज्य में जितनी भी वाटर सप्लाई योजनाओं का काम हो रहा है, उन योजनाओं के ट्रायल शुरू होने के साथ ही घरेलू वाटर कनेक्शन देना शुरू करें। सभी नगर निकाय क्षेत्रों में वाटर स्कीम समय पर पूरी हों इसकी कार्ययोजना बनायें। उन्होंने कहा कि अगर किसी स्कीम का निर्माण कार्य अन्य विभाग की एन ओ सी नहीं मिलने के कारण बाधित होता है तो उसके लिए प्लान बी तैयार रखें।

(शेष पेज 11 पर)

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 69900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 99000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




### नीट पेपर लीक : सीबीआइ ने मुख्य आरोपी समेत दो और को दबोचा

# एनटीए के ट्रंक से चुराया था प्रश्नपत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची, हजारीबाग ।** सीबीआइ ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पेपर लीक मामले में एक प्रमुख आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनलोगों ने ही हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के ट्रंक से कथित तौर पर प्रश्नपत्र चुराया था। अधिकारियों ने बताया कि इन दो गिरफ्तारियों के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा में लीक प्रकरण में अबतक 14 लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआइ ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर पंकज कुमार उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया है, जिसने हजारीबाग में एनटीए के ट्रंक से नीट-यूजी का प्रश्नपत्र कथित तौर पर चुराया था।

एजेंसी ने बोकारो के रहने वाले कुमार को पटना से गिरफ्तार किया। सीबीआइ ने राजू सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जिसने कथित तौर पर कुमार को प्रश्नपत्र चुराने और गिरोह के अन्य सदस्यों को देने में मदद की थी। राजू सिंह को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया।

मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही एजेंसी ने छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। बिहार में दर्ज प्राथमिकी प्रश्नपत्र लीक होने से संबंधित है, जबकि गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में दर्ज शेष प्राथमिकी अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने और धोखाधड़ी से संबंधित हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### बोकारो में सड़क हादसा, दो की मौत

**बोकारो।** पेटरवार स्थित एनएच 23 पर सड़क हादसे दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। अज्ञात वाहन ने मारूति वैन को टक्कर मार दी है, जिसमें मारूति सवार दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मारुती वैन में सवार लोग गोला से जारंडीह बाराती गये थे। वहीं सुबह बारात से वापस आने के क्रम में पेटरवार एन एच 23 बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच के पास यह हादसा हो गया। घायल तीन लोगों में से एक को बेहतर इलाज के लिए बोकारो बीजीएच रेफर किया गया है, जबकि दो घायलों को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है। हादसे के शिकार हुए लोगों के नाम रूपेश नायक, पीयूष स्वर्णकार, उदय कुमार, सन्नी नायक हैं।

# झारखंड में फिर बनानी है डबल इंजन सरकार : हिमंता

## घुसपैठिये आदिवासी बेटियों से शादी नहीं कर सकें, कानून जरूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के भाजपा सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा मंगलवार को दो दिवसीय सांगठनिक दौरे पर झारखंड पहुंचे। मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार को बदल कर हमें यहां अपनी सरकार बनानी है। भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार को सत्ता में लाना होगा। तभी झारखंड का विकास संभव है। उन्होंने तोरपा और खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। साथ ही कहा कि झारखंड के कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और हेमंत सोरेन अक्सर झूठ ही बोलते हैं। सिर्फ घोषणाएं करते हैं, जो कभी पूरी ही नहीं करते। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में गांव, गरीब, किसान, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़ा सभी वर्गों केलिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। भाजपा ने राज्य बनाया है और इसके विकास की भी चिंता भाजपा करती है।

(शेष पेज 11 पर)

# चलो बुलावा आया है बाबा ने बुलाया है

## 22 से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को ले कर व्यापक तैयारी

**वीआईपी दर्शन पर रोक**

**कांवरियों की सुरक्षा में 15 हजार जवान रहेंगे तैनात**

**सूचना तकनीक का प्रयोग**

गिरधारी लाल जोशी



**देवघर ।** 22 जुलाई से शुरू हो रहे सावन में देवघर आने वाले कावरियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। सुल्तानगंज से देवघर तक 105 किलोमीटर के रास्ते प्रशासन पुख्ता इंतजाम कर रहा है। जगह- जगह पैदल चलने के लिए रास्ते में बालू बिछाया जा रहा है। शौचालय व नहाने के लिए फव्वारे लगाये जा रहे हैं। पीने के पानी का इंतजाम किया जा रहा है। यात्रियों के ठहरने के लिए धर्मशालों में रंगरोगन किया जा रहा है। यह बात देवघर परिसदन में हुई बिहार व झारखंड की सीमा से जुड़े जिलों के आलाधिकारियों की बैठक में सामने आयी।

### सुरक्षा और सुविधा ही उद्देश्य

बैठक के बाद संथाल परगना के आयुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता शिवभक्तों की सुरक्षा और सुविधा है। देवघर श्रावणी मेले में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार सूचना तकनीक को और भी सुदृढ़ किया जायेगा। आधुनिक सूचना तकनीक ह्वाट्सएप में दोनों राज्यों के अधिक से अधिक अधिकारियों को जोड़ा जायेगा, ताकि सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जा सके। सीमावर्ती इलाकों में वायरलेस सिस्टम को और भी दुरूस्त किया जायेगा । अगर श्रद्धालुओ की भीड़ बढ़ेगी तो इंट्री प्वाइंट पर ही रोकने का बंदोबस्त किया गया है। देवघर के डीसी विशाल सागर ने कहा कि मेले के दौरान वीआइपी दर्शन की सुविधा नहीं होगी। सभी को आम कतार से गुजरना पड़ेगा। भागुलपर, मुंगेर, बांका, जमुई, देवघर और दुमका के आला अधिकारी हॉट लाइन पर संवाद बनाये रखेंगे। सुल्तानगंज से देवघर के बीच बने होल्डिंग प्वाइंट पर बढ़ती भीड़ की सूचना के मुताबिक अगले प्वाइंट के अधिकारी सावधान रहेंगे।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** देवघर व आसपास सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। 12 हजार पुलिस बल देवघर में व बासुकिनाथ में तीन हजार अतिरिक्त सुरक्षा बल लगाये जा रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)




## रॉंची मंडल के तहत विभिन्न श्रेणियों के लिए ई-नीलामी

**अधिसूचना**

**सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2023** **दिनांक: 15.07.2024**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा राँची मंडल के तहत ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। सूचीपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित कर दिया गया है। विवरण नीचे उल्लेखित हैः

●**श्रेणीः** कैटरिंग। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीसीटीजी224; **सम्पत्ति का विवरणः** राँची मंडल के तहत जीएमयू तथा एसएमयू श्रेणियों के अधीन 57 अदद कैटरिंग इकाइयों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 22.07.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 23.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे।

●**श्रेणीः** एमपीएस। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएमपीएस14; **सम्पत्ति का विवरणः** राँची मंडल के तहत 07 अदद एमपीएस इकाइयों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 19.07.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 19.07.2024 को पूर्वाह्न 11.40 बजे।

●**श्रेणीः** एवीएम। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएवीएम17; **सम्पत्ति का विवरणः** राँची मंडल के तहत एवीएम-2, डब्ल्यूवीएम-11 के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 18.07.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 18.07.2024 को दोपहर 12.30 बजे।

●**श्रेणीः** एटीएम। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएटीएम27; **सम्पत्ति का विवरणः** राँची मंडल के तहत एटीएम हेतु 06 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 29.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 29.07.2024 को अपराह्न 01.20 बजे।

●**श्रेणीः** विविध स्टेटिक्स (चिकित्सा सुविधा)। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएमएफसी9; **सम्पत्ति का विवरणः** राँची मंडल के तहत चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 26.07.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 26.07.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे।

●**श्रेणीः** विविध स्टेटिक्स (सैलून)। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएसएएलओएन7; **सम्पत्ति का विवरणः** राँची मंडल के तहत रांची स्टेशन में सैलून के संचालन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 29.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 29.07.2024 को दोपहर 12.30 बजे।

●**श्रेणीः** पार्किंग। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपीएआरकेआईएनजी27; **सम्पत्ति का विवरणः** सुइसा, पिस्का एवं इटकी में पार्किंग के संचालन एवं प्रबंधन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 30.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 30.07.2024 को दोपहर 12.50 बजे।

●**श्रेणीः** पार्सल स्कैनर। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपीएस6; **सम्पत्ति का विवरणः** राँची मंडल के तहत राँची एवं हटिया पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर की स्थापना एवं संचालन। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 25.07.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 25.07.2024 को सुबह 10.40 बजे।

●**श्रेणीः** (विविध स्टेटिक्स) बैटरी संचालित गाड़ी। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीबीओसी3; **सम्पत्ति का विवरणः** राँची मंडल के तहत हटिया स्टेशन में बैटरी संचालित गाड़ी के संचालन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 30.07.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 30.07.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे।

●**श्रेणीः** पार्सल। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपीएआरसीईएल28; **सम्पत्ति का विवरणः** राँची मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 35 अदद पैसेंजर/मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के एसएलआर कम्पार्टमेंट को पट्टे पर प्रदान करने हेतु 67 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 22.07.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 23.07.2024 को अपराह्न 01.40 बजे।

●**श्रेणीः** विज्ञापन। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएडीवीटी27; **सम्पत्ति का विवरणः** राँची मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार संविदाओं (06 अदद आउट ऑफ होम तथा 03 अदद स्टेशन के अंदर) हेतु 09 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 29.07.2024 को सुबह 10.30 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 29.07.2024 को अपराह्न 03.10 बजे।

●**श्रेणीः** विज्ञापन। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीजीएलओडब्ल्यूबीएएलएल2; **सम्पत्ति का विवरणः** हटिया स्टेशन में 3 ग्लो बॉल की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **नीलामी शुरू होने की तारीखः** 31.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 31.07.2024 को दोपहर 12.30 बजे।

**टिप्पणीः** राँची मंडल की ई-नीलामी के संबंध में नवीनतम जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रत्याशित बोलीदाताओं से नियमित रूप से आईआरईपीएस की वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है।

**(PR-387)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


## खबर एक नजर में

### प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं

**रांची।** झारखंड में पवार ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तिथि निर्धारित कर दी। दरअसल झारखंड हाई कोर्ट ने पिछले वर्ष जनवरी में प्रेम प्रकाश को बेल देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद प्रेम प्रकाश ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। प्रेम प्रकाश अवैध खनन और लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी है और फिलहाल दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं।

### जेएसएससी पीजीटी परीक्षा की सीबीआई जांच कराने की मांग

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिला। शशांक राज ने राज्यपाल से जेएसएससी पीजीटी परीक्षा में अनियमितता की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को इस परीक्षा में हुई गड़बड़ी से जुड़े हुए साक्ष्य को भी सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में रुपेश सिन्हा, सत्यदेव मुंडा, रोमित नारायण सिंह और पीजीटी अभ्यर्थी श्वेता प्रधान थे।

### आरोपी के व्हाट्सएप में संदिग्ध बातचीत नहीं

**जज उत्तम आनंद हत्याकांड**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. बीआर सारंगी और जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ में धनबाद के जज उत्तम आनंद हत्याकांड में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से बताया गया कि मामले में दोनों आरोपी के व्हाट्सएप चैट में किसी प्रकार की संदिग्ध बातचीत के सबूत नहीं मिले हैं। इस पर अदालत ने इसे शपथ पत्र के माध्यम से अदालत में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल, कहा**

# राज्य में मतदाताओं की अप्रत्याशित वृद्धि की जांच कराये चुनाव आयोग

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराया आंकड़ा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राकेश प्रसाद के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से मुलाकात की और आकंड़ा उपलब्ध कराकर मतदाताओं की अप्रत्याशित वृद्धि की जांच कराने की मांग की। इस दौरान टीम ने पाया कि विधानसभा चुनाव 2019 की मतदाता सूची की तुलना में लोकसभा चुनाव 2024 की मतदाता सूची में कई बूथों पर मतदाताओं की संख्या में 20 से 123 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, जो चिंताजनक है। अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया कि पांच वर्षों में मतदाताओं की संख्या अमूमन 15 से 17 प्रतिशत तक की वृद्धि होती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 22 जनवरी, 2024 को मतदाता सूची के संबंध में जारी प्रेस नोट में भी इसी वृद्धि दर को स्वीकार किया है। जबकि, हिंदू बहुल क्षेत्रों में यह वृद्धि 8 से 10 प्रतिशत तक रहती है लेकिन अल्पसंख्यक, विशेष कर मुस्लिम क्षेत्रों में यह वृद्धि 20 से लेकर 123 प्रतिशत है। टीम ने पाया कि राजमहल के 383 बूथों पर 20 प्रतिशत से 123 प्रतिशत तक वोटर्स बढ़ गये हैं। इसी तरह बरहेट के अलग-अलग बूथों पर 20 से 57.72 प्रतिशत तक, पाकुड़ में 20 से 64.23 प्रतिशत, महेशपुर में 20 से 41.04प्रतिशत, जामताड़ा में 20 से 68.85 प्रतिशत, मधुपुर में 20 से 117.62 प्रतिशत, मंझगांव में 20 से 86.11 प्रतिशत, हटिया में 20 से 136.58 प्रतिशत, बिशुनपुर में 20 से 48.87 प्रतिशत और लोहरदगा में 20 से 86.43 प्रतिशत तक वोटर्स की संख्या बढ़ी है।

**अतिसंवेदनशील बूथों की हो जांच :** एक सोची समझी योजना के तहत डेमोग्राफी बदलने का षडयंत्र है। इसमें कहीं न कहीं विदेशी घुसपैठियां, जो वर्तमान में राज्य सरकार की शह पर प्रशासनिक अफसरों पर दबाव डालकर मतदाता सूची में नाम अंकित करा रहे हैं। इनके लिये अवैध रूप से अन्य जरूरी प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया गया है ताकि इनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो पाये।

**साजिश कर मतदाताओं के नाम किये गये डिलिट :** मतदाता सूची का गहन अध्ययन करने पर यह बात सामने आयी है कि राज्य सरकार के पदाधिकारियों ने एक साजिश के तहत बहुसंख्यक समाज के बूथों पर मतदाताओं के नाम डिलिट कर दिये, जो हजारों में है। इसकी वजह से ये मतदाता वोट डालने से वंचित रह गये। यह एक गंभीर मामला है।

## मनरेगा कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 22 जुलाई से

**रांची।** झारखण्ड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ 18 जुलाई से 20 जुलाई तक सांकेतिक हड़ताल तथा 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। मालूम हो कि प्रस्तावित हड़ताल की सूचना मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, प्रधान सचिव तथा मनरेगा आयुक्त को 20 दिन पूर्व में दे दी गई है। चरणबद्ध तरीके से अपनी मांगों को लेकर घेराव और ज्ञापन सौंपने का कार्य किया गया, बावजूद सरकार ने संघ से न तो वार्ता की और न ही स्थाई करण की मांगों पर कोई पहल की। बाध्य होकर प्रस्तावित तिथि से मांग की पूर्ति तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

लगभग 6 हजार कर्मियों के हड़ताल से मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिचाई संवर्धन कूप, बिरसा हरित आम बागवानी, अबुआ आवास, वीर पोटो हो खेल मैदान सहित महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित होगा। इस हड़ताल से लगभग 250000 मजदूरों का मजदूरी भुगतान भी प्रभावित होगा।

# झारखंड में नफरत के बीज न बोयें, असम में सीएए और एनआरसी पर बात करें हिमंता तो बेहतर होगा : झामुमो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा पर हमलावर होते हुए कहा कि हिमंता को असम में बाढ़ की स्थिति नहीं दिख रही है, जहां पर 180 से अधिक मारे गये, कई हजार लोग बेघर हो गये। यहां पर सदियों से लोग बसे हैं, आपसी सौहार्द कायम है, भातृत्व कायम है। इनके खिलाफ इन्हें बोलने के लिए लाया गया है। उनसे पूछना चाहिए कि असम में एनआरसी कहां गया। एनआरसी में वहां के बड़ी संख्या में जो हिंदू संप्रदाय के लोग हैं, उनका नाम रजिस्टर में नहीं चढ़ा। वे सीएए और एनआरसी पर कुछ नहीं बोलते हैं, कहां गये यह दोनों मुद्दे, क्या हुआ इन मुद्दों का। इस पर वे क्यों नहीं कुछ बोलते हैं। जिस बंगाल की सीट से जीतकर एक सांसद केंद्रीय मंत्री बने हैं, वहां कुछ क्यों नहीं बोलते हैं। यह बातें झामुमो केंद्रीय महासचिव सह



प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में कही।

सुप्रियो ने कहा कि यहां उन्हें नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए बुलाया गया है। हिमंता यहां नफरत का बीज न बोयें, जरा असम को जाकर देखें। सुप्रियो ने कहा कि आधे देश में बाढ़ की स्थिति है, आधे देश में सुखाड़ की स्थिति है। एमएसपी के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं। मगर यहां पर एमएसपी खोजने के लिए आ रहे हैं। किसी के आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं है। वैसे भी ये लोग केंद्रीय मंत्री और किसी राज्य के सीएम हैं इसलिए प्रोटोकॉल के तहत हमें उन्हें सरकारी सुरक्षा और सुविधा कराना ही है। मगर सरकारी सुविधा का उपयोग समाज को बांटने के लिए न किया जाये।

**भाजपा में बेचैनी और भयः** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मुंह की खाने के बाद भाजपा में बेचैनी और बौखलाहट है। 20 जुलाई को प्रभात तारा मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री समेत अन्य केंद्रीय भाजपा नेताओं का आगमन होने जा रहा है। महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू कश्मीर का स्पष्ट संदेश इन्हें मिल चुका है। झारखंड में इनलोगों को फीड बैक मिलना शुरू हो गया है, इसलिए इनमें बेचैनी है।

# जदयू से गठबंधन को लेकर सरयू राय दे रहे हैं अनर्गल बयान : संतोष कुमार सोनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड जदयू के प्रदेश महासचिव संतोष कुमार सोनी ने पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा है कि सरयू राय की प्रदेश स्तर पर जदयू के किसी भी नेता या पदाधिकारी से गठबंधन को लेकर कभी भी वर्ता नहीं हुई है और न ही मुलकात हुई है। इतना ही नहीं इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से किसी तरह की कोई वार्तालाप हुई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से उनकी औपचारिक मुलकात जरूर हुई है, इस मुलकात के बाद सरयू राय गठबंधन को लेकर अपने मन से लगातार बयान बाजी कर रहे हैं। जिसका झारखंड प्रदेश जदयू खंडन करती है। उन्होंने कहा है



कि सरयू राय अपनी पार्टी और जेडीयू के बारे में जो बयान दे रहें है वो उनका निजी बयान हो सकता है। झारखंड जदयू को इससे कुछ भी लेना-देना नहीं है।

श्री सोनी ने कहा है कि गठबंधन को लेकर नीतीश कुमार से सरयू राय की बात हुई होती तो इसकी सूचना प्रदेश इकाई को जरूर मिलता। वहीं इस संबंध में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की ओर से भी कोई अधिकारिक बयान भी नहीं आया है। इस स्थिति में सरयू राय द्वारा दिये जा रहे बयान का प्रदेश स्तर पर कोई भी जदयू का नेता पुष्टि नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा है कि जदयू का राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के साथ नेचुरल अलायन्स है। इस स्थिति में पार्टी के सभी नेता इस बात पर सहमत है कि अगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में राज्य स्तर पर गठबंधन सिर्फ बीजेपी के साथ ही होगा। उन्होंने कहा है कि राज्य स्तर पर सरयू राय की पार्टी का ना तो कोई संगठन है और ना ही जनाधार। इस स्थिति में उनकी पार्टी के साथ गठबंधन करने का सवाल ही उत्पन्न नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरयू राय का एकतरफा बयान जदयू और बीजेपी के बीच फुट डालने का है।

# झारखंड में भ्रष्टाचार अपने चरम पर विकास है अवरुद्ध : अनुराग ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मंगलवार को रांची पहुंचे। श्री ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में हेमंत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने सत्ता में आने से पहले कई वादे किये, जिसमें से एक भी पूरा नहीं हुआ। जिस तरह से झारखंड का विकास हो सकता था, वह नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को अलग राज्य बनाया। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है, विकास अवरुद्ध है। इस राज्य से यही खबरें आती हैं कि कभी 350 करोड़ तो कभी 25 करोड़ जब्त हुये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वादा किया था कि पांच लाख रोजगार मिलेगा, वो दूर की बात रही। यहां की सरकार युवाओं को



बेरोजगारी भत्ता तक नहीं दे पायी। ऐसा लगता है कि सरकार पूरी तरह से विफल हो गयी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार के लिये अनुकूल परिस्थितियां है। इस सरकार में निवेश और डेवलपमेंट के लिये कोई इच्छाशक्ति नहीं है। उन्होंने असम का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां डबल इंजन की सरकार ने कई नयी ऊंचाईयों को छुआ है। वहां सेमी कंडक्टर के फील्ड में एक हजार करोड़ रुपए का निवेश आया है। इसके बाद श्री ठाकुर ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की।


## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा

पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
Email-mdmloh@rediffmail.com, lohardagamdm@gmail.com

**शिक्षक नियुक्ति संबंधी सूचना**

I. विभागीय संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024, निदेशक, प्रा0शि0, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक क्रमशः 771 दिनांक 13.06.2024 एवं पत्रांक 786 दिनांक 19.06.2024 के अधीन एतद् द्वारा संबंधित अभ्यर्थियों जिन्होंने इस जिला से प्रकाशित विज्ञापन संख्या 05/2015–16 (कक्षा 1 से 5) एवं विज्ञापन संख्या 04/2015–16 (कक्षा 6 से 8) के अंतर्गत आवेदन किया है को सूचित किया जाता है कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय रांची द्वारा एल.पी.ए. संख्या 203/2022 एवं अन्य संबंद्ध वादों में पारित न्यायायदेश के आलोक में आप सबों के द्वारा यदि पूर्व में न्यायालय के आदेश के आलोक में कार्यालय में आवेदन पत्र समर्पित किया गया है, वह वर्त्तमान संदर्भ में मान्य नहीं होगा।

II. PR 327071 Lohardaga(24-25)#D के द्वारा प्रकाशित शिक्षक नियुक्ति संबंधी सूचना के आलोक में निदेशक प्राथमिक शिक्षा के पत्रांक 363/विधि दिनांक 11.07.2024 में प्राप्त निदेश के क्रम में सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा दावा आवेदन समर्पित करने के क्रम में साक्ष्य के रूप में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक की छायाप्रति की अनुपलब्धता की स्थिति में आवेदक अपने दावा आवेदन के साथ पूर्व में आवेदन किये जाने संबंधी आशय का शपथ पत्र संलग्न करेंगे। शपथ पत्र में आवेदक अपना नाम, पिता का नाम, स्थायी पता, कोटि आदि का उल्लेख करेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लोहरदगा

**PR 329828 Lohardaga(24-25)#D**



## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

**अनुदान पर चार पहिया वाहन (मछली परिवहन हेतु) –**
**अति अल्पकालिन आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा रामगढ़ जिला के मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/ उनके सक्रिय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य विपणन योजना के अन्तर्गत विभागीय राज्यादेश सं0 07, दिनांक 19.06.2024 के आलोक में रामगढ़ जिला को 60 प्रतिशत अनुदान पर एक चार पहिया वाहन (मछली एवं मछली बीज के परिवहन हेतु) लक्ष्य प्राप्त है।

**शर्तें –**

- लाभुक द्वारा कम से कम मो0 6.00 लाख रू0 का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया गया हो।
- आवेदन/आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो।
- आवेदक/आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो।
- आवेदक मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो।

इच्छुक एवं सक्षम मत्स्यजीवी सहयोग समिति/उनके सदस्यों से उपरोक्त वर्णित शर्तों के आलोक में दिनांक 31.07.2024 तक जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन आमंत्रित किए जाते है। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निः शुल्क उपलब्ध है एवं विशेश जानकारी के लिए कार्यालय में आकर सूचना प्राप्त कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ

**PR 329761 Fish(24-25)#D**



## कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

तृतीय अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2023–24 दिनांक–16.07.2024

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01& 03 | Const. of drain with cover from vikki saw house sarkari pain infront of naga baba mandir via primery school. | 3479391.00 | 69600.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | 02 | Const. of 300 ft. sidhi and shed near tako aahar. | 3608766.00 | 72500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | 13 | Const. of pcc road and drain with cover from maheshpur bajrangbali to pond near doman sundi house via kedar sundi house. | 3664264.00 | 73500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | 02 | Const. of guard wall, drain, pcc from middle school durodih to shivsagar road via block boundry. | 13574037.00 | 271500.00 | 10000.00 | 6 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website. | | | | 23-07-2024 | |
| B | Last Date/Time for receipt bid on online | | | | 30-07-2024 | |
| C | Date of Opening Tender | | | | 02-08-2024 | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | |
| E | Helpline No. | | | | 9430497772 | |

PR 329751 Urban Development(24-25)D

प्रशासक नगर पंचायत,
डोमचाँच।


## घुसपैठ और मणिपुर हिंसा रोकने में विफल गृहमंत्री इस्तीफा दें : राकेश

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने देश में घुसपैठ और मणिपुर के हिंसा रोकने में असफल देश के गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरना धर्म कोड और महंगाई से राज्य की जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। राकेश सिन्हा ने कहा कि सभी जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय सीमा केंद्र सरकार के अधीन होता है और देश में गृह मंत्री अगर घुसपैठ नहीं रोक पा रहे हैं तो उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमंता विश्व सरमा घुसपैठ की बात करते हैं तो उन्हें यह बताना चाहिए कि झारखंड में डेढ़ दशक से ज्यादा इस राज्य में भाजपा का शासन रहा तो घुसपैठ को रोकने में के लिए अपने शासनकाल में क्या कदम उठाये।


**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची–834031, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज**

पत्रांक........... **प्रेष विज्ञप्ति** दिनांक..................

**PR No.-329498**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–01RI/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 12.07.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में क्रमांक 01 से 04 तक का आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या में अंकित 24–25 को 23–24 पढ़ा जाए शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगा ।

**PR 329769 Rural Development(24-25)#D**

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
डालटनगंज


**पेटरवार और डुमरी में पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद, चुनावी तैयारी के दिए मंत्र**

# जमीन लूट की हिस्सेदार बनी इंडी गठबंधन की सरकारः सुदेश महतो

**झूठ की बुनियाद पर खड़ी झमुमो-कांग्रेस-राजद सरकार से अब जनता को कोई उम्मीद नहीं**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची/पेटरवार।** सरकार जमीन लूट की हिस्सेदार बनी हुई है। झूठ की बुनियाद पर खड़ी इस सरकार से अब जनता को कोई उम्मीद नहीं है। पहले झूठे वादे, धोखाधड़ी और अब जनता को भरमाने का सिलसिला तेज हुआ है। पूरा राज्य सरकार के कारनामों से वाकिफ और दुखी है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पेटरवार स्थित पार्टी महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो के आवास पर आयोजित गोमिया विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने को कहा। पेटरवार के साथ ही उन्होंने डुमरी में भी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पार्टी के भावी कार्यक्रमों को सफल बनाने और विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि सवालों, विषयों, नीतिगत मुद्दों को सुलझाने की बजाय उन्हें उलझाने की राजनीति ही इस सरकार की परिपाटी रही है। सत्तारूढ़ दलों ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन को भी अपनी राजनीति के लिए लटका कर रखा था वरना यह आंदोलन बहुत पहले अपने मुकाम तक पहुँच जाता। आजसू प्रमुख ने कार्यकर्ताओं को समय का आगाह कराते हुए कहा कि कुछ ही दिनों में विधानसभा चुनाव के समर में उतरना है। इसलिए समय-समय पर दिए गए टास्क को पूरे करते हुए जनता से सीधा संबंध बनाएं। सरकार की नाकामियां जनता के बीच बताएं।

सुदेश महतो ने कहा कि पिछले पांच सालों में गोमिया विकास के रास्ते पर तेजी से अग्रसर है। लोकसभा चुनाव में यहां की सम्मानित जनता ने हमें समर्थन और सम्मान दिया है। हम उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं।

मौके पर लंबोदर महतो ने कहा कि आने वाले 100 दिन इस राज्य के बेहद महत्वपूर्ण है। हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ कार्य करना है और पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना है।

इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव सह विधायक लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, सचिव अमरदीप महाराज, अजय सिंह, नमन ठाकुर, संतोष साव, बोकारो जिलाध्यक्ष सचिन महतो, अरविंद करमाली, अशोक सिंह, तापेश मेहता इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## आनंद मार्ग का रक्तदान शिविर आज

**जमशेदपुर।** स्व. तारकेश्वर शर्मा की पुण्य स्मृति में एक रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से 17 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन धातकीडीह जमशेदपुर ब्लड बैंक(टाटा मेन हॉस्पिटल के बगल में, कैंसर हॉस्पिटल के पास) में किया गया है। आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदाताओं से शिविर में आकर रक्तदान करने की अपील की है। रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक किया चलेगा। रक्तदाताओं को रक्तदान करने के पश्चात प्रशस्ति पत्र एवं पौध देकर सम्मानित किया जायेगा।

## राजस्थानी सावन उत्सव तीन अग्रस्त को

**जमशेदपुर।** राजस्थानी संस्कृति को बचाये रखने और उसे बढ़ावा देने को लेकर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आगामी 03 अगस्त शनिवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में रंगीला सावन आयो रे (सावन उत्सव) का भव्य आयोजन किया जा रहा हैं। इसकी सभी तैयारियां पिछले कई दिनों से जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञाप्ति में शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल एवं संयोजिका मुस्कान अग्रवाल व रश्मि अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि राजस्थानी थीम पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इस सावन उत्सव में पहले आओ-पहले पाओं की तर्ज पर प्रवेश पत्र का वितरण किया जा रहा हैं। प्रवेश पत्र के माध्यम से ही प्रवेश होगा। 03 अगस्त शनिवार की शाम को चार बजे से एक कदम मारवाड़ की ओर... सावन उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित भी किये जायेंगे।

## अब यूपीएससी परीक्षाओं में भी आरएसएस-बीजेपी की धांधली : डॉ अजय



**जमशेदपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने मंगलवार को नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में देश के हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने को लेकर भाजपा सरकार पर जानकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर मीडिया सूचना का अधिकार कानून (आरटीआई) का इस्तेमाल कर उन उम्मीदवारों के यूपीएससी परीक्षा के सटीक अंक पता लगा ले जो भाजपा नेता के रिश्तेदार हैं, तो वे चौंक जायेंगे। सारा दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

## थाना प्रभारी वरुण ने निकाला फ्लैग मार्च

**चांडिल।** चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव के नेतृत्व में मंगलवार को पुरे चांडिल बाजार में मुहर्रम को लेकर फ्लेग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी वरुण यादव ने ने मुहर्रम पर्व सामाजिक साम्प्रदायिक सौहार्द तथा शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए मनाने का अपिल किया। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर प्रशासन का खास नजर रहेगी।

## एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में 25 यूनिट रक्तदान

**गम्हरिया।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से स्वर्णिम जयंती पर गम्हरिया स्थित एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन संयंत्र प्रबंधक प्रियांशु दीक्षित ने किया। जमशेदपुर ब्लड बैंक एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर संगठन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

## विवेकानंद जनकल्याण समिति बना रही कार्ड

**जमशेदपुर।** स्वामी विवेकानंद जनकल्याण समिति जमशेदपुर के संस्थापक अध्यक्ष अभिषेक डे के द्वारा निशुल्क ऑन स्पॉट आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर धातकिटी के मेडिकल बस्ती एवं हरिजन बस्ती के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक भवन में लगाया गया।



डूरंड कप ट्रॉफी टूर कार्यक्रम स्थल टाटा सभागार के निरीक्षण के क्रम में आवश्यक निर्देश देते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में एसडीओ पारुल सिंह व अन्य पदाधिकारी।

# नगर में 28 जुलाई से 24 अगस्त तक होंगे डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच

- 19 जुलाई को शहर में होगा 'ट्रॉफी टूर', डीसी ने लिया जायजा
- 28 जुलाई को जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उद्घाटन समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बहुप्रतिष्ठित डूरंड कप फुटबॉल टूनार्मेंट के ग्रुप डी के मैच 28 जुलाई से जमशेदपुर में खेला जाएगा। 19 जुलाई को शहर में 'ट्रॉफी टूर' प्रस्तावित है जो एक्सएलआरआई परिसर से शुरू होकर शहर के अलग-अलग स्थानों में जाएगा। ट्रॉफी टूर का शुभारंभ कार्यक्रम को लेकर एक्सएलआरआई स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण डीसी अनन्य मित्तल द्वारा किया गया। मौके पर भारतीय सेना के कर्नल मानस कुंडू, मेजर मोहित जैन, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री धनंजय, एसडीएम धालभूम श्रीमती पारूल सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री पंचानन उरांव, जिला खेल पदाधिकारी श्री अविनेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि डूरंड कप फुटबॉल टूनामेंट के ग्रुप डी का मैच 28 जुलाई से 24 अगस्त तक जेआरडी स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। उद्घाटन समारोह जेआरडी स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में 28 जुलाई को होगा। ग्रूप डी में जमशेदपुर एफसी, चेन्नयियन एफसी, बांग्लादेश आर्म्ड फोर्स और इंडियन आर्मी की टीमें शामिल है। टूनार्मेंट के अन्य ग्रूप के मैच कोलकाता, शिलॉन्ग एवं कोकराझार में खेले जाएंगे।

निरीक्षण के दौरान डीसी द्वारा ट्रॉफी टूर एवं उद्घाटन समारोह समेत पूरे टूनार्मेंट के दौरान गणमान्य अतिथियों के आगमन को लेकर विधि व्यवस्था संधारण, खिलाड़ियों का आवासन, सुगम यातायात व्यवस्था, सफल आयोजन तथा अन्य आवश्यक बिदुंओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि जमशेदपुर के लिए गौरव का अवसर है जहां जिले के खेल प्रेमियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतिभाओं को खेलते देखने का मौका मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है जिससे खिलाड़ी, खेल प्रेमी और यहां आने वाले सभी गणमान्य सुनहरी यादें लेकर वापस लौटें।

# टाटा मोटर्सकर्मियों के बच्चों को सस्ती दर पर एजुकेशन लोन देगा एसबीआई

- ब्याज पर छात्रों को 50 प्रतिशत और छात्राओं को 70 प्रतिशत सब्सिडी देगी कंपनी
- उच्चा शिक्षा के लिए 7.5 लाख रुपये तक एजूकेशन लोन देगा एसबीआई
- टाटा मोटर्स प्रबंधन और एसबीआई के बीच सहमति का यूनियन ने किया स्वागत

**विशेष संवाददाता**




टाटा मोटर्स के जमशेदपुर प्लांट का प्रवेशद्वार।

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स लिमिटेड प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों के बेटे-बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहद कम ब्याज पर 7.5 लाख रुपये तक एजूकेशन लोन देने का निर्णय लिया है।

कंपनी प्रबंधन ने विद्यादान योजना के तहत टाटा मोटर्स के सभी स्थाई कर्मचारियों के बच्चे बच्चियों जो उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण की आवश्यकता होती है उसको सरल करते हुए एसबीआई बैंक से 7.5 लाख तक का शिक्षा ऋण आसान शर्तों पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। जहां एसबीआई में शिक्षा ऋण का ब्याज आम लोगों को 11% लगता है वहीं टाटा मोटर्स के कर्मचारियों को एक प्रतिशत कम लगेगा एवं टाटा मोटर्स प्रबंधन की ओर से कर्मचारी के पुत्रों को शिक्षा ऋण के ब्याज में 50% सब्सिडी कंपनी के तरफ से दिया जाएगा। अर्थात 5% ब्याज की भरपाई टाटा मोटर्स प्रबंधन की ओर से की जाएगी। वही बच्चियों के लिए यह 70% सब्सिडी की योजना है। अर्थात 7% ब्याज प्रबंधन की ओर से भरपाई की जाएगी। इस शिक्षा ऋण की अवधि अधिकतम 15 वर्षों की हो सकती है। साथ ही साथ कर्मचारी पुत्रों एवं पुत्री की संख्या जितनी होगी उन सभी को यह लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

मैट्रिक और प्लस टू में 60 प्रतिशत अंक लाने पर छात्राओं को 25000 रु. मिलेगा

वहीं दूसरी उत्कर्ष योजना में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है जो भी कर्मचारी पुत्री मैट्रिक मे और 12वीं में 60% अंक के साथ उत्तीर्ण होंगे उनको 25 000 रुपए की प्रोत्साहन राशि बच्चियों के खाते में दी जाएगी।

आज 16 जुलाई को टाटा मोटर्स जनरल ऑफिस में यूनियन की पदाधिकारी की एवं उच्च प्रबंधन के बीच एक बैठक हुई। बैठक के बाद टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आर के सिंह ने बताया कि यूनियन के तरफ से लंबे समय से बच्चों की शिक्षा के लिए बेहतर व्यवस्था एवं बच्चियों को शिक्षा के प्रोत्साहित करने के लिए योजना की मांग टाटा मोटर्स प्रबंधन के उच्च पदाधिकारी के समक्ष लगातार रखती आ रही थी। आज की बैठक में प्रबंधन की ओर से दो तरह की योजनाओं को लागू करने की घोषणा की गई।

## मुहर्रम के दौरान दंगा पर काबू पाने का पुलिस ने किया पूर्वाभ्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** जमशेदपुर मुहर्रम के दौरान शहर के किसी क्षेत्र में दंगा भड़कने जैसा घटना घटती है तब ऐसी घड़ी में पुलिस किस तरह से अपनी ड्यूटी करेगी इसको लेकर मंगलवार को गोलमुरी पुलिस लाइन में मौक ड्रिल के माध्यम से एहतियात के गुर सिखाए गए. मौके पर खुद एसएसपी किशोर कौशल मौजूद थे. मौक ड्रिल को उन्होंने काफी बारीकी से देखी और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया.मौक ड्रिल के माध्यम से पुलिस वालों को हर तरह की बारीकियों से अवगत कराने का काम किया गया. दंगाइयों को कैसे खदेड़ना है? उनपर कैसे काबू पाना है? समेत कई तरह की बारीकियों की जानकारी खुद एसएसपी की ओर से दी गई

## टाटा स्टील : डीबी सुंदर रामम की अगुवाई में स्टीयरिंग कमेटी बनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



वीपी डीबी सुंदर रामम।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के एचडी टीवी नरेंद्र ने मीनिंग के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए एक स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया जिसका चेयरमैन कंपनी के वीपी (रॉ मैटेरियल) डीबी सुंदरारमन को बनाया गया है। इस कमेटी में वीपी (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी के साथ कॉरपोरेट स्ट्रेटजी एंड प्लैनिंग देव ज्योति राय, फेरो एलॉय एंड मिनरल डिवीजन (एफएएमडी) के एग्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज कुमार सतीजा, फाइनेंस स्ट्रेटजी कॉरपोरेट एलाइंस एंड एक्विजिशंस के चीफ राघव सूद और बिजनेस फाइनेंस एंड रिर्पोटिंग प्रॉफिट सेंटर के के संजय कुमार श्रीवास्तव को सदस्य बनाया गया है। एमडी टीवी नरेंद्रन ने इसके साथ ही क्रॉस फंग्शनल वर्किंग कमेटी का भी गठन किया है जिसका नेतृत्व एफएएमडी के ऑपरेशन चीफ श्रीसेंदु मुखर्जी करेंगे। इस टीम में प्रोजेक्ट टेक्नोलॉजी इंप्रूवमेंट डिपार्टमेंट की हेड नताशा झा को संयोजक बनाया गया है जबकि सदस्य के तौर पर भुवनेश्वर के रेजिडेंट एग्जूकिटिव अश्विनी प्रसाद मोहंती के अलावा चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर प्रोफेसर अतनु रंजन पॉल, चीफ ऑपरेशन बीडी नंदा, नेशनल सेल्स हेड देवराज मुखर्जी, माइनिंग प्लानिंग के चीफ इंद्रनील शाह, रॉ मटेरियल स्ट्रेटजी के चीफ शिरिश शेखर, फाइनेंस एवं अकाउंट के हेड वी नरेंद्र और एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट के चिफ विशाल अग्रवाल को शामिल किया गया है।

# सिंहभूम सीट हारने के बाद अब विस चुनाव पर भाजपा ने किया फोकस

- मझगांव विधानसभा क्षेत्र में विजय संकल्प सभा को पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




कार्यक्रम में भाजपाइयों को संबोधित करती पूर्व सांसद गीता।

**जमशेदपुर।** भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय पांडे की अध्यक्षता में मंगलवार को मझगांव विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन सह बिजय संकल्प सभा कुमारडूंगी वन विश्रामागार में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान शामिल हुए,उन्होंने सभी मंडलों के 10 बूथों के बूथ अद्यक्षों के साथ समिति के सदस्यों को पार्टी का अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है,भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, आप सभी कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत और लग्न से ही पार्टी चुनाव जीतती है,यह अलग बात है कि लोकसभा चुनाव में झामुमो जीत गयी।

## जमशेदपुर पूर्व और पश्चिम विस में भाजपा का विजय संकल्प सभा आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा निर्देशित अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा पूरे प्रदेश के सभी विधानसभा में लगातार आयोजित की जा रही है। बुधवार को जमशेदपुर महानगर अंतर्गत जमशेदपुर पुर्वी एवं पश्चिम विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा सुनिश्चित की गई है। अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा में सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल एवं पश्चिम विधानसभा में बिस्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में होगी। जमशेदपुर पुर्वी के संकल्प सभा में भवनाथपुर के विधायक सह पूर्व मंत्री भानु प्रताप साही एवं पश्चिम विधानसभा में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल मुख्यरूप से शामिल होंगे। वहीं, समारोह में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही, पार्टी के वरीय नेताओं के संग मंडल एवं बूथ स्तर के नेता एवं कार्यकर्ता भी भाग लेंगे। समारोह के दौरान लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षों एवं बूथ समिति के कार्यकताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मंगलवार 16 जुलाई 2024 को एस.डी.एस.एम. स्कूल फॉर एक्सीलेंस के प्रेक्षागृह में शैक्षणिक सत्र-2023-2024 के बच्चों में अध्यात्मिक, शैक्षिक एवं बौद्धिक लगन व क्षमता को सम्बल प्रदान करने के उद्देष्य से वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह सम्मान कक्षा नर्सरी से 9वीं और 11वीं तक के विद्यार्थियों के लिए था।

समारोह के मुख्य अतिथि उज्जल चक्रवर्ती (मैनेजिंग डाइरेक्टर जेसीएपीसीपीएल, टाटा स्टील वर्कस, जमषेदपुर), विशेष अतिथि श्रीमती मोइत्री चक्रवर्ती, विद्यालय अध्यक्ष दिवाकर सिंह, स्कूल मैनेजिंग कमिटि मैनेजर सुश्री निर्मला शुक्ला, प्राचार्या श्रीमती मौसमी दास द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर ईष्वरीय वंदना गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्राचार्या श्रीमती मौसमी दास ने विद्यालय का सत्र 2023-2024 के गौरवपूर्ण क्षणों पर प्रकाष डालते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और कहा कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के अथक प्रयासों से यह फलदायी सत्र रहा।




पुरस्कृत छात्र-छात्राओं के साथ अतिथिगण।

मुख्य अतिथि उज्ज्वल चक्रवर्ती ने शिक्षक को षिक्षा का नींव बताया। बच्चों को तीन संदेश देते हुए कहा कि हमारे जीवनशैली में सुरक्षा, संस्कृति और अनुशासन पर ध्यान देना अति आवश्यक है। उन्होंने सीएसआईआर. के तहत समुदाय की देख-भाल करना तथा बच्चों को उनसे जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया और ग्लोबल वार्मिंग से अवगत कराते हुए प्रति की स्थिरता बनाए रखने को कहा। इस प्रकार कार्यक्रम का समापन विद्यालयगीत व राष्ट्रगान के साथ किया गया।

**इन मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत**

- के.डी.तिवारी मेमोरियल ट्रॉफी : नैवेध प्रसाद, 5-ब एवं आराध्या अग्रवाल, 5-स
- रनवीर सिंह मेमोरियल ट्रॉफी - हर्षित कुमार, 9-स
- सुख देव सिंह मेमोरियल ट्रॉफी - मुदित राज, 11-अ
- डॉ.नन्द किषोर सिंह मेमोरियल ट्रॉफी - आयुष कुमार, 11-स
- डॉ.यू.एस.सिंह मेमोरियल ट्रॉफी - स्मिता कुमारी, 11-इ

## एक नजर में

### कांग्रेस पार्टी ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस पार्टी के वरीय नेता डॉ अजय कुमार के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर नदी किनारे बसे घरों को तोड़ने संबंधी कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। वहीं उपायुक्त ने उन्हे आश्वस्त किया की न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर ने कहा कि एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) द्वारा की गई एक तरफा कार्रवाई उचित नहीं है। हम इसका पुरजोर विरोध करते है। उन्होंने कहा कि नदी तट पर बन रहे आलीशान अपार्टमेंट एनजीटी को नही दिखता है जबकि दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह गरीब लोगों द्वारा बनाए गए झोपड़ीनुमा घर एनजीटी को दिख जाता है। सोनकर ने कहा एनजीटी के। आदेश के खिलाफ हम उचित फोरम पर मामले को उठाएंगे। किसी गरीब का घर टूटने नही देंगे। उल्लेखनीय है की सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह व उससे सटे कल्याण नगर, इंदिरा नगर एवं छाया नगर सहित नदी किनारे बने 150 घरों को एनजीटी के आदेश पर तोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया। जिससे लोगों में भय व्याप्त है। हालांकि एनजीटी द्वारा किस आधार पर यह आदेश दिया गया है। इस संबंध में अधिकारियों के पास तथ्य परक जवाब नहीं है। इस अवसर पर अशोक चौधरी, रविंद्र झा उर्फ नट्टू झा, राकेश साहू आदि उपस्थित थे।

### डीएमएफटी से दिलायेंगे बेंच-डेस्क : जोबा माझी



**सोनुवा।** सांसद जोबा माझी ने मंगलवार को सोनुवा के बेगुना स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय गुदड़ी में पौधरोपण किया। इस दौरान सांसद ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व बताते हुए कहा कि लगाए गए पौधों का देखभाल आपको करना है। मौके पर छात्रों ने सांसद के समक्ष विद्यालय में बेंच-डेस्क की समस्या रखते हुए पठन पाठन में आने वाली परेशानियों से अवगत कराया। इस पर सांसद ने छात्राओं को आश्वस्त किया की उनकी समस्याओं से अवगत है। कहा कि डीएमएफटी से विद्यालय में बेंच-डेस्क उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए उपायुक्त से वार्ता करेंगे। मौके पर गुदड़ी केबीडीओ ऋतिक कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया सोहन माझी, वार्डेन शर्मिला कुमारी महतो, किशोर दास, दीपक माझी आदि उपस्थित रहे।

### गलत बिल की जांच कर सुधारे विभाग : विधायक



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड पूर्वी घोड़ाबांधा पंचायत के ग्वालाडेरा खापचाडुंगरी के स्थानीय लोग गलत बिजली बिल से काफी परेशान है। इसकी सूचना उन्होंने स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी को दी जिस पर संज्ञान में लेते हुए आज खापचाडुंगरी के स्थानीय लोगों के साथ पूर्वी सिंहभूम के बिजली विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से मिले और बैठक की और जल्द से जल्द सभी उपभोक्ताओं के बिजली बिल को सुधार कराने का निर्देश एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को दिया। बिजली विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने 20-25 दिन के अंदर जाँच करवाकर बिजली बिल सुधार करवाने का अश्वाशन दिया विधायक के समक्ष स्थानीय लोगों को दिया। मौके पर मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष पलटन मुर्मू आदि काफी संख्या में स्थानीय महिलाएं भी उपस्थित थी।

### विधायक सविता महतो ने विद्यालय भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**चांडिल।** मंगलवार को चांडिल प्रखंड के चौका हाई स्कूल तथा ईंचागढ़ प्रखंड के देवलटांड में झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत प्लस टू उच्च विद्यालय चौका व देवलटांड़ में 11 कमरे के विद्यालय भवन निर्माण कार्य का ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो आधार शिला रखी। विधायक सविता महतो ने कहा चौका तथा देवलटांड हाई स्कूल परिसर में 2 करोड़ 58 लाख के लागत से 11 कमरे वाला दो मंजिला विद्यालय भवन का निर्माण होगा जिसमें विद्यार्थियों के लिए शौचालय की भी व्यवस्था रहेगी। विधायक ने कहा भवन का निर्माण हो जाने से विद्यार्थियों का पढ़ाई के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी। विधायक ने भवन निर्माण करने वाले संवेदक को भवन का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं ससमय कार्य पुरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, कुनाराम मांझी, कृष्णा किशोर महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, संजीव टुडू सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### मुहर्रम : पुलिस प्रशासन का फ्लैग मार्च



**हरिहरगंज (पलामू)।** एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर सामाजिक समरसता के साथ शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने को लेकर मंगलवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च थाना से प्रारंभ होकर एनएच 98, अररूआ खुर्द, मेन बाजार, सतगावां, बेलौदर मोड़ सहित शहर के विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण कर थाना परिसर में पहुंच समाप्त हुआ। मार्च में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई सतीश गुप्ता, रंजीत सिंह, धनंजय गोप, विगेश राय, एएसआई रविंद्र कुमार व पुलिस जवान भी थे।

### मुहर्रम की पूर्व संध्या पर प्रशासन का पैदल मार्च



**हुसैनाबाद, पलामू।** इस्लामिक कैलेंडर के 10वें दिन 17 जुलाई के पूर्व संध्या पर मंगवार को हुसैनाबाद में प्रशासन ने शहर के विभिन्न मार्गों और गली मुहल्लों में पैदल मार्च कर शांति से त्यौहार मानने का संदेश दिया है। जिसका नेतृत्व हुसैनाबाद एलआरडीसी गौरांग महतो, एसडीपीओ मुकेश महतो, थाना प्रभारी संजय यादव व दंगवार ओपी प्रभारी, देवरी ओपी प्रभारी कर रहे थे। भारी संख्या में पुलिस बल के साथ हुसैनाबाद थाना परिषर से निकल कर मोहम्मद गंज रोड, कर्बला मैदान दाता नगर, मधुशाला रोड, लंबी गली मुख्य बाजार समेत सभी मार्गो में मार्च किया गया। जिसमें सभी लोगों से शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने की अपील की गयी। मौके पर भारी संख्या में पुलिस अधिकारी-जवान उपस्थित थे।

### दलित विरोधी है राज्य सरकार : मदन



**हुसैनाबाद पलामू।** चौकीदार बहाली में जारी की गयी अधिसूचना में एससी कोटा की सीट को शून्य कर देने के मामले पर सरकार चौतरफा घिर रही है। अब राज्य में धीरे-धीरे इसके विरोध के स्वर बढ़ते जा रहे हैं। हुसैनाबाद दक्षिण क्षेत्र से राजद नेता व पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान ने वर्तमान सरकार को अनुसूचित जाति विरोधी करार दिया है। उन्हें राज्य की हेमेत सरकार पर अनुसूचित जातियों के साथ भेद भाव करने का आरोप लगाया है। इस सरकार में अधिकारी बेलगाम हैं जो मन आ रहा है वह कर रहे हैं।

### मुहर्रम को लेकर पाटन और नावा जयपुर थाना पुलिस का फ्लैग मार्च





**पाटन पलामू।** मुहर्रम को लेकर पाटन थाना पुलिस एवं नावा जयपुर थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। पाटन पुलिस ने ग्राम सुंठा लोइंगा एवं गम्हेथा में फ्लैग मार्च निकाला। जिसका नेतृत्व पाटन थाना प्रभारी लालजी एवं किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार ने किया। वहीं नावा थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय के नेतृत्व में नावा पुलिस ने ग्राम टुईया, बगैया, खजुरी, दुअमा, दीपौआ, रुदीडीह में फ्लैग मार्च निकाला। पाटन थाना प्रभारी लालजी, किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार एवं नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने लोगों से मुहर्रम आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाने की अपील की।

### ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में ग्रामीण



**हुसैनाबाद पलामू।** सोन तटीय क्षेत्र देवरी खुर्द पंचायत के बनकट में बिजली का 100 केवी ट्रांसफार्मर जल जाने से कई दिनों से अंधेरा में रहने को ग्रामीण मजबूर हैं। लगातार शिकायत के बाद भी न विभाग की कान में जू रेंग रहा है और न ही हुसैनाबाद विकास का दम भरने वाले जनप्रतिनिधियों की जनता के प्रति नरमी व दया आ रही है। यह ट्रांसफॉर्मर कुछ दिन पूर्व आसमानी बिजली से जल गया है। ग्रामीणों ने विभाग को लिखित शिकायत की है। लेकिन अभी तक लोगों को शायद अंधेरा ही नसीब है। मामले पर जिप सदस्य राजू मेहता ने बताया कि विभाग से बात हुई है। बहुत जल्द इसे बदलने को कहा गया है। मौके पर अखिलेश पाल, भरत भूषण मेहता, लखन मेहता, विनोद मेहता, रमन मेहता, राजनाथ मेहता थे।

### मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी ने की ओंकारनाथ की पगड़ीपोशी



**तरहसी/नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विस में वैसे जन प्रतिनिधि की जरूरत है जो जनता की समस्या सुने व उनके सुख-दुख में शामिल हो। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के नेता ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। वे मुहर्रम पर तरहसी एवं लेस्लीगंज के मोहर्रम इंतजामियां कमेटी के स्वागत समारोह में बोल रहे थे। श्री जायसवाल ने कहा कि पांकी विस में सभी जाति, धर्म व संप्रदाय के लोगों को एक साथ लेकर जनप्रतिनिधि को लेकर चलने की जरूरत है जो लोगों के बीच दर्द को बांट सके। श्री जायसवाल का मोहर्रम कमेटी के लोगों ने पगड़ीपोशी कर जोरदार स्वागत किया। मौके पर अरुण वर्मा, खुर्शीद आलम, मनीष कुमार, तनवीर आलम, प्रकाश सिंह, बिफन पासवान, राकेश कुमार, अमित कुमार भी थे।

### अवधेश बने विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर विवेकानंद चौक स्थित शर्मा ट्रेडर्स में विश्वकर्मा समाज ने मंगलवार को बैठक की। जिसमें विश्वकर्मा समाज ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव किया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष अवधेश शर्मा, सचिव प्रदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष पंचम विश्वकर्मा एव मीडिया प्रभारी चंद्रेश कुमार शर्मा को चुना गया। अध्यक्ष अवधेश ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष के आदेश का पालन कर प्रखंड कमेटी गठित की गयी है ताकि विश्वकर्मा समाज में जागरूकता आये और पिछड़े हुए लोगों को आगे निकलने का मौका मिले।

# मुहर्रम पर्व को लेकर पलामू पुलिस ने की शांति बनाये रखने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ शांति और सदभाव के साथ मनायें पर्व आपत्तिजनक मैसेज, फोटो, विडियो पोस्ट करने पर होगी कार्रवाई : एसपी



**मेदिनीनगर।** मुहर्रम पर्व को लेकर पलामू पुलिस ने लोगों से अपील की है कि पर्व आपसी भाईचारे, शांति व सदभाव के साथ मनायें। सामाजिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखें। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने भी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मिल-जुलकर पर्व मनाने की अपील शहरवासियों से की है। एसपी श्रीमती रमेसन ने कहा कि प्रशासन द्वारा तय समय सीमा, स्थल, मार्ग से ही मुहर्रम का जुलूस निकालें। असामाजिक रूप से किसी भी प्रकार से समाज को ठेस पहुंचाने वाले संगीत, गाने का प्रयोग न करें जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़े। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, फोटो व विडियो धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से बचें। ऐसा करने पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

**व्हाट्सएप्प नंबर जारी कर सूचना देने की अपील**

सोशल मीडिया पर बनाये गये ग्रुप के सभी ग्रुप एडमिन अपने अपने ग्रुप में इस तरह के पोस्ट न होने दें। किसी भी अप्रिय घटना या प्रयास असामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना पुलिस कंट्रोल रूम के व्हाट्स अप नंबर 7070452955 पर दें या 112 नंबर डायल कर संपर्क करें। पलामू पुलिस के ट्वीटर हैंडल पुलिस पलामू एवं फेसबुक पलामू पोल पर भी सूचना साझा कर सकते हैं। उन्होंने सभी पलामूवासियों से अपील की है कि समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने में पलामू पुलिस का सहयोग करें। पलामू पुलिस आपकी सेवा में हमेशा तत्पर रहेगी।

# यूएसए के मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी ने पर्यावरणविद कौशल किशोर को दी डॉक्टरेट की मानद उपाधि

■ चांसलर ने देश-विदेश के दर्जनों अतिथियों संग पर्यावरणविद को दी डॉक्टर ऑफ फिलोसफी की उपाधि

■ मानद उपाधि पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल अफगानिस्तान के डॉ तानजिरे व ऑस्ट्रेलिया के विकगैफनी को कौशल ने दिया पौधा

■ पर्यावरणविद कौशल को मिला जीवन का 64वां और इस वर्ष का तीसरा अवार्ड





पर्यावरणविद को उपाधि देते अतिथि व परिवार संग कौशल किशोर जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर, पलामू।** देश की राजधानी नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित इंडिया हैबिटेग सेंटर गुलमोहर में यूएसए के मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित मानद उपाधि पुरस्कार वितरण समारोह में चांसलर डॉ जॉन एल कालारस, वाइस चांसलर डॉ सौफी नुवानी व देश के कई शीर्ष अधिकारी सहित विदेशी दर्जनों अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में देश के प्रख्यात पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया।

पर्यावरणविद कौशल को पर्यावरण सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि देकर सम्मानित किया गया है। उक्त अवसर पर उनकी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल व सूरज जायसवाल भी उपस्थित थे। साथ ही उक्त कार्यक्रम में दुनियां के विभिन्न क्षेत्रो में असाधारण कार्य करने वाले कई महान हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

## भाजपा का विजय संकल्प सह कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह

# बूथ स्तरीय कार्यकर्ता नींव के पत्थर के समान: यदुनाथ पांडेय

■ कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन : सांसद बीडी राम

■ लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को : पुष्पा देवी

**मित्तल सिंह**





कार्यकर्ता को सम्मानित करते सांसद, जिलाध्यक्ष व मंच पर उपस्थित भाजपा नेता।

**छतरपुर, पलामू।** भाजपा के छतरपुर पाटन विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प व कार्यकर्ताओं के अभिनंदन समारोह छतरपुर के होटल विजयतारा में मंलवार को हुई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो डॉ यदुनाथ पांडेय और विशिष्ट अतिथि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी ने दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्र गान के साथ शुरुआत की। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने की। मुख्य अतिथि यदुनाथ पांडेय ने कहा कि बूथ स्तरीय कार्यकता उस नीव का पत्थर की तरह होता है, जो उसके सहारे ही भवन खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्र सरकार ने सरकार बनने के बाद प्रत्येक वादों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि राममंदिर, धारा 370 का हटाना देश का मिल का पत्थर है। उन्होंने कहा कि झारखंड का निर्माण भी भाजपा ने किया है और उसे भाजपा ही सवार सकता है। उन्होंने कहा कि झामुमो हमेशा झारखण्ड को लूटने का कार्य किया है।

# एनसीपी अपनी खोयी हुई राजनीतिक जमीन को बचाने के लिए जप रही गठबंधन का अलाप : ज्योतिश्वर सिंह

■ हुसैनाबाद को मिलेगा फूल या केला, बीच मझधार में फंसा है प्रत्याशियों का दल व दिल

■ भाजपा नेताओं का दावा- हर हाल में लड़ेगी फूल छाप

**गौतम पटेल**



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड में हर हाल भाजपा की सरकार बनेगी, राज्य की जनता हेमन्त सरकार को पूरी तरह से नकार दिया है, यह सरकार में अधिकारी बेलगाम हैं। चारो तरफ भ्रष्टाचार मचा है। उक्त बातें मंगरवार को किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिश्वर सिंह ने एक प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने हुसैनाबाद के वर्तमान विधायक कमलेश कुमार सिंह पर जोरदार हमला करते हुए कहा है कि कुछ लोग गठबंधन के नाम पर अपनी राजनीतिक दुकान चलाना चाहते हैं वैसे लोगो को अब हुसैनाबाद की जनता विदाई कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा आजसू गठन्धन पूर्व से है। हमलोग प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व से हर हाल में इस विधानसभा से भाजपा फुल छाप के सिम्बल पर चुनाव लड़ने का मांग कर रहे है। ताकि 1990 के बाद एक बार फिर हुसैनाबाद में कमल फूल छाप का झंडा लहरायेगा। उन्होंने नेताओ की भीड़ पर कहा कि मेरा परिवार बड़ा है पार्टी जिसको भी उमीदवार बनाये हम सब मिल कर भाजपा को हर हाल में जितायेंगे। उन्होंने आगे कहा की पार्टी में जो लोग केवल चुनाव के मकसद पाले बैठे हैं उन्हें भी ईमानदारी पूर्वक भजपा या फिर गठबंधन में पार्टी निर्णय के साथ खड़ा रहना चाहिए। उन्होंने यह इशारा किया पार्टी के निर्णय ही मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ हैं। विदित हो कि झारखंड विधानसभा चुनाव की आहट ने राजनीतिक सर गर्मी को तेज कर दिया, हुसैनाबाद विधानसभा बिहार राज्य से सटे होने के कारण यहां की राजनीतिक थोड़ा अलग होती हैं।

## छोटी ताजिया के साथ मुहर्रम की नौवीं का जुलूस निकला, युवाओं में मातम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** मुहर्रम की नौवीं तिथि मंगलवार को परंपरागत तरीके से छोटी चौकी का जुलूस निकाला गया। इसमें सतगावां, सियारभुका, बनजारी, अररूआ, मेन रोड, महाराजगंज सहित कई स्थानों के मुस्लिम धर्मावलंबी छोटी ताजिये के साथ शामिल हुए। जुलूस मेन रोड, मेन बाजार, अररूआखुर्द सहित अन्य स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान युवाओं ने मातम किया। साथ ही जगह-जगह गोल लगाकर लाठी, तलवारबाजी आदि शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। किसी भी अप्रिय स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ड्रोन कैमरा से जुलूस पर नजर रखे हुए थी।वहीं जुलूस को शांति पूवक संपन्न कराने के लिए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एस आई सतीश कुमार गुप्ता, विगेश कुमार राय एएसआई नंदलाल सहनी सहित कई पुलिस अधिकारी सशस्त्र बल के साथ सक्रिय रहे। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की तैनाती देखी गयी।

## सरकार सरकारी शिक्षा व्यवस्था को नजरअंदाज कर निजी शिक्षा को दे रही है बढ़ावा : धनंजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** देश आजादी के 76 वर्ष बाद भी भारत के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता नहीं बन पा रही है जिस कारण ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राएं शिक्षा से वंचित रहेंगे। वहीं केंद्र सरकार या राज्य सरकारें आम जनता को जागरूक करने के लिए कई योजनाएं चलाती हैं जो शिक्षा के अभाव में फेल साबित हो रही है। उक्त बातें जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष धनंजय कुमार ने परिसदन में प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन पूरे देश स्तर पर शिक्षा को लेकर एक व्यापक जन आंदोलन चला रही है। आंदोलन के परिणाम स्वरूप पलामू जिले के मनातू में इंटरमीडिएट कॉलेज की मंजूरी सरकार ने दी है। जो उस क्षेत्रवासियों के लिए एक वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार सरकारी शिक्षा व्यवस्था को नजरअंदाज कर निजी शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है। जिस कारण देश में निजी शिक्षा व्यवस्था का व्यवसाय फल फूल रहा है।

### मेराल पंचायत भवन में कृषक गोष्ठी आयोजित



**पाटन पलामू।** परियोजना निदेशक आत्मा पलामू में खरीफ वित्तिय वर्ष 2024-25 में पाटन प्रखंड के मेराल पंचायत भवन में कृषक गोष्ठी की गयी। जिसमें खरीफ फसल में अरहर, मक्का, धान एवं अन्य फसल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही कृषि विभाग एवं आत्मा द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गयी। मौके पर कृषि अनुसंधान केंद्र चियांकी के वैज्ञानिक अभिषेक पटेल ने किसानों के गुणवत्तापूर्ण व बेहतर फसल उत्पादन के टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि पलामू में वर्षा काफी कम होती है। यहां के किसान खरीफ फसल के अलावे कम पानी वाले फसल लगायें। मौके पर मेराल पंचायत के मुखिया, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम पंडवा और पाटन, किसान मित्र, किसान महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### बसपा जिलाध्यक्ष ने राजू मेहता को दी बधाई

■ राजू मेहता के बसपा में आने से संगठन को मिलेगी मजबूती : अजय भारती



**हुसैनाबाद पलामू।** बीते दिनों बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश कार्यालय रांची में हुसैनाबाद उत्तरी क्षेत्र से जिप सदस्य राजू मेहता ने बसपा में शामिल होने पर जिलाध्यक्ष अजय भारती ने श्री मेहता को पार्टी में स्वागत करते हुए बधाई दी है। श्री भारती ने कहा कि राजू एक सुलझे हुए राजनीतिक युवा नेता हैं उनका यह निर्णय स्वागत योग्य है। पार्टी हित संगठन के लोगों को और ऊर्जा मिलेगी तथा संगठन मजबूत होगा। विदित हो कि हुसैनाबाद उतरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू मेहता को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता व प्रदेश प्रभारी गया चरण दिनकर एवं उप प्रभारी बाबू लाल चिरंगैन्या ने विधिवत पार्टी सिंबल अंगवस्त्र देकर सदस्यता दिलायी।

## चौकीदार बहाली में अनुसूचित जाति को शामिल करना होगा : अनुराग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ चौकीदार बहाली में अनियमितता को लेकर भीम आर्मी ने किया उग्र प्रदर्शन



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन द्वारा जिले के बेरोजगार युवक युवतियों के लिए चौकीदार बहाली के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। जिसमें अनुसूचित जाति के लोगों के लिए एक भी पद सृजित नहीं किया गया है।

इससे क्षुब्ध होकर लोगों ने आंदोलन का रूख अपनाया है। सोमवार को भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने चौकीदार बहाली के विरोध में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष उग्र प्रदर्शन किया। साथ में सभा की। सभा समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा गया। सभा को संबोधित करते हुए अनुराग भारती ने कहा कि पलामू जिला में अनुसूचित जाति को नजर अंदाज करना जिला प्रशासन को महंगा पड़ेगा।

### सर्पदंश से महिला की मौत, मातम

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत अंतर्गत होलेया गांव में सोमवार की रात सर्पदंश से कुसुम देवी 25 वर्ष नामक महिला की मौत हो गयी। मंगलवार को पिपरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव के पास श्मशान घाट पर मृतका का दाह-संस्कार किया गया। मृतका का पति राहुल शर्मा मजदूरी करता है। राहुल ने बताया कि पत्नी बच्चे को दूध पिला रही थी। इसी समय सांप ने काट लिया। इलाज के लिए मेदिनीनगर ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गयी।

## स्कूल रूआर कार्यशाला में बच्चों को गुणात्मक शिक्षा देने पर बल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तरहसी /मनातू पलामू।** तरहसी प्रखंड के संसाधन केंद्र प्रांगण में प्रखंड स्तरीय रुआर 2024 पर आधारित कार्यशाला की गयी। जिसका उद्घाटन तरहसी बीडीओ वरुण कुमार, विधायक प्रतिनिधि रविंद्र पासवान, चिकित्सा प्रभारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि रुआर वैसे बच्चों की ओर इशारा करता है जो बच्चे विद्यालय से भटक गए हैं उन्हें विद्यालय में जोड़ते हुए ठहराव सुनिश्चित करना ही कार्यशाला का असली मकसद है। कार्यशाला का उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम हम सबों के लिए एक चुनौती से कम नहीं है। इसके लिए हम सबको संकल्पित होकर कार्य करने की जरूरत है।

### प्रखंड स्तरीय मनरेगा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण की जनसुनवाई आयोजित



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड स्तरीय मनरेगा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण की जनसुनवाई मंगलवार को प्रखंड सभागार कक्ष में हुई जिसमें ज्यूरी पैनल के तहत प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, जिप सदस्य सुधा कुमारी, लोकपाल मनरेगा शंकर कुमार, मनोज कुमार प्रीति गुप्ता ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर रोशन पाठक, सहायक अभियंता सुनील यादव, बीपीओ आरजू तमन्ना, कनीय अभियंता राजू रंजन कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि मनरेगा कर्मी भाग लिये। इसमें प्रखंड क्षेत्र के 47 मामला का निपटारा किया गया। बताया कि योजना के कार्य स्थल पर बोर्ड नहीं लगाने, प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं होने पर कार्रवाई होगी।

# शिक्षकों से सौतेला व्यवहार कर रही सरकार

## पाटन आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल पाटन आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के सदस्य।

**पाटन पलामू।** प्रखंड के सगुना उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पाटन आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पाटन आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष ऋषि कांत तिवारी उपस्थित थे। बैठक में 20 जुलाई से अनिश्चितकालीन मुख्य मंत्री आवास के घेराव करने को लेकर किया गया।

बैठक में पाटन प्रखंड के सभी आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक उपस्थित थे। बैठक में अनिश्चितकालीन धरना में सभी शिक्षकों को शामिल होने पर बल दिया गया। पाटन प्रखंड आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा केवल आश्वासन देकर शिक्षकों को छला गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा चुनाव में शिक्षकों को किये गये वादे पूरा नहीं किया गया अबकी बार सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ी जायेगी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ऋषि कांत तिवारी ने कहा कि सरकार के द्वारा आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है जिसका जबाब आने वाले विधानसभा चुनाव में अध्यापक देंगे। बैठक में परशुराम सिंह, रंजय सिंह, वीरेंद्र राम, रफी उला खान, परवेज आलम, आशीष रंजन, विवेक सिंह, जितेंद्र कुमार, प्रमोद ठाकुर, महेश राम, सुरेश राम, विमलेश कुमार सिंह, प्रकाश सिंह, अखिलेश सिंह, पुरुषोत्तम कुमार, संतोष सिंह समेत सैकड़ों अध्यापक उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर 2024 के तहत कार्यशाला आयोजित

# बैक टू स्कूल कैंपेन पर विशेष चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते बीडीओ व अन्य।

**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड प्रखंड के राजकीयकृत गांधी+2 उच्च विद्यालय उंटारी रोड के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय रुआर 2024 के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ बीडीओ आशा साहू, बीइइओ महेंद्र प्रजापति, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि अरूण कुमार, उपप्रमुख खोखन राम, मुखिया रामबच्चन राम प्राचार्य बृहस्पति नाथ चौबे, मुखिया प्रतिनिधि अजय रवि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापको ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीओ रोहित गुप्ता व संचालन शिक्षक राकेश सिंह ने की।

**खास बातें :** बीपीओ रोहित गुप्ता ने विषय प्रवेश कराते हुए बताया कि दिनांक 16 से 31 जुलाई तक होने वाले बैक टू स्कूल कैंपेन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही नामांकन के साथ बच्चों का ठहराव एवं बेहतर शिक्षा पर बल दिया। बीडीओ आशा साहू ने कहा कि वैसे बच्चे जो 5 वर्ष से अधिक हो चुका है किसी कारण उनका नामांकन विद्यालय में नहीं हो सका है। वैसे बच्चे को चिह्नित कर विद्यालय में नामांकन करें। बीइइओ महेंद्र प्रजापति ने कार्यशाला से सभी प्रधानाध्यापक को यह निर्देश दिया कि इस मुहिम में स्थानीय जनप्रतिनिधि व विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालय में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन करे ताकि बच्चों का ठहराव हो सके। कार्यशाला में बीआरपी नीरज कुमार चौबे, सीआरपी प्रमोद सिंह, शिक्षक वरुण कुमार, योगेंद्र चौधरी, संजय कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, प्रभाकर, राजमोहन रजक, मदन गोपाल राम, प्रमोद चौधरी, सरिता कुमारी, कंप्यूटर सहायक मनोहर कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# बेरमो : सड़क दुर्घटना में दो की मौत, छह घायल

**बोकारो-रामगढ़ एनएच पर पेटरवार के पास हुई दुर्घटना**




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /तेनुघाट।** बेरमो अनुमंडल स्थित बोकारो रामगढ़ एन एच 23 पर पेटरवार मुख्य मार्ग बैंक ऑफ इंडिया के समीप दर्दनाक सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन और मारुती वैन में टक्कर हो गई जिसमें मारुती वैन में सवार छह लोग दुर्घटना ग्रस्त हो गए वहीं घटना में छः लोग घायल में तीन की स्थिति नाजुक तथा दो की घटना स्थल पर मौत और एक की स्थिति समान्य है। वहीं मारुती वैन खल2433864 गोला से आनन्द संग डिंकी की बाराती जारंडीह गया था। वहीं सुबह बारात वापस आने के क्रम में पेटरवार एन एच 23 बैंक ऑफ इंडिया के समीप ये दुर्घटना ग्रस्त हो गया। वहीं डॉ हेमलता के द्वारा ईलाज के दौरान बताया गया की दो लोग की मौत हो चुकी है, तीन की स्थिति नाजुक है और एक की स्थिति समान्य है। वहीं तीन में एक को बेहतर ईलाज के लिए बोकारो बी जी एच और दो को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है। वहीं मामला पेटरवार थाना क्षेत्र की है। वही रूपेश नायक, पीयूष स्वर्णकार, उदय कुमार, सन्नी नायक गोला थाना क्षेत्र के नायक टोला निवासी बताये जा रहे हैं।

## वन महोत्सव पर एएन कॉलेज में पौधरोपण

**दुमका।** वन महोत्सव के अवसर पर आदित्य नारायण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह ने पीपल का पौधा रोपण किये। एनएसएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वालों में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार झा, डॉ चंपक लता कुमारी, डॉ संजय पाठक, प्रो राजीव रंजन सिंह एवं डॉ अन्हद लाल ने संयुक्त रूप से वन महोत्सव कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में डॉ नवीन कुमार सिंह, डॉ जवाहर प्रसाद सिंह, डॉ एजाज अहमद, डॉ बीरेन्द्र चंद्र गोंराई, प्रो कुमार मनोज, डॉ रामजीवन झा, डॉ अमरकांत पोद्दार, प्रो सुशील कुमार चौधरी, कर्मी संगीता कुमारी, बिन्दू कुमारी, मुंशी हांसदा, मनोज सोरेन, निम्बु तुरी, गौरव कुमार, बाबुलाल मुर्मू, छात्राओं में सेमेस्टर–5 के मीनू कुमारी एवं निकिता कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सिंह ने बताया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन महोत्सव के अंतर्गत आज यह दूसरा दिन कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## एसो. ऑफ लॉयर्स ने अधिवक्ता पर हमलावरों की पैरवी पर लगाई बंदिश



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो सिविल कोर्ट के आदेश से चास अंचल के बांधगोड़ा में भू मापी करवा रहे प्लेडर कमिश्नर अधिवक्ता भू देव सिंह चौधरी और अधिवक्ता रंजीत कुमार मिश्रा पर भू माफियाओं द्वारा किए गए जानलेवा हमले की इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने घोर निंदा की है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि ये अधिवक्ता पर नहीं न्यायलय पर हमला है। इसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है। अधिवक्ता बासुदेव गोस्वामी ने अधिवक्ता के हमला के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। घायल अधिवक्ता रंजीत कुमार मिश्रा द्वारा पिंड्राजोरा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है जिस पर हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा हमला के विरोध में निकाले गए मार्च में अधिवक्ता अतुल कुमार जवाहर प्रसाद नीतीश नंदी श्याम मिश्रा अरविंद मिश्रा अजीत ठाकुर प्रतिमा कुमारी हरि शंकर रविन्द्र कुमार विनोद कुमार धुर्वेश्वर मंडल शिव नाथ महतो संदीप दास गुरु दामोदर कुमार वंशिका सहाय राज श्री अंजनी चौधरी जितेंद्र महतो अंकित ओझा दीप्ति सिंह आकाश कुमार रीना कुमारी सुमन वर्मा रामावती कुमारी मो हसनैन आलम संजीत कुमार सिंह समेत सैकड़ो अधिवक्ता शामिल थे। एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने निर्णय लिया है कि कोई भी अधिवक्ता न्यायालय में अधिवक्ता के हमलावरों का पैरवी नहीं करेगा।

### स्पीड न्यूज

## योगेंद्र महतो ने सदस्यों संग की समीक्षा बैठक



**बेरमो/ललपनिया।** मंगलवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया क्षेत्र पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो राजधानी रांची स्थित आयोग के अपने दफ्तर पहुंचे। यहां दफ्तर में अध्यक्ष महोदय जी ने आयोग के सदस्यों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। जिसमें पिछले निर्णयों के आलोक में कार्य प्रगति पर चर्चा किया गया। आयोग से संबंधित मामलों के तीव्र निस्तारण को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय ने आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किया। बैठक में आयोग के सदस्य केशव महतो कमलेश, नंदकिशोर मेहता एवं लक्ष्मण यादव मौजूद थे। इस दौरान कई फरियादियों ने भी आयोग के माननीय अध्यक्ष जी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया एवं निस्तारण की फरियाद की।

## आउट सोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटरों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम



**साहिबगंज।** झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के आह्वाहन पर मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित जिला में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर ने अपनी मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर कार्य किया और अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर डाटा इंट्री ऑपरेटर को समान कार्य का सामान वेतन मिल। 60 वर्ष तक की आयु तक सेवा सुरक्षित रखा जाए। सभी विभागों में वर्तमान में कार्यरत बल के अनुसार कंप्यूटर ऑपरेटर का पद सृजित करते हुए कार्यरत कर्मियों को स्वीकृत पद के विरुद्ध समायोजित किया जाए। एकमुस्त राशि एजेंसी के माध्यम से भुगतान न करके कार्यालय या विभाग से भुगतान किया जाए। मौके पर सत्यम सिंह, अकरम, आकाश पाठक, शहनाज फातमा, राजेश कुमार, तमजीत अकरम, शशि कुमार, किशुन टुडु, शंकर बेधिया, जिच्छू मंडल, सैफुद्दीन अंसारी, सुदर्शन कुमार, मतियुर रहमान, आसिफ अंसारी, सोहेब अंसारी, चंदन कुमार गुप्ता सहित अन्य थे।

## भाजपा नेता ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का किया स्वागत



**बेरमो।** भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से बोकारो स्थित चीरा चास में उनके आगमन पर मुलाकात की। वहा उन्हें केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को अंग वस्त्र व गुलदस्ता देकर उनका जोरदार स्वागत किया।

## कन्हवारा पुल के नीचे से अज्ञात शव बरामद

**गोड्डा।** गोड्डा हटिया चौक से क्लाली गली होते हुए कन्हवारा पुल के नीचे से एक अज्ञात 20–22वर्षीय युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी। प्रथम दृष्टिया ये हत्या किये जाने का शक होता है लेकिन अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्द बाजी होंगी। घटना की सुचना नगर थाना गोड्डा को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## मुहर्रम को लेकर साहिबगंज पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**उधवा/ साहिबगंज।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को राजमहल एसडीओ कपिल कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च उधवा से लेकर बेगमगंज तक निकाला गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह आमजनों से मिलकर शांतिपूर्ण माहौल में भाईचारा के साथ मुहर्रम का त्योहार मनाने की अपील की।राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी ने कहां मुहर्रम पर शांति व्यवस्था बनाए रखें। हुड़दंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएगी। 24 घंटे पुलिस प्रशासन आपकी सेवा के लिए तत्पर और तैयार है। वही राजमहल एसडीओ कपिल कुमार ने कहां कि हर हाल में मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर असामाजिक तत्वों की पहचान कर कारवाई की जा रही है।

## झारखंड शूटिंग प्रतियोगिता में डीपीएस बोकारो के आयुष्मान को प्रथम स्थान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में 10वीं कक्षा के आदि आयुष्मान ने एक बार फिर निशानेबाजी में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। राज्यस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में लगातार दूसरे वर्ष आदि ने पूरे झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और शहर को गौरवान्वित किया है। देवघर स्थित के सुरेन्द्र सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 14वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2024 की सीनियर और जूनियर दोनों ही कैटगरी में उसने रैंक 1 हासिल की। ए71 ओपन साइट 50 मीटर राइफल प्रोन मेन के साथ साथ ए 72 ओपन साइट 50 मीटर राइफल प्रोन जूनियर मेन में आदि ने शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों ही स्पधाओं में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उसने एक एक गोल्ड मेडल जीता। आदि को प्रत्येक स्पर्धा में 495 अंक मिले। प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों व राइफल क्लबों से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इसके साथ ही आदि आयुष्मान ने अब अगले एक-डेढ़ महीने में होने वाली ईस्ट जोनल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उसकी इस उपलब्धि पर डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उसे मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा अपनी शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि आदि आयुष्मान ने विगत वर्ष भी राज्य स्तर की उक्त प्रतियोगिता में अपने कौशल का जौहर दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर दो गोल्ड मेडल जीते थे।

## ट्रक-बाइक की टक्कर में दो की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के रानेश्वर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर - बारमसिया मुख्य पथ के रघुनाथपुर दुर्गा मंदिर के समीप मंगलवार को एक ट्रक एवं बाइक की आमने सामने टक्कर में दो युवक का दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक एक बाइक में दो युवक सवार होकर आसनबनी की ओर जा रही थे। तभी विपरीत दिशा से ट्रक नम्बर डब्लूबी 65 डी 0987 आ रही थी। बूंदा बूंदी बारिश होने के कारण पथ पर फिसलन बना हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया एवं ट्रक में टक्कर मरते हुए ट्रक के अगले चक्का में घुस गया। जिसे ट्रक ने दोनो युवक को रौंदते हुए निकल गया। हादसे में दोनों युवक का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। शरीर का कई भाग कट कर कर शरीर से अलग हो गया। दोनो युवाओ ने मौके पर ही तड़प तड़प कर जान दे दी। सूचना पर रानेश्वर थाना के थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह पुलिस बल के साथ दुर्घटनास्थल पहुंचे। साथ ही रानेश्वर बीडीओ शिवाजी भगत एवं सीओ मो कयूम अंसारी घटनास्थल पहुंचकर घटना का जायजा लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने स्थानीय ग्रामीण ने प्रशासन से दुर्घटनास्थल के समीप स्पीड ब्रेकर बनाने के मांग पर कुछ देर तक शव को उठाने से प्रशासन को रोका। थाना प्रभारी द्वारा स्पीड ब्रेकर बनाने का अश्वासन पर कुछ देर बाद शव को बेलचा के सहारे उठाया गया। खुद थाना प्रभारी ने शव को उठाने में काफी सहयोग किया। शव को उठाने में भाजपा कार्यकर्ता बाबू पात्रा का भी अहम भूमिका रहा। समाचार लिखे जाने तक थाना प्रभारी ने बताया कि एक मृतक युवक का पहचान शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के शिकारीपाड़ा निवासी सागर दत्ता (19) के रूप में हुई है। दूसरे मृतक का पहचान नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर का रहने वाला राहुल कुमार (18) बताया जा रहा है। दोनों युवक वीडीओग्राफी का काम करता था। दोनों पश्चिम बंगाल के सिउड़ी जा रहा था। वहीं ट्रक आसनबनी के राईस मिल से चावल लोड कर पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान जा रहा था। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक सागर के पिता के लिखित बयान पर वाहन के मालिक एवं चालक पर प्राथमिक दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## भागलपुर-रांची वनांचल एक्सप्रेस में 20 जुलाई से लगेगी एलएचबी कोच

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहेबगंज।** यात्रियों को आरामदायक और सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने रेलवे लगातार बेहतर प्रयास करता आ रहा है। इसी कड़ी में यात्रियों की मांग राजमहल विधायक अनन्त कुमार ओझा ने 9 जुलाई नई दिल्ली रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर भागलपुर-रांची वनांचल एक्सप्रेस- 13404/ 13403 में एलएचबी कोच लगाने के लिए गुहार लगाया था,उन्होंने ने वर्षो से चलती आ रही भागलपुर-वनांचल एक्सप्रेस जो कि रांची से सुदूरवर्ती क्षेत्र साहेबगंज जाने के लिए एक मात्र ट्रेन। ट्रेन की कोच का हालात बहुत जर्जर स्थित में हैं जिस कारण यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं एलएचबी कोच लगने से यात्रा करने वाले यात्रियों को ट्रेनों के दोनों साइड सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। उहोंने ने यात्रियों के हित में शीघ्र वनांचल एक्सप्रेस में एलएचबी कोच लगाने की मांग किया था। रेल मंत्री ने राजमहल विधायक के मांग पर संज्ञान लेते हुए रेलवे के अधिकारी को निर्देशित किया कि जल्द रांची-भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस में एलएचबी कोच लगाई जाए। रविवार को रेलवे द्वारा पत्र जारी किया गया। जिसमें निर्देशित किया गया कि शीघ्र 19 कोच की दो रेक की व्यवस्था वनांचल एक्सप्रेस 13404/13403 के लिए 20 जुलाई तक कर दिया जाए। रेक का उपयोग 13404/13403 वनांचल एक्सप्रेस के एलएचबी रूपांतरण के लिए 20/07/2024 से अस्थायी रूप से किया जाएगा। इसको संज्ञान में ले और तदनुसार कार्य करें।

राजमहल विधायक अनन्त कुमार ओझा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि वनांचल एक्सप्रेस में अब जर्जर बोगी से 20 जुलाई से मुक्ति मिल जाएगी। उन्होंने ने रेल मंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि विगत 9 जुलाई को रेल भवन ,दिल्ली में रेल मंत्री मिलकर लगाई एलबीएच कोच लगाने के लिए गुहार लगाया था।

## एक नजर में

## भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा यात्रा में बीएसएल के ईडी ने किया छेरा पन्हारा



**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगरी में भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा–यात्रा के दौरान विधिवत पूजा अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाया गया और रथ पर आसीन किया गया। रथ की सफाई का कार्य छेरा पन्हारा बीएसएल के ईडी मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद ने किया। मौके पर बोकारो महिला समिति की सदस्याएं एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा श्रद्धालु उपस्थित थे। नगर वासियों के सम्मिलित प्रयास से रथ यात्रा जनवृत 1 स्थित राम मंदिर परिसर से आरम्भ हुई। पूरे रास्ते नगरवासी तथा श्रद्धालु अपना योगदान देकर पुण्य अर्जन करते रहे। रथ यात्रा राम मंदिर से पत्थरकट्टा चौक गांधी चौक सिटी सेंटर तथा बोकारो जनरल अस्पताल होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची। मार्ग में स्वयंसेवी संस्था महिला समिति बोकारो के सदस्यों ने पानी और शरबत का वितरण किया जिसमें नगर के अन्य संस्थानों ने भी योगदान किया। इस दौरान आसपास का पूरा इलाका हरि बोल के जयघोष से गूंज उठा।

## बीएसएल में गैस सुरक्षा प्रशिक्षण पर आयोजित कार्यशाला संपन्न



**बोकारो।** बीएसएल के सिविल अभियंत्रण विभाग के सभागार में आयोजित गैस सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक सीईडी शालिग्राम सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सिविल अभियंत्रण एवं एसआईजी विभाग के कुल 35 अधिकारी एवं कर्मचारीगण शामिल थे। सीजीएम श्री सिंह ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को काम के दौरान पूरी तरह सतर्कता और गैस सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। विभागीय सुरक्षा अधिकारी बीवी चंद्रा ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित तरीके से काम करने का तथा गैस सुरक्षा प्रशिक्षण की महत्ता के बारे में बताया। ऊर्जा प्रबंधन विभाग के उप प्रबंधक आशीष बघेल ने गैस सुरक्षा पर अपने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर सीईडी के महाप्रबंधक आरके पात्रो सहायक महाप्रबंधक ज्योति एम काशिफ पी मिंज जे इमाम वरीय प्रबंधक एके धीरज के साथ सीईडी एवं एसआईजीएस विभाग के कार्मिक उपस्थित थे।

## बीजीएच व एचपीसीएल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**बोकारो।** हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर बीजीएच के ब्लड बैंक एवं एचपीसीएल बालीडीह बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में बालीडीह स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के प्रांगण में आयोजित रक्तदान शिविर में एचपीसीएल के कर्मचारियों ने 20 यूनिट रक्त का रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना तथा रक्त के कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना था। बताया गया कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है तथा 18 साल से 60 साल का कोई भी स्वस्थ पुरुष स्वेच्छा से एक वर्ष में चार बार तथा एक स्वस्थ महिला एक वर्ष में तीन बार रक्तदान कर सकती है। बोकारो जनरल अस्पताल के ब्लड बैंक के डा सुरेन्द्र कुमार झारखण्ड सरकार की काउंसलर कविता कुमार तथा बीजीएच के ब्लड बैंक से रजीता एक्का रेशमा मनीष पैट्रिक महेन्द्र प्रसाद सौरव विभूतिका कौशल आदि मौजूद रहे।

# कैमरून में फंसे झारखंड के 27 मजदूर, वापसी की लगाई गुहार

**सरकार से गुहार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** उपरघाट - झारखंड के बोकारो, हजारीबाग और गिरिडीह जिले के मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला लगातार जारी है। झारखंड के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर सामने आया है। इस बार झारखंड के 27 प्रवासी मजदूर साउथ अफ्रीका के कैमरून में फंसे हुए हैं। पिछले चार माह से मजदूरों को कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपनी दुर्दशा बताई है और सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है साथ ही उन्होंने बकाया वेतन के भुगतान की मांग भी की है।

प्रवासी मजदूर के लिए काम करने वाले ने मदद की अपील की- प्रवासी श्रमिकों के मुद्दे पर काम करनेवाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर अली केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों की सकुशल वतन वापसी के लिए ठोस कूटनीतिक पहल करने की मांग करते हुए कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है।इसके पहले भी कई बार प्रवासी मजदूर अधिक पैसे कमाने की लालच में विदेश जाकर फंस चुके हैं। काफी मशक्कत के बाद इनकी वतन वापसी कराई गई। इसके बावजूद प्रवासी मजदूर पुरानी घटनाओं से सबक नहीं ले रहे हैं।सरकार को मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था की जरूरत है।



**कैमरून में फंसे हैं ये मजदूर**

गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिचकी के सुकर महतो डुमरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अतकी के रमेश महतो, विजय कुमार महतो, दूधपनिया के दौलत कुमार महतो, हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अचलजामु के बिसुन , जोबार के टेकलाल महतो खरना के छात्रधारी महतो भीखन महतो चानो के चिंतामण महतो और बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कडरूखुटा के मोहन महतो, डेगलाल महतो,गोविंद महतो,चुरामन महतो,जगदीश महतो, मुरारी महतो, लखीराम, पुसन महतो, गोनियाटो के कमलेश कुमार महतो, महेश कुमार महतो, दामोदर महतो, मुकुंद कुमार नायक, नारायणपुर परमेश्वर महतो, घवाइया अनु महतो,धनेश्वर महतो, रालीबेडा सितल महतो, कुलदीप हंसदा शामिल हैं।

# गलत दिशा

आबादी पर अंकुश के मुद्दे को भारत में हमेशा से दूसरा एंगल दिया जाता रहा है। एक राजनैतिक-सामाजिक नैरेटिव यह गढ़ा गया है कि एक वर्ग विशेष की बढ़ती आबादी के कारण लोगों तक विकास का लाभ नहीं पहुंच रहा है। विगत दिनों जो तथ्य सामने आया उसमें यह साफ है कि शैक्षणिक आर्थिक विकास से ही जनसंख्या नियंत्रित होता है। भारत उन पहले पायदान के देशों में है जहां परिवार नियोजन लागू किया गया। बहुसंख्यकों को रिझाने के साथ यह कानून एक तरह से कल्याणकारी योजनाएं बन्द करने का भी तरीका है जिसकी जद में सभी वर्गों व सम्प्रदायों के गरीब व वंचित लोग आयेंगे। सामाजिक पूर्वाग्रह, राजनैतिक उपयोग और भ्रांतिपूर्ण आर्थिक अवधारणाएं इस कानून के आधार हैं। सच्चाई यह है कि सभी वर्गों-सम्प्रदायों के कुछ परिवारों में बच्चों की संख्या ज्यादा है पर जो समझदार हैं उन्होंने अपने परिवारों को सीमित रखा है। बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं, सुपोषित खानपान आदि से ही इस मुद्दे को लेकर जागरूकता आयेगी। आपातकाल में लोगों पर हुए अत्याचारों के कारण परिवार नियोजन का मुद्दा ही बदनाम हो गया। कोई भी राजनैतिक दल इस पर खुलकर बात नहीं करना चाहता। इस विषय को राजनीति से दूर ले जाना होगा। क्षुद्र राजनैतिक उद्देश्यों से यह कानून वांछित परिणाम नहीं दे सकेगा। अगर इसके व्यापक राजनैतिक लाभ मिलें तो भारत सरकार एक राष्ट्रव्यापी कानून लाकर इसे देश भर में लागू कर दे। सच तो यह है कि जनसंख्या को नियंत्रित करने के व्यावहारिक उपाय अपनाते हुए संसाधन भी बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। बिहार में यह प्रयोग करके दिखाया भी है। चीन में एक बच्चे कठोर नीति की विफलता से भी सीख लेते हुए भारत को सोच समझ कर नीति बनानी चाहिए। यूपी की तरह इस मसले पर देश को गलत दिशा नहीं दिया जाना चाहिए।

# घाटे की चिंता

केन्द्र सरकार राजस्व में आए उछाल के दम पर अगले हफ्ते पेश होने वाले बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9-5.0 प्रतिशत कर सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह संभावना जताई।

सरकार ने इस साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश करते समय वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, केंद्र सरकार 11.1 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य से कोई समझौता किए बगैर राजकोषीय घाटा अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.9-5 प्रतिशत निर्धारित कर सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करने वाली हैं। यह उनका लगातार सातवां बजट होगा। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी का 5.6 प्रतिशत राजकोषीय घाटा लक्ष्य हासिल किया था। 11.8 लाख करोड़ रुपये के अंतरिम बजट अनुमान की तुलना में चालू वित्त वर्ष के लिए शुद्ध बाजार उधारी में 35,000-55,000 करोड़ रुपये की कमी आने की भी बहुत संभावना है। 1.2 लाख करोड़ रुपये की वृद्धिशील राजस्व प्राप्तियों को राजस्व व्यय बढ़ाने और राजकोषीय मजबूती के लिए विभाजित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार कुछ आयकर छूट देकर खपत को बढ़ावा देने के लिए भी इसका उपयोग कर सकती है। अगले तीन-चार वर्षों में राजकोषीय घाटे के व्यापक आकार में कमी लाना काफी मुश्किल होगा, क्योंकि राजकोषीय घाटा-जीडीपी अनुपात में गिरावट काफी हद तक मौजूदा कीमतों में जीडीपी वृद्धि पर निर्भर करेगी। बजट का इंतजार पूरे देश को है और इस बजट में मोदी के 100 दिन एजेंडा का भी अंदाज लगेगा।


# भारतीय संस्कृति और मर्यादा का अंतस



प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना है। भारत के प्राचीनकाल में भी प्राकृतिक पर्यावरण की उपस्थिति मनमोहक थी। प्रकृति को देखते, उसके विषय में सोचते और सुनते मनुष्य ने भी सृजन कर्म में जाने अनजाने भागीदारी की। आज का भारत हमारे पूर्वजों, अग्रजों के सचेत कर्मों का परिणाम है। मनुष्य द्वारा किए गए सुंदर सत्कर्म संस्कृति हैं। प्रकृति स्वाभाविक है। लेकिन संस्कृति मनुष्य की रचना है।

भारतीय संस्कृति के विकास में विज्ञान और दर्शन की महत्ता है। कोई अंधविश्वास नहीं। रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श प्रत्यक्ष इंद्रिय बोध के हिस्से हैं। पूर्वजों की 'मंगल भवन अमंगल हारी" कर्मठ चेतना से संस्कृति का विकास हुआ। सारांशतः भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मयार्दा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है, "अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।"

ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अन्यत्र नहीं मिलता। यहां आस्था और वैज्ञानिक विवेक साथ-साथ चलते हैं। हिन्दू धर्म में एक साथ तर्क और प्रतिप्रश्न दिखाई पड़ते हैं। यहां धर्म का विकास हुआ है। यह इतिहास बड़ा मजेदार है। पहले प्रकृति का अध्ययन, विवेचन और विश्लेषण। फिर प्रकृति की शक्तियों का आदर। इन्हें देवता कहा गया। प्रकृति में नियमबद्धता देखी गई। वैदिक ऋषियों ने इस नियमबद्धता को मनुष्य के जीवन के लिए मार्गदर्शी व प्रेरक बताया। भारत में इसी सबसे विश्वप्रिय दृष्टिकोण का विकास हुआ। कौटिल्य ने दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा। इसी तरह अभिनय कला के सभी सरोकारों को समझते हुए भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र लिखा। चरक ने चरक संहिता और पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतंजलि का योगसूत्र हिन्दुओं की ओर से सारी दुनिया के लिए पुरस्कार है।



- एच दीक्षित

> ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, "जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई।

ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, "जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई। नए विचारों और नए भावों का हम पर हमला हुआ और भारतीय बुद्धिजीवी अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचने का अभ्यास करने लगे।"

अंग्रेज बुद्धिजीवियों के हित साम्राज्यवादी थे। उनके लक्ष्य ईसाईयत के प्रचार से जुड़े थे। सभ्यता इकहरी नहीं होती। प्रत्येक सभ्यता का एक दर्शन होता है। एक उद्देश्य होता है। स्वयं को प्रकट करने की अपनी शैली होती है। यह सारी बातें हिन्दू धर्म और परंपरा में पहले से मजबूत रही हैं। लेकिन नेहरू और उनसे प्रभावित बुद्धिजीवी यूरोप से वैचारिक आयात कर रहे थे। इसलिए इतिहास के अनेक प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। हिन्दू इतिहास संकलन की शैली यूरोपीय इतिहास संकलन से भिन्न है। भारतीय बुद्धिजीवियों ने महाकाव्यों, पुराणों और वैदिक साहित्य के रूप में भारत की सभ्यता और संस्कृति की नीव मजबूत की थी। लेकिन प्राचीन भारत में यूरोपीय ढंग से इतिहास का संकलन नहीं हुआ।

अंग्रेजों ने अपनी सत्ता चलाने के लिए भारत के सम्यक अध्ययन को जरूरी पाया। ब्रिटिश विद्वानों ने इतिहास की यूरोपीय शैली को अपनाते हुए भारतीय इतिहास का विवेचन किया। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय" (पृष्ठ 6) में लिखा है, "ब्रिटेन वालों ने जब यहां शासन कायम किया तब उन्हें औपनिवेशिक प्रशासन के हित में इसकी आवश्यकता प्रतीत हुई। जब 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आए, तब शासकों को हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था करने में कठिनाई का अनुभव हुआ। अतः 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से कराया गया।" यह सब बातें मार्क्सवादी विद्वान की हैं। 1784 में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना विलियम जोन्स ने की। उन्होंने 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। इसी समय वर्ष 1785 में विलकंस ने भगवदगीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया। ब्रिटिश सत्ताधीश भारत को ठीक से समझने में लगे थे। वस्तुतः भारत की सभी संस्थाओं को अंग्रेजीराज की मजबूती के लिए इस्तेमाल करने का काम उस समय के आधुनिक विद्वानों के द्वारा किया जा रहा था।

रामशरण शर्मा ने लिखा है, "उन्हें महसूस हो गया कि जिन विदेशी लोगों पर उन्हें शासन करना है, उनके रीति-रिवाज और सामाजिक व्यवस्था का गहन ज्ञान प्राप्त करना होगा। क्रिश्चियन मिशनों के धर्म प्रचारकों ने भी हिन्दू धर्म की दुर्बलताओं को जानना आवश्यक समझा ताकि वे धर्म परिवर्तन करा सके और इसके द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मजबूत बना सकें। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मैक्समूलर के संपादकतत्व में विशाल मात्रा में प्राचीन धर्म ग्रंथों का अनुवाद किया गया। ये अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' सीरीज में 50 खंडों में प्रकाशित हुआ। भारतीय इतिहास और समाज के अध्ययन का इनका उद्देश्य ब्रिटिश सत्ता का समर्थन था। पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय इतिहास और समाज की संरचना के सम्बंध में कई भ्रामक नतीजे निकाले थे।

## खास बात

### चीनी की मिठास

**बढ़ती** उत्पादन लागत से परेशान चीनी मिलों को राहत देने के लिए सरकार चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना संघ ने सरकार से चीनी का न्यूनतम विक्रय मूल्य बढ़ाकर 42 रुपये प्रति किलोग्राम करने की मांग कर रहा है। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड के निदेशक जयप्रकाश दांडेगावकर ने कहा कि केंद्र सरकार के त्वरित निर्णय नहीं लेने से चीनी उद्योग में कार्यशील पूंजी में कम मुनाफा, कर्ज जैसी समस्याएं फिर से उत्पन्न हो सकती हैं। सरकार ने गन्ने का त्र्र्रुद्ध (उचित एवं लाभकारी मूल्य) तीन बार बढ़ाया है, लेकिन चीनी के टरढ में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। सभी राज्य महासंघ पांच साल से इसकी मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने सकारात्मक रूप से इस पर विचार नहीं किया।

ऐसी नीतियां चीनी उद्योग के लिए समस्या उत्पन्न कर रही हैं। हम सिर्फ चीनी उत्पादन की लागत की मांग कर रहे हैं। हम उत्पादन लागत के रूप में कम से कम 41 रुपये प्रति किलोग्राम चाहते हैं। गन्ने की लागत बढ़ गई है, परिवहन लागत बढ़ गई है और मजदूरी शुल्क भी बढ़ा दिया गया है, लेकिन चीनी की कीमत वही है। सहकारी चीनी मिलों को लेकर अगले दस साल का रोड मैप तैयार किया गया है और चीनी उद्योग में आमूल-चूल परिवर्तन किये जायेंगे। चीनी की कीमत इसकी तुलना में नहीं बढ़ रही है। इसके कारण चीनी मिलों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए अगर चीनी उद्योग को बचाना है तो चीनी की न्यूनतम कीमत 4200 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में की गई है।

गौरतलब है कि साल 2019 में चीनी का एमएसपी बढ़ाकर 31 रुपये प्रति किलो किया गया था। उस समय गन्ने का एफआरपी 275 रुपये प्रति क्विंटल था । धीरे धीरे गन्ने का एफआरपी बढ़ाकर 340 रुपये क्विंटल हो गया जबकि चीनी की टरढ 31 रुपये प्रति किलो ही है। गन्ने के उचित मूल्य की घोषणा फरवरी में की गई थी, लेकिन यह एक अक्टूबर से शुरू होने वाले अगले चीनी सत्र से ही प्रभावी होगा।

देशभर में 13.95 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र कार्यरत हैं, जिसमें 6 साल से कम उम्र के 8 करोड़ बच्चों को पूरक पोषण एवं शिक्षा मिल रही है।केन्द्र सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को और ज्यादा सशक्त बनाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास व सम्पूर्ण पोषण सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है और इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। **– अन्नपूर्णा देवी**

## आपके ट्वीट

विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक, बिहार के पूर्व मंत्री और क्ठउक्रअ के हमारे साथी श्री मुकेश सहनी जी के पिता श्री जीतन सहनी जी की निर्मम हत्या का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**





केपी शर्मा ओली को नेपाल के प्रधानमंत्री नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामना। भारत-नेपाल संबंध एक बड़ी आत्मीय संबंधों की ओर जायेगा। **– नरेन्द्र मोदी**

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

**अनुराग वत्स**

**नचिकेता** वहां तीन दिन तक बगैर खाए-पिए उनका इंतजार करता रहा। यम आए। जब जाना कि अतिथि एक बालक है और तीन दिन से उनकी राह देख रहा था, तो प्रसन्न होकर कहा, ह्यहमसे तीन वरदान मांग लो। कम उम्र के नचिकेता ने परिपक्व समझ दिखाते हुए यम से पहले वर के रूप में यह मांगा कि वह जब यहां से लौटे, तो उसके पिता उसे देख खुश हो जाएं।

यानी उसने जीवन मांग लिया। फिर उसने जिज्ञासा प्रकट की कि मुझे उस आग के बारे में बताएं, जिससे गुजरकर इंसान स्वर्ग पहुंचता है। तीसरे मुझे उस अमरता के बारे में बताएं, जिसकी चाह हर इंसान को मृत्यु के बाद रहती है। नचिकेता के सवालों से यमराज असमंजस में पड़ गए। जीवन का वर तो दे दिया लेकिन बाकी बातें उन्हें झमेले वाली लगीं। उन्होंने बालक का मन बदलने के लिए कहा कि ऐसी जिज्ञासाओं की बजाय तुम धन-दौलत, ऐशो-आराम की तमाम चीजें मांग लो। मजे से रहो।

भला यह कैसी अटपटी जिज्ञासा लेकर बैठ गए। लेकिन नचिकेता टस-से-मस नहीं हुआ। तब यम ने उसकी सारी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

सवाल है कि यम यानी मृत्यु के सामने नचिकेता जीवन और उसकी तमाम सुख-सुविधाएं न मांगकर अपनी जिज्ञासा पर क्यों अटल रहा? इसका जवाब नचिकेता पर यादगार कविता-पुस्तक आत्मजयी लिखनेवाले कुंवर नारायण यूं देते हैं, नचिकेता का हठ एक दृढ़ जिज्ञासु का हठ है।

## कॉर्टून वर्ल्ड

ईरान की हालत...



साभार बीबीसी न्यूज

## लेटर टू एडीटर

### तर्कशील बनें

**समाज** में के अनुसार अधिकतर पढ़े-लिखे तथा अनपढ़ लोग अंधविश्वास का शिकार होकर तथाकथित बाबाओं के जाल में फंस जाते हैं। देश में स्वयं को भगवान कहने वाले तथा चमत्कारी बाबाओं की एक फौज है जो कि लोगों को बेवकूफ बनाकर करोड़ों की संपत्ति बना रहे हैं। लोगों को भी चाहिए कि वह अंधविश्वास से बचें और तर्कशील बनें।

**– श्यामलाल रांची**

### बरसात में सुरक्षा

**बरसात** के मौसम में अक्सर हानिकारक जीवाणु बढ़ जाने से संक्रामक रोग होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इस दौरान हमें अपनी सेहत का खास ध्यान रखना चाहिए। इससे बचने के लिए नियमित व्यायाम करना लाभदायक रहता है। पसीने में शरीर के टॉक्सिन बाहर निकल जाते हैं, साथ ही हमें खानपान पर भी नियंत्रण रखना चाहिए।

**–शिवम उपाध्याय, गढ़वा**

# संविधान हत्या दिवस की आवश्यकता क्यों?

## सामयिक

मृत्युंजय दीक्षित

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने एक झूठा नैरेटिव व्यापक स्तर पर चलाया था कि अगर केंद्र में नरेन्द्र मोदी इस बार 400 सीटों के साथ सरकार बनाने में सफल हो जाते हैं तो संविधान बदल दिया जाएगा तथा भविष्य में फिर कोई चुनाव नहीं होगा। इस झूठ ने चुनाव को प्रभावित किया और भाजपा अकेले पूर्ण बहुमत नहीं ला पाई। चुनाव के बाद संसद के प्रथम सत्र में इंडी गठबंधन के नेता संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते दिखाई दिए। संविधान की सुरक्षा को लेकर देश में तीखी राजनीतिक बहस चल रही है। राहुल गांधी, अखिलेश यादव और शशि थरूर आदि ने संविधान के इसी पॉकेट साइज संस्करण को हाथ में लेकर शपथ ली। विपक्ष का इरादा आगामी विधानसभा चुनाव में भी संविधान की रक्षा करने का नैरेटिव चलाने का है, क्योंकि अब उसे लग रहा है कि संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र की रक्षा के झूठे नैरेटिव के सहारे ही भाजपा का विजय रथ रोका जा सकता है। संविधान की रक्षा के नाम पर दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों आदि को भाजपा से दूर किया जा सकता है।

इस वर्ष देश को कांग्रेस द्वारा आपातकाल के अंधेरे में झोंकने के भी पचास वर्ष हो रहे हैं । संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते लोगों को वास्तविकता का स्मरण कराते हुए संसद के प्रथम संक्षिप्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को याद करते हुए कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्ष को आईना दिखा दिया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में आपातकाल को सबसे बड़ा काला अध्याय बताया था। आपातकाल कांग्रेस व उसके सहयोगियों की एक दुखती रग है। लोकसभा अध्यक्ष आपातकाल की भर्त्सना का प्रस्ताव लाए और सदन में दो मिनट का मौन रखा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश की राजनीति के सबसे काले अध्याय आपातकाल से वर्तमान और भारी पीढ़ियों को अवगत कराने के लिए अब केंद्र सरकार ने प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेते हुए इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है, क्योंकि जन सामान्य जिसने आपातकाल का दौर नहीं देखा उसे पता होना चाहिए कि संविधान बदलना और उससे खिलवाड़ करना वास्तव में क्या होता है, जो कांग्रेस ने आज से पचास साल पहले किया था।

संविधान हत्या दिवस की अधिसूचना आने के बाद अब हर वर्ष 25 जून को कांग्रेस के काले कारनामे जनता को याद दिलाए जायेंगे स्वाभाविक है इससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन असहज है और अनापशनाप बयानबाजी कर रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे गुट के संजय राऊत तक सभी बहुत ही विकृत बयान दे रहे हैं। इनका कहना है कि जिस घटना को 50 वर्ष हो चुके हैं भाजपा उसे क्यों याद रखना चाहती है? इनका तर्क माने तो फिर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस भी नहीं मनाना चाहिए क्योंकि उसके तो पचहत्तर वर्ष बीत गए हैं ? कुतर्क कांग्रेस का चरित्र बन गया है।वास्तविकता यह है कि 25 जून हर उस व्यक्ति और परिवार के घाव पर मरहम लगाने और स्मरण करने का दिन है जो इंदिरा गांधी की सत्ता लोलुपता के लिए लगाए गए आपातकाल की क्रूरता का पीड़ित है। इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए जिस तरह संविधान का गला घोंटा था वह संविधान की हत्या के रूप में ही याद किया जा सकता है। उस दौरान देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पूरी तरह से छीन लिया गया था। लाखों लोगों को बिना कारण जेल भेज दिया गया था। जेल में लोगों पर क्रूर अमानवीय अत्याचार किए गये।

# लोक ही नहीं परलोक सुधारने का जतन है 'मां के नाम एक पेड़'

**डॉ. राघवेन्द्र शर्मा**

मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'मां के नाम एक पेड़' योजना को हाथ में लेकर केवल पर्यावरण को सुधारने का प्रयास ही नहीं किया है, बल्कि इसके माध्यम से प्रकृति को अपने अनुकूल बनाने की कोशिश शुरू कर दी है। यदि इस योजना को साकार करने हेतु सरकार के साथ जनता जनार्दन के कदम मिल जाएं तो आने वाले समय में एक नए भविष्य की संभावना प्रबल होती दिखाई देती है। जनश्रुति और ग्रंथों में दर्ज परंपराओं पर ध्यान दें तो हमें पता चलेगा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार, दोनों इस प्रकृति के प्रादुर्भाव से ही पर्यावरण के हितकारी रहे हैं। अनेक नदियों को मां के समान पूजा जाता है। पत्थरों से मूर्तियां तराशकर हम उनके भीतर अपने देवताओं के दर्शन करते हैं। इसे भी महत्वपूर्ण स्थान हमारे जीवन में पेड़-पौधों और वृक्षों का रहा है। वर्ष भर जितने भी हिंदू त्योहार मनाए जाते हैं उनमें ढेर सारे उत्सव ऐसे हैं, जिनमें केवल और केवल वृक्षों अथवा पेड़-पौधों की ही पूजा की जाती है। विस्तार से स्मरण करें तो हम पाएंगे हमारी माताएं बहने विभिन्न त्योहारों के माध्यम से वट वृक्ष, पीपल, आंवला, आम, केला, तुलसी सहित अनेक वृक्षों अथवा पेड़ पौधों की स्तुति करती रहती हैं। ये परंपराएं केवल इसलिए नहीं बनीं कि वृक्षों अथवा पेड़- पौधों की पूजा करने से हमें इच्छित फल की प्राप्ति हो जाती है अथवा देवी- देवताओं के दर्शन हो जाते हैं। इनका गूढ़ अर्थ यह भी है कि हम जिन्हें पूजते हैं, सदैव ही उनकी सलामती की कामना करते रहते हैं।

लिखने का आशय यह कि जब हम वृक्षों अथवा पेड़-पौधों की पूजा करते हैं तो फिर यह चिंता भी स्वाभाविक हो जाती है कि धरती को हरा भरा बनाए रखने वाले ये पेड़ पौधे सदैव सही सलामत बने रहें तथा इनकी उत्पत्ति निरंतर वृद्धि को प्राप्त होती रहे। जाहिर है इस कामना को फलीभूत करने के लिए हमारे पूर्वज बड़े स्तर पर पौधरोपण भी करते रहे हैं। यदि हम अपने पुराने इतिहास को टटोलें तो पाएंगे कि भारत में ऐसे नगरों और ग्रामों की भरमार थी, जहां सड़कों के किनारे, घरों के आंगन में, बस्तियों के केंद्र में फलदार वृक्ष सहज भाव से ही आरोपित किए जाते थे और इनका अस्तित्व जनजीवन के लिए वरदान साबित होता रहता था। मौसम कोई भी हो, गर्मी सर्दी अथवा बारिश, यह सब जीव मात्र के प्रति अनुकूल तो बने ही रहते थे। ना ज्यादा सर्दी होती थी और ना अधिक गर्मी पड़ा करती थी। बारिश के मौसम में भी अतिवृष्टि और सूखे से राहत बनी रहती थी। कारण स्पष्ट है वृक्षों की अधिकता मौसम में अनुकूलता बनाए रखती थी। यदि विज्ञान की दृष्टि से देखा जाए तो फिर यह मानना पड़ेगा कि हमारे पूर्वज और संत महात्मा शेष सभ्य समाज की अपेक्षा अधिक चैतन्य एवं जागरूक थे।

यदि हमारे धार्मिक ग्रंथो की बात की जाए तो उनमें यह उल्लेख भी पढ़ने को मिलता है कि कोई व्यक्ति एक वृक्ष को धरती पर रोपता है और उसकी पूरी तन्मयता से उसकी देखभाल करते हुए ठीक ढंग से उसका पालन पोषण करता है, तो वह अनेक सुफलों का अधिकारी हो जाता है। हिंदू धर्म में कहा तो यहां तक गया है कि किसी पुरुष अथवा नारी द्वारा दस बच्चों को जन्म देने और उनके पालन पोषण करके उन्हें सभी प्रकार से योग्य बनाने के बाद जो सुफल प्राप्त होते हैं वह सब केवल एक वृक्ष को लगाने से ही प्राप्त हो जाते हैं।लिखने का आशय यह की पृथ्वी का संतुलित पर्यावरण अधिकांशतः पेड़ों पर ही टिका हुआ है। यदि पेड़ पर्याप्त मात्रा में है तो उनके द्वारा अतिरिक्त ताप को सोख लिया जाता है। यदि मानवीय गलतियों से नुकसानदायक गैसों का उत्सर्जन होने लगता है तो उन्हें भी पेड़ों की अधिकता के चलते निस्तेज किया जा सकता है। यदि पृथ्वी पर पेड़ पौधे पर्याप्त हैं तो वे सब मिलकर जलवायु परिवर्तनों को संतुलित बनाए रखते हैं। अर्थात समय पर बारिश होती है और उतनी ही होती है जिससे ना तो सूखा रह जाए और ना ही बाढ़ अथवा प्रलय के हालात बनें। दुख की बात यह है कि आजादी के बाद से लेकर अभी तक जितनी भी सरकारें अधिकतम समय तक शासन करती रहीं, उन्होंने कभी इस अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू पर गंभीरता के साथ गौर किया ही नहीं। बस वृक्षारोपण के नाम पर करोड़ों अरबों रुपय स्वाह किए जाते रहे। इस पुण्य कार्य की आड़ में भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार होता रहा।

## एक नजर में

### भ्रष्टाचार खिलाफ मुखिया संघ ने खोला मोर्चा



इचाक। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं मनरेगा कार्य में बीडीओ की मनमानी की बात मुखिया संघ लंबे समय से करते आ रहा है। प्रखंड के 19 पंचायत के सभी मुखिया ने आंदोलन करने का एलान किया है। आंदोलन की रूप रेखा तय करने को लेकर पंचायत सचिवालय हदारी में मुखिया संघ की बैठक मंगलवार को हुई। इसकी अध्यक्षता चोहन मेहता ने किया। मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि इचाक बीडीओ संतोष कुमार के कार्यशैली एवं उनके मनमानी रवैया से सभी जनप्रतिनिधि आहत हैं। प्रखंड मुख्यालय के समक्ष सभी जनप्रतिनिधि अनिश्चित कालीन धरना देने का मन बना चुके हैं। एसडीओ हजारीबाग को आवेदन देने के बाद तिथि की घोषणा की जाएगी। मौके पर मोदी मेहता ,उमेश प्रसाद ,निशु कुमारी, संगीता देवी ,अशोक राम, सिकंदर कुमार राम, मंजू देवी, नंदकिशोर मेहता ,एवं मुखिया प्रतिनिधि कुशलचंद मेहता, चंदन मेहता ,श्रीकांत मेहता ,ओमप्रकाश मेहता, दयानंद कुमार, मौजूद थे।

### अनुसचिवीय कर्मचारी संघ ने लगाया काला बिल्ला



**हजारीबाग।** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ ( समाहरणालय संवर्ग ) के द्वारा संघ के ज्ञापांक 41दिनांक 14/07/2024 के द्वारा पूर्व में घोषित कार्यक्रम के तहत 09 सूत्री माँग की पूर्ति हेतु समाहरणालय हजारीबाग अंतर्गत सभी ब्लॉक एंव अंचल कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय तथा उपायुक्त के कार्यालय में कार्यरत सभी लिपिक, अनुसेवक एंव कम्प्यूटर ऑपरेटर के द्वारा काला बिल्ला लगा कर सरकारी कार्य निष्पादित किया गया। सभी कर्मियों में सरकार के विरुद्ध काफी रोष एवं निराशा है। यदि सरकार हमारी 09 सूत्री माँगो को पूरा नहीं करती है तो संघ के द्वारा निर्धारित तिथि के तहत 18 जुलाई को अपराह्न 2बजे से 05बजे तक पेन डाउन एंव 20 को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए संध्या में कैंडल मार्च कर 22 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। उक्त जानकारी गोपाल कुमार पासवान ,जिला अध्यक्ष ने दी।

### मनरेगा कर्मी 18 से करेंगे सांकेतिक हड़ताल

टाटीझरिया ।प्रखंड के मनरेगा कर्मियों ने अपनी स्थाई करण के साथ विभिन्न चिर लंबित मांगों की पूर्ति को लेकर 18 से 20 जुलाई तक सांकेतिक हड़ताल और यदि मांग को झारखंड सरकार तथा सबंधित विभाग अधिकारी गण पूर्ति नहीं करते है तो उन्होंने कहा की हम सभी झारखंड राज्य के मनरेगा कर्मियों में बीपीओ ,एई, जेई, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक संग ग्राम रोजगार सेवक संयुक्त रूप से 22 जुलाई से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को लेकर सूचना प्रखंड के बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज को लिखित आवेदन देकर किया है। आवेदन को संयुक्त रूप से दिए जाने के दौरान बिपीओ अफरोज अख्तर, एई मनीष रंजन, जेई शशांक भूषण,लेखा सहायक कुलदीप राम, कंप्यूटर ऑपरेटर दिनेश कुमार ,रोजगार सेवकों में संतोष राम,निरंजन प्रसाद,अरुण कुमार,दीपक राम, नेमचंद दास, अरविंद कुमार मौजूद थे।

### महूदी मामले में दो लोग पुलिस हिरासत में

बड़कागांव ।महूदी रामनवमी जुलूस मार्ग में रामनवमी जुलूस पार करने की मांग को लेकर धरना देने वालों में से दो लोगों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद ग्राम सोनपुरा में ग्रामीणों के बीच आक्रोश बढ़ गया। तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़कागांव पुलिस अपने दल बल के साथ सोनपुरा एवं महुदी में पुलिस तैनात है। इस संबंध में एसपी अरविंद कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि मोहर्रम का जुलूस निकल रहा था इसी दरमयान सोनपुरा के ग्रामीणों द्वारा पत्थर चलना शुरू किया इसी दौरान भोला महतो को चोट कैसे लगी यह नहीं मालूम है ।उन्होंने बड़कागांव के लोगों को अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति का वातावरण बनाएं। समस्या का समाधान के लिए गांव मोहल्ले के लोग ही वार्ता करें। बाहरी लोग का सहयोग ना ले क्योंकि बाहरी लोग आकर भड़काऊ भाषण देते हैं ,जिसके वजह से पूरे क्षेत्र प्रभावित हो जाता है ।बाहरी लोग ही सोशल मीडिया में उन्माद फैलाने के लिए तरह-तरह का मैसेज करते हैं ,जिससे इस एरिया के बच्चे भी बहकावे में आ जाते हैं।

### मक्का,धान और अरहर बीज का वितरण

**चरही।** चुरचू वाड़ी फल सब्जी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कार्यालय चरही में आत्मा हजारीबाग के द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के चरही, चनारो और बहेरा के किसानों के बीच धान,मक्का और अरहर के बीज को वितरण ।किया गया ।मौके पर जिप सदस्य बासुदेव करमाली,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, बहेरा मुखिया देवकी महतो,पंसस आशा राय,आत्मा संस्था के नकुल सहित चुरचू प्रखंड के एटीएम, बीटीएम मौजूद थे।

### ट्रक के चपेट में आने से महिला जख्मी

कटकमसांडी। मंगलवार सुबह हजारीबाग से कटकमसांडी की ओर जा रही सीमेंट लदे ट्रक ने विपरित दिशा से आ रही एक बाइक को अपने चपेट मे लिया, जिसमे बाइक पर बैठी महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई और ट्रक पलट गया। यह ट्रक चतरा की बताई जा रही है।

### बहेरा-बोदरा पथ पूर्ण रूप से जर्जर

**चरही।** चुरचू प्रखंड के बहेरा से बोदरा तक जाने वाली सड़क पूर्ण रूप से जर्जर हो गई है। इस पथ की लंबाई 8 किलोमीटर है। इस सड़क से प्रतिदिन 14 गावों के ग्रामीण प्रतिदिन आवागमन करते हैं। इस पथ को लगभग एक दशक पूर्व वनविभाग के द्वारा बनाया गया था ।ताकि ग्रामीणों को आवागमन में कोई परेशानी नहीं हो सके ।लेकिन कुछ ही वर्षों पूर्व सड़क उखड़ने लगी ।आज यह पथ जर्जर अवस्था में पहुंच गई है ।सड़क के सभी बोल्डर बाहर निकल गए हैं ।ग्रामीणों को दिन रात आना जाना लगा रहता है ।इस सड़क से गुजरने वाले को काफी परेशानियों का सामना प्रतिदिन करना पड़ता है।

### मुहर्रम को लेकर पतरातू में फ्लैग मार्च



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मुहर्रम को लेकर मंगलवार को भुरकुंडा में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना चौक से शुरू होकर, भुरकुंडा बाजार जनता टॉकीज आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए बिरसा चौक पहुंचा ।लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई। एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने मुस्लिम समाज के लोगों से पर्व के दौरान शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का जुलूस निकालने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी पर्व त्यौहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। हमें सभी त्योहारों को भाईचारगी के साथ मनाना चाहिए।

### कुजू ओपी में लगा जनता दरबार

**कुजू।** कुजू ओपी में मंगलवार को जनता दरबार लगा। जनता दरबार में मांडू सीओ मुदस्सर नजर मंसूरी व कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय शामिल हुए। अधिकारियों ने जनता दरबार में आए कई जमीन संबंधित मामले का विवाद का निपटारा किया। साथ ही कई कोर्ट में विचाराधीन मामले को कोर्ट में जाने की बात कही गई। जनता दरबार में मुरपा में सर्वे रोड पर अबुआ निर्माण मामला काफी गहमा गहमी रहा। इस दौरान सीओ ने पांच दिनों के अंदर पंचायत स्तर पर मामले का समाधान करने की बात कही।

# एनटीपीसी चट्टीबरियातू व केरेडारी माइंस के गंदे पानी से नदियां हो रहीं प्रदूषित

## गंदा पानी पी रहें हैं आम आदमी और मवेशी व पर्यावरण पर भी असर

**समसाद अंसारी**



**केरेडारी।** हजारीबाग जिला के केरेडारी में एनटीपीसी चट्टीबारियातू एवं केरेडारी माइंस से कोयला का गंदा पानी छोड़ा जा रहा। प्रबंधन की लापरवाही और मनमानी के कारण माइंस की आसपास की नदी प्रदूषित हो रही है। नदी में होने वाले प्रदूषण का असर मानव जीवन के साथ साथ ही मवेशियों पर भी पड़ रहा है। नदी के किनारे बस्तियों के लोग नदी के पानी का उपयोग करते हैं। नदी के आसपास चरने वाले मवेशी भी इसी पानी को पीते हैं। खदान से निकलने वाले दूषित जल का नदियों में जा रहा है । खदान कि दूषित पानी लगातार नदी में बहाया जा रहा है। जिसके कारण नदी प्रदूषित हो रही है। प्रबंधन की इस मनमानी का पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वर्कशॉपों से निकलने वाले दूषित जल के उपचार के लिए स्थापित

**प्रबंधन को अवगत करवाया गया है : बैजनाथ महतो**

दूषित जल उपचार संयंत्र की स्थापना नहीं किया गया है। इसी तरह वर्कशॉपो से निकलने वाले दूषित जल के उपचार के लिए स्थापित जल उपचार संयंत्र की स्थापना भी नहीं किया गया है। खदान के वर्कशॉपो में यूज आयल ड्रम, खाली ड्रम, आयल फिल्टर, कांक्रीट कवर्ड शेड में रखा जाना चाहिए, लेकिन यह सब खुले में छोड़ दिया गया है। केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के चट्टीबरियातू पंचायत के नदियां, बेंगवरी पंचायत कि नदियां, पाण्डु पंचायत के पाण्डु कावेद बालेदेवरी कि नदियां प्रदूषित हो रही है। इससे मानव जीवन पर असर पड़ा है । माइंस की आस पास में निवास करने वाले लोगों कहना है कि इस विषय को लेकर प्रबंधन समस्या का निवारण नही करती है तो बाध्य हो कर सारे काम काज ठप करेंगे। आजसू के प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो ने कहा कि इस समस्या को लेकर प्रबंधन को अवगत करवाया गया है, लेकिन एनटीपीसी परियोजना के अधिकारी कोई सुध नहीं ले रहे। इससे स्थिति भयावाह बनती जा रही है आम जनमानस का जीवन खतरे में इस विषय लेकर कंपनी के प्रबंधन निवारण समय पर नहीं करती है तो बाध्य होकर आजसू पार्टी खान सुरक्षा विभाग में शिकायत करेंगे औ सारे काम काज को ठप करेंगे । मुखिया सकीबा खातून ने कहा कि नदियां प्रदूषित होने से मानव जीवन के साथ मवेशियों पर भी पड़ रहा है असर। नदी के किनारे बस्तियों के लोग पानी पीते हैं। नदी के आसपास चरने वाले मवेशी भी इसी पानी पीते हैं। इस समस्या से जल्द सुधार नहीं करती है तो बाध्य होकर परियोजना के आला अधिकारियों के पास शिकायत करेंगे।

**अभिनंदन सह विजय संकल्प समारोह में भाजपा कार्यकर्ता हुये सम्मानित, डॉ रविंद्र राय बोले**

# पार्टी की रीढ़ हैं कार्यकर्ता

- कार्यकर्ताओं ने परिश्रम कर रचा है इतिहास : जायसवाल
- बरही के मतदाताओं ने सबसे अधिक डाला वोट : मनोज




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** भाजपा का विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प समारोह रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में हुआ। इसकी अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह व संचालन जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर व मण्डल अध्यक्ष अमित साहू ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर की गई। स्व. रामनारायण यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविन्द्र राय व सांसद मनीष जायसवाल मौजूद थे। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप मौजूद थे। समारोह में लोकसभा के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ रविन्द्र राय ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ है, जिनके कठोर परिश्रम और कर्तव्य निष्ठा का परिणाम स्वरूप देश में तीसरी बार एनडीए नेतृत्व की सरकार बनी और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनकर देश सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आगे उन्होंने कहा कि जब-जब झारखंड में एनडीए नेतृत्व की सरकार बनी है तब विकास की गंगा बही लेकिन वर्तमान में हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त है तथा इस सरकार के कई मंत्री भ्रष्टाचार में संलिप्त है। सांसद मनीष जायसवाल ने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि आपने इतिहास रचा और पूरे लोकसभा में सिर्फ को 54 प्रतिशत वोट दिलवाया, जो आज तक किसी भी राजनीतिक दल को नहीं मिला था। आगे उन्होंने कहा कि बरही समेत पूरे लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को तत्परता के साथ दूर करने का प्रयास करूंगा और आने वाले दिनों में झारखंड में एनडीए नेतृत्व की सरकार हम सभी को मिलकर बनाना है। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि बरही विधानसभा से हजारीबाग लोकसभा में सबसे अधिक मत भाजपा को देकर यह साबित कर दिया है कि बरही विधानसभा सीट इस बार भाजपा के झोली में है और एक कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओ में वह शीर्ष पर है। मौके पर गणेश यादव, सुनील साहू,किशुन यादव, अर्जुन साव, अविनाश आर्या चन्द्रवंशी, अमित साहू, मुकेश सिन्हा, बंधन गोप, बाबूलाल मेहता, द्वारिका राणा, सुरेश साव,गुरुदेव गुप्ता, परमेश्वर गोप समेत कई लोग मौजूद थे।

# मजदूर हित के लिए काम करता है सीकेएस : मिश्रा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ (सीकेएस) का 28वां द्विवार्षिक अधिवेशन सोमवार को भुरकुंडा स्थित ऑफिसर्स क्लब में संपन्न हुआ। अधिवेश में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के संगठन मंत्री अशोक मिश्रा, हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल स्हित बीएमएस झारखड-बिहार के संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला, बीएमएस झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, सीसीएल सीकेएस के अध्यक्ष मनोज रजक, सीसीएल महामंत्री राजीव रंजन सिंह, सीसीएल व सीएमपीडीआई प्रभारी राम विनय त्रिपाठी, सीएमपीडीआई के महामंत्री देवेंद्र शर्मा, केपी शर्मा, राधे श्याम अग्रवाल, बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह व योगेश दांगी मौजूद थे। अधिवेशन के पहल सत्र में कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें महामंत्री ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक लेखा-जोखा पेश किया गया। अशोक मिश्रा ने कहा कि सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ सदैव मजदूर हित के लिए कार्य करता है। उन्होंने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि मजदूर ही संगठन के पूंजी होते हैं। अधिवेशन के दूसरे सत्र में सर्वसम्मति से सीसीएल की कमेटी का भी गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मनोज रजक एवं संचालन राजीव रंजन ने किया। अधिवेशन में भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक, बिरसा पीओ डी शिवा दास, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, सौंदा डी पीओ रामेश्वर मुंडा, मैनेजर राजेश प्रियदर्शी, पीके सेन गुप्ता, आरके वर्णवाल, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शशिभूषण सिंह, बरका-सयाल अध्यक्ष हरिनाथ महतो, सचिव शंभु प्रसाद सिंह, श्रीकांत गुप्ता, संजय सिंह, रविन्द्र मिश्रा, रामेश्वर मंडल, अनिता कुमारी, विशाल, मुकेश सहित पूरे सीसीएल के सभी प्रक्षेत्रों के अध्यक्ष व सचिव मौजूद थे।

### घर पहुंचे भगवान



**रामगढ़।** कैथा में घूरती रथयात्रा को लेकर सुबह आठ बजे से ही श्रद्धालु कैथा स्थित जगन्नाथ मंदिर में जुटने लगे थे। संध्या पहर में विधि पूर्वक भगवान जगन्नाथ के रथ में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र तीनों विग्रहों को रथारुढ़ कर भक्तों द्वारा रथ को खींचकर वापस मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर लाया गया। आयोजन समिति सचिव राजेश महतो ने कहा कि घूरती रथयात्रा के साथ ही भगवान जगन्नाथ का नाव दिनों का पूजन विधान संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संपन्न करने में आशुतोष चटर्जी,गणेश महतो, रतनलाल महतो, देवलाल महतो, सरोज करमाली, राजकुमार महतो,संदीप महतो, केशर लाल महतो, संजय करमाली, पंकज कुमार, अजय मनीष, विक्की, पहलाद आदि का योगदान रहा ।

# रोटरी क्लब ने किया पौधरोपण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के द्वारा आहूत ग्रामीण संपर्क यात्रा कार्यक्रम के तहत लपंगा प्लस-टू हाई स्कूल में मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट चेयरमैन महेश्वर साहू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत क्लब के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा और सचिव रंजीत गुप्ता ने स्कूल प्रांगण में जामुन, आम, कटहल, अमरूद आदि फलदार पौधे लगाकर किये। साथ ही पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी दिलाया। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक सुशील राम ने पेड़-पौधो के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि एक पेड़ हमारी कितनी पीढ़ियों को देखता ही नहीं सुरक्षा कवच बनकर खड़ा भी रहता है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है, इसलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। मौके पर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा व सचिव रंजीत गुप्ता ने कहा कि पौधा लगाना ही काफी नहीं इसकी सुरक्षा भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को हराभरा बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे।


**असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।**
email: drhslatehar3@gmail.com

पत्रांकः.............(NHMशाखा) दिनांकः...............

**निजी अस्पताल/निजी नर्सिंग होम/डेन्टल क्लिनिक/एलोपैथिक क्लिनिक/आयुष क्लिनिक/पैथोलॉजी जांच घर/एक्स रे संस्थान/अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक/फिजियोंथेरेपी संस्थानआदि के निबंधन हेतु आवश्यक सूचना।**

Clinical Establishment Act. 2010के तहत लातेहार जिलान्तर्गत संचालित सभी निजी अस्पताल/निजी नर्सिंग होम/डेन्टल क्लिनिक/एलोपैथिक क्लिनिक/आयुष क्लिनिक/पैथोलॉजी जांच घर/एक्स रे संस्थान/अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक/फिजियोंथेरेपी संस्थान आदि का पंजीकृत होना अनिवार्य है।

अतएव लातेहार जिला अन्तर्गत उक्त सभी निजी संस्थान के संचालकों को सविज्ञाप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे Clinical Establishment Act. 2010के तहत अपने संस्थान के पंजीकरण/नवीनिकरणहेतु दिनांक 31.07.2024 तक अनिवार्य रूप से अपना अभ्यावेदन ऑनलाईन (Clinical Establishments.gov.in)पर आवेदित करने के साथ ही उसकी एक प्रति संबंधित कागजातों के साथ सिविल सर्जन कार्यालय (एन.एच.एम. शाखा) लातेहार में अनिवार्य रूप से समर्पित करना सुनिश्चित करेंगें। दिनांक 31.07.2024 के पश्चात बिना निबंधन के संचालित संस्थानों के विरूद्ध Clinical Establishment Act. 2010के सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित संस्थान की संचालकों की होगी।

**दण्ड प्रावधान**

अपंजीकृत संस्थान द्वारा चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराये जाने पर धारा 41(1) के तहत आर्थिक दण्ड का निम्नवत प्रावधान है—

- **प्रथम बार**— 50000/—रू0 तक
- **द्वितीय बार**— 2,00,000/— रू0 तक
- **उत्तरवर्ती बार**— 5,00,000/— रू0 तक

जिस संस्थान का Renewal होना है, वे संस्थान अवधि समाप्ति से एक माह पूर्व सभी अनिवार्य कागजात के साथ Renewal कराना सुनिश्चित करेंगें।

- वैसे संस्थान के संचालक, जिनके द्वारा संस्थान को बंद या स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्हे अपने संस्थान का नवीनिकरण की प्रक्रिया बहाल रखनी होगी, अन्यथा संस्थान को ऑलाईन अभ्यपर्ण (Surrender) करते हुए स्वहस्तारित हार्डकॉपी कार्यालय को समर्पित करनी होगी।
- सभी अस्पताल/नर्सिंग होम क्लिनिक/आयुष/पैथोलॉजी जांच घर/इमेजिंग सेन्टर/फिजियोंथेरेपी संस्थान आदि में पुछताछ केन्द्र के समीप चिकित्सक का नाम, उनकी योग्यता, मेडिकल कॉउंसिल रजिस्ट्रेशन एवं प्रदत सेवाओं के शुल्क का विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में प्रदर्शित करना अनिवार्य है।

(डा0 अवधेश सिंह)
असैनिक शल्य चिकित्सक
सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

PR 329775 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)**

भू—अर्जन वाद संख्या—27/2023—24
भू—अर्जन वाद संख्या—28/2023—24
भू—अर्जन वाद संख्या—29/2023—24
भू—अर्जन वाद संख्या—30/2023—24
भू—अर्जन वाद संख्या—31/2023—24

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम—30/2013 की धारा—11 (1) के अधीन)**
**''चामा चौक से मैक्लुस्कीगंज दामोदर पुल पथ के कि०मी० 0.00 से 18.350 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना''**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा—दुली, लपरा, हेसालोंग, रामदगा, चामा एवं कोनका थाना सं॰ क्रमशः—10, 01, 02, 20, 21 एवं 08 अंचल—खेलारी एवं चान्हो, जिला—राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना—''चामा चौक से मैक्लुस्कीगंज दामोदर पुल पथ के कि०मी० 0.00 से 18.350 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना'' हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा—दुली, लपरा, हेसालोंग, रामदगा, चामा एवं कोनका थाना सं॰ क्रमशः—10, 01, 02, 20, 21 एवं 08 अंचल—खेलारी एवं चान्हो, जिला—राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा क्रमशः—**15.262, 1.381, 11.874, 8.449, 0.563** एवं **18.004** एकड़ कुल रकबा—55.533 एकड़ भूमि मानक माप का भू—खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन हैः—

**मौजा—कोनका**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पु0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 396 | टांड़ दो | 0.276 | फकीर गन्झु पिता रीतु गेन्झु, रौनाथ गंन्झु पिता रीतु गेन्झु | 394 | 418 | रोड | 397 |
| 2 | 8 | 394 | टांड़ तीन | 0.217 | फकीर गन्झु पिता रीतु गेन्झु, रौनाथ गंन्झु पिता रीतु गेन्झु | 393 | 396 | रोड | 393 |
| 3 | 5 | 393 | | 0.061 | – | 392 | 394 | रोड | 410 |
| 4 | 8 | 329 | टांड़ दो | 0.148 | फकीर गन्झु पिता रीतु गेन्झु, रौनाथ गंन्झु पिता रीतु गेन्झु | 330 | 328 | 316 | रोड |
| 5 | 8 | 392 | टांड़ दो | 0.100 | फकीर गन्झु पिता रीतु गेन्झु, रौनाथ गंन्झु पिता रीतु गेन्झु | 389 | 393 | रोड | 391 |
| 6 | 1 | 389 | टांड़ दो | 0.011 | मझीहश | 388 | 392 | रोड | 386 |
| 7 | 14 | 330 | टांड़ दो | 0.227 | भीखना पाहन पिता हीराम पाहन | 331 | 329 | 335 | रोड |
| 8 | 29 | 331 | टांड़ दो | 0.136 | राहदेव पाहन पिता भोला पाहन | 332 | 330 | 333 | रोड |
| 9 | 21 | 332 | टांड़ दो | 0.176 | शहदेव पाहन पिता भोला पाहन | 333 | 331 | 299 | रोड |
| 10 | 30 | 333 | टांड़ दो | 0.211 | बकास्त | 339 | 332 | 334 | रोड |
| 11 | 30 | 339 | टांड़ तीन | 0.361 | बकास्त | 341 | 333 | 335 | रोड |
| 12 | | 492 | | 0.013 | – | 254 | 341 | 341 | रोड |
| 13 | 28 | 346 | टांड़ दो | 0.016 | बकास्त भुइहरी | 344 | रोड | रोड | 344 |
| 14 | 28 | 344 | दोन तीन | 0.056 | बकास्त भुइहरी | 342 | 346 | रोड | 343 |
| 15 | | 254 | | 0.019 | | 255 | 341 | 492 | रोड |
| 16 | 26 | 351 | | 0.604 | | 351 | 342 | रोड | 351 |
| 17 | 11 | 82 | | 0.007 | वीगन गन्झु पिता मेघन गन्झु | 83 | 80 | रोड | 80 |
| 18 | 17 | 75 | टांड़ दो | 0.143 | मंगल गझु पिता वाएआ गंझु | 74 | 83 | रोड | 76 |
| 19 | 19 | 61 | टांड़ एक | 0.166 | मंगल गझु पिता वोएला गंझु | 59 | 63 | 60 | रोड |
| 20 | 18 | 60 | टांड़ एक | 0.198 | मंगल गझु पिता वोएला गंझु | 58 | 62 | 54 | 61 |
| 21 | 18 | 58 | टांड़ दो | 0.065 | मंगल गझु पिता वोएला गंझु | 57 | 60 | 55 | 59 |
| 22 | 19 | 54 | टांड़ एक | 0.005 | मंगल गन्झु पिता वोएला गन्झु | 55 | 48 | रोड | 60 |
| 23 | 19 | 55 | टांड़ दो | 0.185 | मंगल गन्झु पिता वोएला गन्झु | 56 | 54 | रोड | 57 |
| 24 | 21 | 12 | टांड़ तीन | 0.322 | शहदेव पाहन पिता भोला पाहन | 3 | 13 | रोड | 10 |
| 25 | 21 | 64 | मकान 1 सहन 1 | 0.004 | शहदेव पाहन पिता भोला पाहन | 63 | 63 | 63 | रोड |
| 26 | 21 | 63 | टांड़ दो | 0.007 | शहदेव पाहन पिता भोला पाहन | 61 | 64 | 62 | रोड |
| 27 | 26 | 471 | मंझोला जंगल | 1.114 | गैरमजरूआ मालिक | 459 | मिलान शीट | 471 | रोड |
| 28 | 26 | 459 | मंझोला जंगल | 0.902 | गैरमजरूआ मालिक | 325 | 471 | 453 | रोड |
| 29 | 26 | 418 | मंझोला जंगल | 0.159 | गैरमजरूआ मालिक | 396 | रोड | रोड | 419 |
| 30 | 26 | 341 | परती नाला | 0.039 | गैरमजरूआ | 492 | 339 | 338 | रोड |
| 31 | 26 | 255 | जंगल झाड़ी | 0.704 | गैरमजरूआ मालिक | 254 | रोड | 254 | रोड |
| 32 | 23 | 490 | | 2.751 | गैरमजरूआ मालिक | मिलान शीट | मिलान शीट | रोड | दुली |
| 33 | 26 | 477 | मंझोला जंगल | 3.744 | गैरमजरूआ मालिक | 483 | नाला | 477 | रोड |
| 34 | 26 | 81 | मंझोला जंगल | 0.759 | गैरमजरूआ मालिक | 80 | मिलान शीट | रोड | 81 |
| 35 | 26 | 80 | जंगल झाड़ी | 0.374 | गैरमजरूआ मालिक | 82 | रोड | रोड | 81 |
| 36 | 26 | 83 | परती कदीम | 0.174 | गैरमजरूआ मालिक | 75 | 82 | रोड | 77 |
| 37 | 26 | 56 | परती कदीम | 0.157 | गैरमजरूआ मालिक | 15 | 55 | 15 | 57 |
| 38 | 26 | 15 | मंझोला जंगल | 0.427 | गैरमजरूआ मालिक | रेलवे लाईन | 56 | 15 | रोड |
| 39 | 26 | 13 | जंगल झाड़ी | 0.126 | गैरमजरूआ मालिक | 12 | रेलवे लाईन | रोड | 10 |
| 40 | 26 | 3 | परती कदीम | 0.288 | गैरमजरूआ मालिक | रोड | 10 | रोड | 8 |
| 41 | 26 | 86 | मंझोला जंगल | 0.737 | गैरमजरूआ मालिक | रोड | 86 | 86 | रोड |
| 42 | 26 | 45 | परती कदीम | 0.017 | गैरमजरूआ मालिक | 67 | 65 | 46 | रोड |
| 43 | 26 | 1 | मंझोला जंगल | 0.760 | गैरमजरूआ मालिक | हेसालोंग | रोड | 1 | रोड |
| 44 | 28 | 342 | परती कदीम | 0.023 | बकास्त भूईहरी | 351 | 344 | 342 | रास्ता |
| 45 | 23 | 395 | टांड़ दो | 0.005 | गैरमजरूआ मालिक | 396 | 396 | रोड | 395 |
| 46 | 5 | 401 | टांड़ दो | 0.010 | चुप नाथ गंझु पिता—सचु गंझु, टिकना गंझु, ठाकुर गंझु, ऋतु गंझु, फगु गंझु महधन गंझु वगैरह | 397 | 518 | 401 | रोड |
| | | | कुल | **18.004** | | | | | |

यह अधिसूचना भू—अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा—11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता—सह—समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू—वेधन—छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू—अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। अपर समाहर्त्ता, राँची। उपायुक्त, राँची।

PR 329572 Land Reforms(24-25).D

# डीसी ने राजस्व वसूली को लेकर की बैठक

▸▸ बैठक में उपायुक्त द्वारा राजस्व संबंधित सभी मामलों एवं विभागीय समीक्षा किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में राजस्व संबंधित बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा राजस्व संबंधित सभी मामलों एवं विभागीय समीक्षा किया गया। बैठक में राजस्व न्यायालय, लंबित दाखिल खारिज मामले, भूमि सीमांकन हेतु प्राप्त आवेदन के निष्पादन, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, विभिन्न विभागों की भूमि से संबंधित मामले और आपदा मद से उपलब्ध आवंटन एवं मांग की स्थिति पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने लंबित दाखिल खारिज मामलों को यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी को दिये और कहा कि बिना किसी वैद्य कारणों के आवेदनों को रिजेक्ट ना करें। उन्होंने कहा कि भूमि सीमांकन से संबंधित सभी प्राप्त आवेदन का यथाशीघ्र निष्पादन करें। जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं विभिन्न विभागों के भूमि से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर मामलों का निष्पादन करते हुए विभाग के कार्य को गति प्रदान करें। वहीं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को एनएच से संबंधित मामलों को निष्पादन करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने नये गोदाम निर्माण हेतु जमीन चिन्हित करने, सोलर पावर पार्क बनाने को लेकर जमीन चिन्हित करने, सरकारी मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर हेतु भूमि का चिन्हिकरण करने, श्रमिक विद्यालय हेतु भूमि का चिन्हिकरण करने, जिला परिषद कोडरमा को स्व आय स्त्रोत में वृद्धि हेतु हाट बाजार, बस पड़ाव एवं मार्केट कांप्लेक्स के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हिकरण करने, रिटेल आउटलेट निर्माण हेतु भूमि का चिन्हिकरण करने और पिछड़ी जाति छात्रावास हेतु भूमि का चिन्हिकरण करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी को दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, अनुमंडल अधिकारी रिया सिंह, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला भू-अर्जन अधिकारी गिरिजा शंकर महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंह समेत अन्य मौजूद थे।




## एक नजर में

### टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक



चतरा। झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के सदस्य सह टुंडी विधानसभा क्षेत्र के विधायक मथुरा प्रसाद महतो की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक परिसदन चतरा के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा, लघु सिंचाई, कृषि, स्कूली शिक्षा, नगर विकास, कल्याण, सहकारिता, ग्रामीण कार्य विभाग स्वास्थ्य, विद्युत, भू अर्जन, जिला पर्यटन एवं खेल कूद विभाग समेत अन्य विभागों से प्राप्त अनागत प्रश्नों की उक्त विभागों से संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया एवं प्रगति और निष्पादन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।साथ ही समिति द्वारा संबंधित पदाधिकारियों के साथ अनागत प्रश्नों एवं अन्य विकासात्मक कार्यों के संबंध में विचार विमर्श कर कार्यों को पूर्ण करने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया। पदाधिकारियों को अनागत प्रश्नों के अद्यतन स्थिति से समिति को ससमय अवगत कराने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कुछ बिंदुओं के कार्य स्थल का भी निरीक्षण करूंगा। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल,अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह समेत जिला स्तर के सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

### संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में कैलाश राय विद्यालय के हर्षित सफल

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्र भैया हर्षित कुमार सिंह पिता सुबोध कुमार सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के [illegible] में असिस्टेंट कमांडेंट ऑफिसर में 140वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। भैया हर्षित कैलाश राय विद्यालय से ही मैट्रिक की परीक्षा 2017 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किए थे। उनकी सफलता पर पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर हर्षित अपने माता-पिता, मामा मामी, चाची और नानी के साथ विद्यालय में आए थे। विद्यालय द्वारा वंदना सभा में उनको एवं उनके परिजनों को सम्मानित किया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने बताया कि हर्षित बचपन से ही मेधावी छात्र थे और उनमें कुछ करने की ललक थी। अपने शैक्षणिक वर्षों में भी हर्षित अच्छे अंक और अच्छा स्थान अपने कक्षा कक्ष में प्राप्त किया करते थे। भैया हर्षित ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता और यदि सच्ची निष्ठा से परिश्रम किया जाए तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष नारायण सिंह, सचिव अनुराग कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष नवल कुमार उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### कोलवाहन हाईवा अनियंत्रित होकर पलटा



गिद्धौर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांगपुर के समीप मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार कोलवाहन हाईवा अनियंत्रित होकर पुल के डिवाइडर को तोड़ते हुए नीचे पलट गया। इस दुर्घटना में चालक मौके से फरार हो गया और वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कोल वाहन हाईवा कटकमसांडी डंप से खाली कर चतरा की ओर लौट रहा था, तभी यह हादसा हुआ। चतरा कटकमसांडी मुख्य पथ में कोल वाहन हाईवा की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें लोगों की जान भी जा चुकी है। सड़क किनारे बसे ग्रामीण भी हाईवा वाहनों के परिचालन से भयभीत रहते हैं।

### पुलिस ने आलम और सहनाज खातून को भेजा जेल

सतगावां (कोडरमा)। थाना कांड संख्या 1/24 के प्राथमिक अभियुक्त 42 वर्षीय मो. आलम पिता रहुफ मियां और उसकी दूसरी पत्नी वर्षीय 37 सहनाज खातून को गिरिडीह जिले के तीसरी थाना क्षेत्र के पलमरुआ गांव से सहायक अवर निरीक्षक बृजनंदन प्रसाद ने अपने दल-बल के साथ गिरफ्तार कर कोडरमा न्यायालय भेजा, जहां से न्यायिक प्रक्रिया पूरी कर कोडरमा जेल भेजा गया। उल्लेखनीय रहे कि सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोनैया निवासी मो आलम की एक पत्नी ने सतगावां थाना में दहेज उत्पीड़न अधिनियम के तहत धारा 498ए, 494/34 एवं 3/4 दहेज उत्पीड़न अधिनियम के मामला दर्ज किया गया था। इसी के आलोक में दोनों को गिरफ्तार किया गया।

### मोहर्रम को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

बेरमो/फुसरो। मोहर्रम को लेकर बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बीएन सिंह के संयुक्त नेतृत्व में बेरमो थाना की ओर से फुसरो में फ्लैग मार्च निकाला गया। इसमें प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च में शामिल अधिकारी वाहनों का हुटर बजाकर फुसरो बाजार, रहिमगंज, बीडीओ ऑफिस, करगली बाजार आदि इमामबाड़ा का भ्रमण किया। साथ ही लोगों से शांति व सोहार्दपूर्ण तरीके से मोहर्रम बनाने की बात कही। इसके अलावे उन्होंने फुसरो पुराना बीडीओ ऑफिस में बनाए गए कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया।मौके पर बेरमो एसडीपीओ वरिष्ट नारायण सिंह ने कहा कि मोहर्रम को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में तैयारी की गई है। फोर्स का डिपोटेशन व मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई। जगह जगह ड्रोन व सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। कहा कि सभी रूट का सत्यापन कर लिया गया है। कहा कि संवेदनशिल जगहों को चिन्हित कर वहां के लोगों के साथ बैठक किया गया है वहां विशेष चौकसी रखते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। उन्होंने लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम का त्योहार मनाने की बात कही। मौके परर बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह, बीडीओ मुकेश कुमार, बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार सहित पुलिस बल के महिला पुरूष जवान मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। महिला एवं बाल विकास मंत्री भारत सरकार सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी कोडरमा प्रखंड अंतर्गत लोचनपुर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका एवं बच्चों के द्वारा मंत्री को पुष्प देकर स्वागत किया गया। निरीक्षण के क्रम में मंत्री द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दी जाने वाली समावेशी शिक्षा के बारे में जानकारी ली। वहीं उन्होंने कहा कि बच्चों का विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विकास करें। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र में मंत्री अन्नपूर्णा देवी और उपयुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा पौधा रोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज समेत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता व अन्य मौजूद थे।

## नगर परिषद की बैठक में वर्षा जल संचयन अवैध निर्माण सहित कई मुद्दों हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। नगर परिषद कार्यालय में प्रशासक हर्ष वर्धन के निर्देश पर नगर प्रबंधक डाक्टर अरविंद कुमार मोदी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत रैयती व गैर मजरुआ जमीन में अवैध निर्माण, भवन नक्शा से संबंधित, वर्षा जल संचयन और होल्डिंग टैक्स को लेकर चर्चा हुई। नगर प्रबंधक ने सभी नगरवासियों से अनुरोध किया कि नगर परिषद क्षेत्र में नक्शा पारित करवा कर ही भवन निर्माण करें। सभी अपने अपने घरों में वर्षा जल संचयन करें, इसमें बहुत ही कम लागत में किया जा सकता है, अन्यथा 50 ज्यादा होल्डिंग टैक्स भुगतान करना पड़ता है। नियमित रूप से होल्डिंग टैक्स जमा करें व जिन्होंने सैफ नहीं भरा है वह सैफ भरा लें। उन्होंने बताया कि बीते सप्ताह उपायुक्त की अध्यक्षता में नगर परिषद क्षेत्र में संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई थी, इसमें शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, अवैध निर्माण, वर्षा जल संचयन एवं अन्य कई मुद्दों पर निर्देश दिया गया। इसे लेकर चार कमेटी का गठन किया गया है। सभी टीमें नगर परिषद क्षेत्र में रैयती व गैर मजरुआ भूमि पर अवैध निर्माण, भवन नक्शा, वर्षा जल संचयन एवं होल्डिंग टैक्स भुगतान की अद्यतन स्थिति को लेकर स्थल जांच कर रही हैं। बैठक में महादेव यादव, दुलारचंद यादव, मुकेश राणा, बलराम कुशवाहा, उमेश कुमार, रितिका कंपनी के सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, राजेश मोदी, सन्नी कुमार, राजेश कुमार, राज किरण यादव, संजय कुमार दास, भोला कुमार दास उपस्थित थे।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय में ओपन जिम का हुआ उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के पिंडारकोण गांव में संचालित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को ओपन जिम (व्यायाम उपकरण) का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मंझगावां पंचायत मुखिया सरिता देवी, समाजसेवी बसंत नारायण सिंह, गणमान्य व्यक्ति और अभिभावक उपस्थित थे। ओपन जिम झारखंड सरकार के खेल प्राधिकरण और पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा लगाया गया है।कार्यक्रम की शुरूआत बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत से हुई, उसके बाद विशिष्ट अतिथियों ने फीता काटकर जिम का उद्घाटन किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया और खुशी जाहिर की कि पिछड़े गांव के स्कूल में जिम होना गौरव की बात है। समाजसेवी बसंत नारायण सिंह ने कहा कि इस तरह का विकास क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि विद्यालय की कमी को पूरा करने का प्रयास करेंगे, जैसे अधूरी चारदीवारी, खेल का मैदान, बेंच और डेस्क की कमी को पूरा करने का आश्वासन दिया। मुखिया और समाजसेवी ने कहा कि इस विद्यालय से उनका पुराना लगाव है और बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद में भी नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने चारदीवारी ना होने पर चिंता जताई और कहा कि इस समस्या को उच्च पदाधिकारियों तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं और अभिभावक मौजूद थे। मंच संचालन शारीरिक शिक्षक दीपक कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिन्हा ने किया।

## थाना दिवस के अवसर पर एक मामले को किया गया निपटारा



सतगावां (कोडरमा)। थाना परिसर में थाना दिवस के अवसर पर जमीन विवाद को निपटरा करने के लिए मंगलवार को बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने किया। इस मौके पर अंचल क्षेत्र से तीन जमीनी विवाद संबंधी मामला आया, जिसमें एक मामले को आयोजित दिवस में ही निपटारा कर दिया गया। वहीं एक मामले को कागज के अभाव में पेंडिंग रखा गया, जबकी एक मामले को कागजात पुष्टि के लिए अंचल कार्यालय को शौप दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि प्रखंड में सबसे ज्यादा भूमि का ही मामला आता है। उक्त विवाद को बिना झंगड़े-झंझट किये निपटाने के लिए थाना दिवस का आयोजन किया जाता है। अंचल और थाना के सहयोग से दोनों पक्षों को समझौता कर विवाद को निपटया जाता है। मौके पर सतगावां अंचल से सरकारी अमीन आनंद कुमार चैकीदार और ग्रामीण उपस्थिति थे।

### जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन



कोडरमा। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जिला कौशल पदाधिकारी के कार्यालय की ओर से जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत जिला में संचालित प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं, महेंद्रा स्किल्स ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, जेआईटीएम स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं एक्सेल डेटा सर्विसेस द्वारा कौशल केंद्र स्तर पर आयोजित कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं ने भाग लिया और उन्होंने वैसे परियोजनाओं और उत्पाद का प्रदर्शन किया जो उन्होंने केंद्र स्तर की कौशल प्रतियोगिता के दौरान पूरा तैयार किया था। इस दौरान जेआईटीएम स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड के एसएमओ प्रशिक्षणार्थियों द्वारा फैशन शो भी प्रस्तुत किया गया। फैशन शो के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने वही ड्रेस पहनी जो उन्होंने खुद तैयार की थी। वहीं जिला कौशल पदाधिकारी अनिल कुमार रंजन ने कौशल प्रतियोगिता को सम्बोन्धित करते हुए जिले के सभी प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं को कौशल केंद्र स्तरीय कौशल प्रतियोगिता आयोजित करने एवं जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पूरे जोश-उत्साह से भाग लेने के लिये धन्यवाद व्यक्त किया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित परियोजना सहायक अजीत कुमार ने सभी प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं को जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता को आयोजित करने में उन्हें धन्यवाद दिया एवं जिला कौशल पदाधिकारी को कार्यक्रम को आयोजित करने एवं सफल बनाने के लिये उनसे प्राप्त मार्गदर्शन हेतु आभार प्रकट किया। अंत में जिला कौशल पदाधिकारी के द्वारा सभी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया।

### चतरा पुलिस ने लूटकांड का खुलासा करते हुए एक आरोपी को किया गिरफ्तार



चतरा। जिले के प्रतापपुर पुलिस ने लूटकांड का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से घटना में प्रयुक्त फोल्डिंग चाकू, एक काले कवर में फोल्डेड वाला स्टीक, एक काले रंग का गमछा, चंदन कुमार शर्मा का आधार कार्ड, पैन कार्ड, एसबीआई का एटीएम कार्ड, बैग, लोहे का फाईटर पंजा बरामद किया गया है। विगत 30 मई को बिहार के गया निवासी अमित कुमार ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ 97 हजार 710 रुपये लूट लेने के संबंध में मामला दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस बीच टीम ने गुप्त सूचना पर आरोपित मो. नईम अंसारी को थाना क्षेत्र के गजवा गांव से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया है। आरोपित ने बताया कि पांच लोगों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया था और लूट के पैसे को आपस में बांट लिया था। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### कथारा आउट सोर्सिंग कंपनी में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग

बेरमो। सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा कोलियरी में संचालित आऊटसोर्सिंग में 75 प्रतिशत ग्रामीण विस्थापितों को रोजगार देने की मांग को लेकर सोमवार को जनता मजदूर संघ ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आउटसोर्सिंग के कार्य को लगभग 5 घंटे बाधित कर दिया। कार्य बाधित होता देख कथारा कोलियरी परियोजना कार्यालय के सभागार में प्रबंधन ने जमसं असंगठित के प्रतिनिधियों के साथ सकारात्मक वार्ता की। वार्ता के दौरान प्रबंधन द्वारा मिले अश्वासन के बाद आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जनता मजदूर संघ के कथारा क्षेत्रीय सचिव कामोद प्रसाद ने कहा कि लगभग कई महीने से सीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा हमारी मांगों पर टालमटोल की नीति अपनाई जा रही थी। जिस पर बाध्य होकर हमें लोकतांत्रिक तरीके से विस्थापित व प्रभावित ग्रामीणों के हक और अधिकार के लिए आंदोलन करना पड़ा। वार्ता के क्रम में प्रबंधन की तरफ से पीओ दुर्गेश कुमार सिन्हा सहित जमस संगठित के हजरत अंसारी, जगदीश गिरी, संतोष कुमार यादव, बिनोद यादव, मो सदाम अंसारी, अनूप कुमार, रामप्रसाद, लालचंद यादव, कमलेश कुमार यादव, हीरालाल यादव, मो कमालुद्दीन, संजय यादव, चरक लाल यादव, हामिद राजा आदि लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त आमजनों की समस्याओं से हुई अवगत

कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज के कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न क्षेत्र के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनता दरबार में आयुष्मान कार्ड बनाने, जमाबंदी खोलने, कब्जा कर अवैध निर्माण करने, रसीद निर्गत नहीं करने, विकलांग पेंशन का लाभ देने, पेंशन समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिये।

## फुसरो में संस्कृति ज्ञान महा अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ

बेरमो। मंगलवार को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में संस्कृति ज्ञान महा अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के सचिव अमित कुमार सिंह और विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा के द्वारा वन्दना सभा में सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के बाद प्रारंभ किया गया। सचिव अमित कुमार ने कहा कि अपने पूर्वज, अपने शास्त्र, ओर अपने संस्कृति को जानना हर भारतीय को आवश्यक है। इसके लिए इस प्रकार के परीक्षाओं में भाग लेना भैया बहनों के साथ साथ समाज के हर व्यक्ति को महत्वपूर्ण है। यह अभियान 16 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान से हमारे समाज के हर एक तबके को भारतीय संस्कृति और हमारे स्वर्णिम इतिहास से अवगत कराया जाएगा। हमारे देश के भावी पीढ़ी को हमारे भारत के विकसित विज्ञान और ऋषि मुनियों की जानकारी,वीर योद्धाओं की वीर गाथाओं से अवगत कराया जाएगा।ताकि हमारे आने वाले समाज को हमारे देश की संस्कृति पर गर्व हो। यह अभियान भारत के सभी विद्या मंदिर के सौजन्य से चल रहा है।

# जनता दरबार में डीसी ने आमजनों की सुनी समस्याएं, निष्पादन करने का दिया कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन, भूमि विवाद, दिव्यांग, शिक्षा, सड़क, विद्युत, वनपट्टा समेत अन्य मामला शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में चतरा जिले के टण्डवा प्रखण्ड के एक दिव्यांग व्यक्ति ने उपायुक्त से मिलकर बताया कि कुछ भू माफियाओं के द्वारा फर्जी कागज बनाकर मेरी जमीन को हड़पना चाहते हैं मुझे इस भूमि पर न्यायालय से भी डिग्री हासिल हैं। उसके बावजुद भी मुझ गरीब दिव्यांग समझ कर माफिया लोग जमीन को लुट लेना चाहते हैं और मुझे जान से मारने की धमकी भी देते है। इस पर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी टण्डवा को मामले की जांच करते हुए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार हंटरगंज प्रखण्ड के रामकृत भुइयां ने अबुआ आवास योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन के माध्यम से बताया कि मै अत्यंग गरीब हूं और मेरे पास टुटा फुटा कच्चा मकान है। जिसमें बारीस के समय में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अबुआ आवास में की सूचि में मेरी पत्नी का नाम वरीयता क्रम संख्या-25 में है। महाशय मुझ गरीब जैसे लोगो को अबुआ आवास का लाभ देने की कृपा की जाय। इस संदर्भ में उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हंटरगंज को नियम संगत जांचो उपरांत लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बीमरला ग्राम निवासी 15 वर्षीय संजीत मुंडा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक के पिता कर्मपाल मुंडा ने बताया कि बीते सोमवार की रात्रि खाना खाने के बाद हम सभी अपने कमरे में आराम कर रहे थे। संजीत घर के बाहर था इसीलिए दरवाजा खुला था। काफी देर तक जब वह अंदर नहीं आया तो बाहर निकल कर देखा तो पता चला कि कटहल के पेड़ में संजीत फंदे के सहारे झूल रहा था। इसके बाद मंगलवार की सुबह घाघरा थाना को घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंचे शव को कब्जें में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मिशन बदलाव के प्रयास से फोरी गांव में पांच माह बाद आरंभ हुआ बिजली आपूर्ति

**गुमला।** गुमला के फोरी गांव में लगभग पांच महीने से बिजली आपूर्ति बाधित था। जिसे बच्चों का अध्ययन प्रभावित हो रहा था। शाम ढलते ही गांव में अंधेरा छा जाता था। वहीं बरसात के कारण सांप व अन्य जीवों का डर ग्रामीणों को सता रहा था। बिजली नहीं रहने के कारण खेती बारी के कार्य में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी दौरान मिशन बदलाव की टीम ने गांव का दौरा कियार और ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। जिसके बाद मिशन बदलाव की टीम विद्युत कार्यपालक अभियंता से मुलाकात कर मामले से अवगत कराया। जिसके बाद बिजली विभाग हरकत में आयी और गांव की विद्युत आपूर्ति समस्या का समाधान किया। फोरी गांव में 11 हजार वोल्ट का विद्युत तार गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गया था।

### चैनपुर थाना क्षेत्र के हर्रा पतराटोली निवासी 12 वर्षीय बालक लापता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के हर्रा पतराटोली गांव निवासी कर्ण कुमार उम्र 12 वर्ष 11 जुलाई से लापता है। मिली जानकारी के अनुसार कर्ण कुमार अपने नाना के घर हर्रा पतराटोली में रहकर चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के लुथरन हाई स्कूल में पढ़ाई करता था। जो 11 जुलाई के सुबह सात बजे से लापता हो गया है और अभी तक घर नहीं लौटा है। परिजनो ने आम लोगों से अपील की है कि किसी को इस बच्चे के बारे में जानकारी मिले तो वो 7292909507 नंबर पर जानकारी देने की कृपा करें।

### सर्पदंश की शिकार हुई महिला

**लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र के फतेया टोली गांव में एक महिला किसान सर्पदंश से गंभीर हो गई। महिला किसान को परिजनों द्वारा इलाज के लिए किस्को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से महिला को बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। लोहरदगा सदर अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है। फिलहाल महिला की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। महिला किसान की पहचान किस्को थाना क्षेत्र के फतेया टोली गांव निवासी मनोज उरांव की 40 वर्षीय पत्नी परदेशिया उरांव के रूप में हुई है। परदेसिया खेत में धान का बीड़ा डालने के लिए गई हुई थी। इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया।

### पीट पीट कर पति ने की पत्नी की हत्या

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के पतलो गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पति ने अपनी पत्नी की निर्मम तरीके से हत्या कर दी है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। सेन्हा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान नरेश चिक बड़ाइक की 50 वर्षीय पत्नी लाली देवी के रूप में हुई है। कहा जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता था। शराब के नशे में पति अपनी पत्नी से झगड़ा करता था। विगत रात भी पति-पत्नी के बीच फिर एक बार विवाद हो गया। घटना के समय में नरेश और लाली देवी का पुत्र प्रकाश चिक बड़ाईक गांव में ही अपने दोस्त के घर में सोया हुआ था। पति-पत्नी घर में अकेले थे। इसी बीच दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।जिसके बाद नरेश ने अपनी पत्नी लाली देवी की लाथ-घूसों से बुरी तरह से पिटाई कर और पटक कर उसकी हत्या कर दी।

### निर्वाचन संबंधित कार्यो को लेकर पर्यवेक्षको के साथ बीडीओं ने की बैठक

**घाघरा।** घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में निर्वाचन संबंधित कार्यों को लेकर पर्यवेक्षकों के साथ बैठक किया। बैठक में बीडीओ ने निर्देश देते हुए पर्यवेक्षकों को कहा कि डोर टू डोर बीएलओ द्वारा किए गए निर्वाचन संबंधित कार्यों का सत्यापन करें। इसके साथ ही नए मतदाता जिनकी उम्र सीमा 18 वर्ष या उससे ऊपर हो चुकी है। प्रपत्र भरकर जमा करायें। ताकि नए मतदाता बन सके और अपना मत का प्रयोग कर सके। इसके साथ ही मृत हो चुके मतदाताओं को चिन्हित कर प्रपत्र भरवाये और नाम हटाने की प्रक्रिया करे।इसके साथ ही जो मतदाता स्थानांतरित हो चुके हैं। उनका चयन कर मतदाताओं का नाम हटाए। मौके पर उपस्थित लोगों में बीपीआरओ शंकर साहू, कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो, सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# जन शिकायत निवारण दिवस पर उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या, समाधान का दिया अश्वासन

### लगभग 30 आवेदकों ने बारी-बारी से उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोगों की समस्या सुनते उपायुक्त

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के दूर दराज से आए नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। लगभग 30 से अधिक आवेदकों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्या रखी। जिसमें रायडीह प्रखंड निवासी अहिल्या देवी ने आवेदन समर्पित करते कहा कि गांव के ही कुछ दबंग लोगों के द्वारा जमीन विवाद को लेकर उनके परिवार जनों को डराया धमकाया जा रहा है। अहिल्या देवी ने बताया कि दबंगों के डर से जान बचाने हेतु अपनी जमीन को उनके नाम कर दिया है। परंतु रजिस्ट्रेशन को रद्द करने की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने डीसीएलआर गुमला को उक्त मामले की जांच करने एवं दोनों ही परिवार से बात करते हुए समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित दिया गया। डुमरी निवासी लाजरुस इंदवार ने उपायुक्त को बताया कि वह बेहद ही गरीब है औरं रिक्शा चला कर परिवार का जीवन यापन करते हैं। उनके पैर के टूट जाने के कारण वे अब रिक्शा नहीं चला सकते हैं। उन्होंने जीवन यापन के लिए खेती करने की सोची है। उन्होंने कृषि ऋण के लिए उपायुक्त से सहयोग की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने आवेदक को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु सर्व प्रथम कृषि विभाग को केसीसी ऋण एवं कृषि विभाग की अन्य योजनाओं से आवेदक को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। जिला समामजिक सुरक्षा कोषांग को आवेदक का पेंशन स्वीकृत करते हुए पेंशन योजना से लाभान्वित कराने हेतु निर्देश दिए एवं जिला कल्याण विभाग को विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से आवेदक को लाभान्वित करने हेतु निर्देश दिए।

टोटो के रहने वाले विकास कुमार गुप्ता ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि उन्होंने इस बार मैट्रिक पास की है एवं इंटर के लिए एडमिशन करवाना चाहते हैं। नामांकन अब तक नहीं हो पाने की चिंता के साथ उपायुक्त से उन्होंने सहायता की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सह शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि विकास कुमार का एडमिशन करवाएं।

कार्तिक उरांव छात्रावास के छात्राओं ने भी उपायुक्त से मुलाकात कर हॉस्टल परिसर में सोलर लाइट लगवाने की मांग की। उपायुक्त ने उनके मांग को स्वीकार किया एवं संबंधित को अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा स्थापना शाखा के सेवानिवृत प्रधान लिपिक ने सेवानिवृत पश्चात सेवा निवृत लाभ दिलाने की मांग की। गुमला निवासी मंगना उरांव ने बताया कि उनके खाता संख्या 163 रकबा 6.42 ए. खतियानी जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा गैर कानूनी तरीके से हल जोतने का कार्य किया जा रहा है। मना करने पर जान से मारने की धमकी मिल रही है। उपायुक्त ने इसके लिए एसडीओ सदर को जांच करने का निर्देश दिया। अरमई नवा टोली के निवासी ने भू माफियाओं से संबंधित जानकारी उपायुक्त को दी। जिसपर जांच करने हेतु उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इसके अलावा कई आवेदकों ने जमीन विवाद, सड़क निर्माण, विभिन्न योजनाओं की मांग , राशन पेंशन आदि से संबंधित आवेदन समर्पित किए एवं उपायुक्त से सहयोग की मांग की।

## सांसद सुखदेव भगत ने जिला के विकास कार्यों की समीक्षा, कहा

# प्रशासन और आमजन की बातों और समस्याओं को सरकार तक पहुंचाएंगे

**खबर मंत्र संवाददाता**



बैठक में मौजूद सांसद और अधिकारी

लोहरदगा। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने समाहरणालय सभागार में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ की। मनरेगा की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि इस योजना में ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों की भागीदारी बढ़ायें।साथ ही बिरसा हरित ग्राम के तहत लगाए गए पौधों को उन्होंने समुचित देखभाल करने को कहा ताकि भविष्य में उसका विकास अच्छा हो। इसके साथ ही उन्होंने वीर शहीद पोटो हो, बिरसा सिंचाई कूप, आधार आधारित भुगतान प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास आदि महत्वपूर्ण संचालित योजनाओं की एक-एक कर जानकारी लेते हुए समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के क्रम में उन्होंने जिले के सदर अस्पताल के आई.सी.यू. को और भी ज्यादा दुरुस्त करने को कहा। साथ थी उन्होंने डायलिसिस सेंटर को नियमित रूप में संचालित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में एंटीवेनम एवं एंटीरेबीज दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित हो। इसके साथ ही उन्होंने ए.एन.सी.,संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, स्कूली बच्चों का नेत्र जाँच, कुपोषण उपचार केंद्र, मेडिकल मोबाइल यूनिट आदि की भी जानकारी ली। इसके अलावा आपूर्ति विभाग ,कृषि विभाग, सहकारिता विभाग,समाज कल्याण विभाग, योजना विभाग, उद्योग विभाग सामाजिक सुरक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, एन आर ई पी,विद्युत, विशेष प्रमंडल, आर ई ओ,जे एस एल पी एस द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। अंत में सभी पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए वह हमेशा से तात्पर हैं,लोग अपनी बातों एवं समस्याओं को रखें इसको वे राज्य एवं केंद्र सरकार तक पहुंचाएंगे और उनके समस्याओं का निदान का भरसक प्रयास करेंगे। वे जिले के आम जन एवं प्रशासन के साथ हमेशा खड़े हैं।

## खबर एक नजर में

### जेएसएलपीएस का गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई संपन्न

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन मे मंगलवार को जेएसएलपीएस व जिला मिशन प्रबंधक द्वारा प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रबंधक अभिलाषा कुमारी ने अतिथियों का अभिवादन किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सामाजिक विकास के जिला प्रबंधक बिनोद होरो ने कहा कि प्रखंड स्तर पर इन सभी लाभुकों का नेटवर्क बनाया जाएगा। ताकि प्रखंड के किसी भी क्षेत्र में अगर किसी को डायन कहकर प्रताड़ित किया गया तो उसकी सुरक्षा देने में सहयोग करेंगी। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि प्रखंड में डायन-बिसाही कुप्रथा से पीड़ित लोगों को चिन्हित कर समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ऐसी परियोजनाओं का धरातल पर उतारने के लिए जेएसएलपीएस सराहनीय कार्य कर रही है। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा की स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी मामला में चिकित्सा की हर सुविधा प्रखंड में उपलब्ध है। आज शिक्षा और स्वास्थ्य की बहुत जरूरत है अगर महिला शिक्षित हैं तो इस तरह के मामले में कमी आयेगी,सम्मान हर महिला का अधिकार है। जेएसएलपीएस के बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने कहा कि नारी तो खुद समाज की रचना करती है, तो उसके साथ ऐसे व्यवहार क्यों यहां कार्यक्रम में आए हुए सभी गरिमा लाभार्थी दीदी लोग के भीड़ को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता की की आज लोग जागरूक हो रहे हैं, सम्मेलन में डायन कहकर प्रताड़ित की जाने वाली गरिमा लाभार्थी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड की सभी जेंडर सीआरपी, क्षेत्र समन्वयक ,संकुल संगठन सदस्य मौजूद थे।

### अंजुमन के पहल से दो परिवारों के विवाद का हुआ सुलह

**भंडरा।** प्रखंड अंतर्गत अम्बेरा गांव में महिनों से चलता आ रहा विवाद के कारण हबीब अंसारी और जागिर अंसारी के बेटा बेटी का रिश्ता खराब हो रहा था इसकी जानकारी प्रखंड अंजुमन भंडरा के सदर आफताब आलम को मिला जिसके बाद प्रखंड कमेटी दोनों पक्षों को प्रखंड अंजुमन के कार्यालय में बैठक बुला कर आपसी रजामंदी और दोनों परिवार के रजामंदी कराकर मुस्लिम रीति रिवाज से शादी कराया गया। और दोनो का विवाद को खत्म करा कर वर और वधू को खुशी खुशी जिंदगी गुजारने का दिया गया मशवरा और सदर ने कहा कि प्रखंड में किसी भी तरह का समस्या या विवाद हो तो प्रखंड अंजुमन कार्यालय मे पहले अपनी बात रखे। इसमें मुख्य रूप से प्रखंड सेक्रेट्री अब्दुल रऊफ,नाइब सदर मुमताज अंसारी, अंबेरा सदर बाबर अंसारी सेकेट्री नौसाद अंसारी,एजाजुल अंसारी के अलावा प्रखंड के बहुत से लोग उपस्थित थे।

### भंडरा थाना पुलिस जिन तीन लापता लोगो को ढूंढ रही थी वो मिले नामकुम थाना के गिरफ्त में

**भंडरा।** रुपया दुगुना की जालसाजी करने वाले गिरोह के तीन लोग नामकुम पुलिस की गिरफ्त में पाए गए। जबकि तीनों व्यक्ति के लापता होने की सूचना भंडरा थाना में दर्ज कराई गई थी ।लापता की सूचना के बाद भंडरा पुलिस तीनों को ढूंढने में काफी परेशान रही ।अंततः तीनों लोग नामकुम पुलिस थाना में बंद मिले। भंडरा थाना क्षेत्र के सोरंदा बांधटोली निवासी तमीज मिदार्हा उर्फ.फेंकू पिता अमीरुद्दीन मिरदहा सेमरा गरियाटोली निवासी नासिर खान पिता गुलजार खान एवं लोहरदगा थाना क्षेत्र अंतर्गत भूंजनिया गांव निवासी जमाल अंसारी पिता मोसिब अंसारी की लापता की सूचना भंडरा थाना में दर्ज करवाई गई। तीनों के लापता की सूचना दर्ज करने के बाद तीनों को खोजने के लिए भंडरा पुलिस काफी परेशान हुई। मोबाइल ट्रेकिंग के बाद भंडरा पुलिस नामकुम थाना पहुंची जहां तीनों व्यक्ति पुलिस गिरफ्त में थे। इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि यह तीनों व्यक्तियों का गिरोह रुपया दुगुना करने की जलसाजी का काम करता है। इन तीनों के पुलिस गिरफ्त में जाने के बाद उनके परिजनों के द्वारा भंडरा थाना में लापता की झूठी सूचना दी गई थी।

### आवास के लिए दर-दर भटक रही विधवा महिला

**भंडरा ।** सिर छिपाने के लिए सरकार गरीब को पक्का आवास देने की बड़ी बड़ी घोषणा कर रही है साथ ही लाखो गरीब को अबुवा आवास देकर सरकार गरीबो का मशीहा होना का दावा कर रही है पर जमीनी हकीकत कुछ और है. प्रखंड के भीठा पंचायत के आदिवासी बहुल गांव मकुन्दा मे एक विधवा महिला अबुवा आवास योजना के तहत आवास के लिए जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारियों के चक्कर काट काट कर परेशान हो गई है। लेकिन उसे आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। महिला मुखिया से लेकर उच्च अधिकारियों तक अपनी गुहार लगा चुकी है। फिलहाल 13 सदस्यों का वह बड़ा परिवार के साथ झोपडीनुमा छप्पर के बने टूटे फूटे घर में रहने को मजबूर है।

## मुहर्रम का पर्व क्षेत्र वासियों का है सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मनायें: बीडीओ

**जारी।** जारी थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन ने की। वहीं बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार करमाली एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन ने कहा कि मुहर्रम का पर्व हम सभी क्षेत्र वासियों का है। जिस तरह पुर्व में सभी त्योहारों को एक जुट होकर एक दूसरे का सहयोग कर त्योहार मनाते आए हैं। उसी प्रकार भविष्य में भी सहयोग करते रहें। सभी लोग आपसी एकता और सौहार्द पूर्वक पर्व को मनाएं। सर्किल इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार करमाली ने कहा कि आगामी पर्व के मद्देनजर किसी को कहीं भी किसी प्रकार की सूचना मिले तो वे इसकी जानकारी प्रशासन को दें। शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का सभी सहयोग करें। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें।

आपसी भाइचारे के साथ त्योहार मनाएं। थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने कहा कि मुझे जानकारी है कि जारी प्रखंड का इतिहास रहा है कि यहाँ सभी धर्मों के पर्व त्योहार शांति एवं सौहार्द पूर्वक आपसी भाइचारे के साथ मनाते आएं हैं और आगे भी यही परम्परा कायम रहेगी। मुहर्रम का त्योहार सभी लोग खुशी पुर्वक मनायें। उन्होने शांति समिति के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें।

## मृतकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर मिली नौकरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**गुमला।** पूर्व में हुए जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में मृतक सरकारी कर्मी स्व. फूलचंद नायक जारी प्रखण्ड के सकतर ग्राम निवासी के आश्रित पुत्र प्रसाद नायक को अनुकम्पा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चतुर्थ वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा किस्तोटोली ग्राम के स्व. संजय बाड़ा की आश्रित पत्नी संगीता बड़ा को उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चतुर्थ वर्ग के पर नियुक्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके तहत मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने कार्यालय कक्ष में दोनों ही आश्रितों को अपने हाथों से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया एवं उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त आश्रितों को नियुक्ति के अलावा उन्हे सरकार के द्वारा निर्धारित वेतन भत्ता के अतिरिक्त समय-समय पर स्वीकृत जीवन यापन भत्ता एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे ।

### सड़क दुर्घटना में दो बच्चे घायल

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडरा पतरा के समीप एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने पेड़ पर टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को सदर अस्पताल लोहरदगा लाया गया जहां से एक किशोर को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। जबकि दूसरे का इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घायलों की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी निवासी भगवान दास साहू के 11 वर्षीय पुत्र रोहित साहू व लछु महली के 15 वर्षीय पुत्र प्रीतम महली के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों कोयल नदी से नहाने के बाद वापस लौट रहे थे तभी कंडरा पतरा के समीप अनियंत्रित तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने पेड़ पर जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद एम्बुलेंस से दोनों को सदर अस्पताल लोहरदगा लाया गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद प्रीतम महली को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

## मुखिया, पंचायत सचिव और स्वयंसेवक संयुक्त रूप से करें अबुवा आवास लाभुकों का चयन: बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल बीडीओ, मुखिया व पंचायत सचिव

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को अबुवा आवास योजना को लेकर बीडीओ ने मुखिया और कर्मियो के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने अबुवा आवास योजना की पंचायतवार समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि योग्य लाभुकों का चयन मुखिया, पंचायत सचिव और स्वयंसेवक संयुक्त रूप से करें। ताकि योग्य लाभुकों को योजना का लाभ मिल सके। इसके साथ ही जो भी अबुवा आवास अब तक अधूरा है। उसे जल्द से जल्द पूरा कराने का कार्य करें। वहीं बीडीओ ने कड़ी चेतावनी देते हुए स्वयंसेवकों को अपने कार्यों में सुधार करने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि कुछ स्वयंसेवको को छोड़कर अधिकतर स्वयंसेवक कार्यों में शिथिलता बरत रहे हैं। मौके पर उपस्थित लोगों में बीपीओ बेबी कुमारी,आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार,मुखिया विनीता कुमारी, लोदो एक्का, श्याम साहू सहित के कई मुखिया पंचायतकर्मी, स्वयंसेवक उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## केवीके में मनाया गया भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली का 96 वाँ स्थापना दिवस

# कृषि तकनीकी विस्तार के साथ-साथ नई नई प्रौद्योगिकी की खोज करता है केंद्र: डॉ. संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रदान किया गया पौधा

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा मंगलवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली का 96 वाँ स्थापना दिवस का आयोजन जतरा टाना भगत विद्या मंदिर बिशुनपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ संजय कुमार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा आईसीएआर की स्थापना 16 जुलाई 1929 को इंपीरियल काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च नाम से हुई थी। वर्ष 1934 में बिहार में एक भयंकर भूकंप आया था। जिसमें इस संस्थान के मुख्य भवनों को काफी क्षति हुई। इसके परिणामस्वरूप उसी वर्ष इस संस्थान को नई दिल्ली स्थानान्तरित कर दिया गया। जिसे पूसा कैम्पस कहा गया। आगे चलकर दिल्ली स्थित यह संस्थान का नाम भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान कर दिया गया। डॉ कुमार ने बताया कि आईसीएआर के द्वारा पूरे देश में आज 731 कृषि विज्ञान केंद्र संचालित कर रहा है जो कि मुख्य रूप से कृषि तकनीकी विस्तार के साथ-साथ नई नई प्रौद्योगिकी की खोज करने का काम कर रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक श्री सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को पोषण वाटिका के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत अटल बिहारी तिवारी ने विद्यार्थियों को कृषि के क्षेत्र में विभिन्न अवसरों पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस क्षेत्र में अध्ययन के बाद जहां नौकरियों की संभावना ज्यादा है। वहीं स्वरोजगार के लिए भी काफी संभावनाएं हैं। वहीं कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एक-एक पौधा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य श्री राकेश कुमार, श्री सोमरा उरांव के साथ-साथ 105 बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया ।

# एकता रौनियार महिला संगठन गुमला का पांचवा स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न

### रांची से चिकित्सक बुलाकर स्वास्थ्य कैंप लगाने का निर्णय, ब्लड डोनेशन कैंप व पौधारोपण करने का प्रस्ताव पारित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




एकता रौनियार महिला संगठन की चयनित पदाधिकारी

**गुमला।** एकता रौनियार महिला संगठन गुमला का पांचवां स्थापना दिवस समारोह पालकोट रोड गुमला स्थित स्थानीय रौनियार धर्मशाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केक काटकर पांचवी वर्षगांठ को सेलिब्रेट किया गया। संगठन की अध्यक्ष लता गुप्ता ने कहा कि हम भारतवर्ष की नारियां है। हमें एकता बनाकर रखनी है। समाज में बहुत से काम है उनपर ध्यान केंद्रित करते हुए हमें घर-घर नारी एकता को जगाने की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी कार्यक्रम में रक्तदान और पर्यावरण के लिए पौधारोपण पर बल दिया। रांची से सुप्रसिद्ध महिला और पुरुष डॉक्टरों की टीम बुलाकर मेडिकल कैंप लगाने का प्रस्ताव पास किया गया। नए कार्यकाल के लिए आपसी सहमति बनी और सभी ने एक स्वर में लता गुप्ता को पुनः अध्यक्ष पद के लिए ध्वनि मत से चुना। तत्पश्चात नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमे संरक्षक राधा देवी, सीता गुप्ता, शोभा देवी स्वेता, उपाध्यक्ष पिंकी गुप्ता, सुमन गुप्ता, ममता गुप्ता, रानी गुप्ता और संध्या गुप्ता, सचिव सरिता गुप्ता, सह सचिव सुलोचना गुप्ता, संयोजिका किरण गुप्ता व ज्योति गुप्ता, संगठन मंत्री रीता कुमारी गुप्ता व कंचन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मंजू गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष निपुण गुप्ता, प्रवक्ता श्यामा गुप्ता के अलावे 11 कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किये गये।

स्पीड न्यूज

## नि:शुल्क कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन 21 जुलाई से


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते लोग।

**लातेहार।** आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम के तत्वाधान में वर्ष 2004 से नि:शुल्क कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन 21 जुलाई से कांवरिया पथ भूत बंगला खिजरिया देवघर में किया जा रहा है। जिसे लेकर मंगलवार को रामनाथ अग्रवाल ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। वार्ता में उन्होंने बताया कि प्रातःकाल पांच बजे से रात्री 10 बजे तक कांवरिया के लिए सुविधा बहाल की जाती है जिसमें मेडिकल सुविधा, वैध की सुविधा, पांच बेड की सुविधा, लोगों की मालिश के लिए 25 व्यक्ति की सुविधा की गई है। वहीं लंगल दिन में 12 बजे से 3 बजे तक व शाम में 7 से 10 बजे तक की गई है। वहीं एलईडी के माध्यम से रामायण, महाभारत, कृष्णलीला का आयोजन भी किया गया है। मौके पर जिप सदस्य पुनम देवी, सीतामणी तिर्की, महेंद्र शौण्डिक, सुशील अग्रवाल, निर्मल महलका, संजय तिवारी, हरेकृष्णा सिंह, पंकज सिंह, गजेन्द्र शौण्डिक, अनिल गुप्ता, नंदू सिंह, राजधानी प्रसाद यादव उपस्थित थे।

## फूलबसिया के कवाही टोला मे ग्यारह तार युक्त विजली खंभा टुटा, हादसे का दे रहा है आमंत्रण


टुटा बिजली का खंभा।

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत फूलबसिया के कवाही टोले के आवागमन करने वाले रोड मे ग्यारह हजार के विजली खम्भा टूटने से बड़ी हादसे का आमंत्रण दे रहा है। आसपास के ग्रामीण बताते हैं की पिछले एक वर्ष से कवाही टोला स्थित आवागमन करने वाले रोड मे ग्यारह हजार युक्त तार वाले विजली खंभा टूट गया है। तार छः से सात फिट उपर झूल रहा है। जिससे बड़ी घटना होने की संभावना बन गईं है। विजली विभाग के उदासीन रवैया के कारण पिछले एक वर्ष से विजली खाभा टुटा हुआ है। टूटे हुए विजली खंभा के सामने सावधानी नहीं बरती गईं तो कभी भी हादसा हो सकता है। आसपास के अलावे अनजान व्यक्ति के लिए खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने उपायुक्त व संबंधित विद्युत विभाग के कर्मी से विजली खम्भा दुरुस्त करवाने की मांग किया है।

## ताजिया के साथ आज निकलेगा पहलाम का जुलूस


जुलूस में शामिल लोग।

**चंदवा।** मुहर्रम की नवीं के मौके पर चंदवा प्रखंड के विभिन्न इलाकों से छोटकी चौकी का जुलूस निकाला गया। जुलूस हरैया-शुक्रबाजार, कामता बेलवाही, कुजरी, तिलैयाटांड़ परसाही से निसान (झंडा) लेकर या हसन या हुसैन का नारा लगाते हुए जुलूस के शक्ल में लोग हरैया मोड़ पहुंचे जहां सभी निशान का मिलान कर फातिहा पढ़ा गया। इसके बाद रेलवे फाटक के पास परसाही के निशान के साथ मिलान किया गया। जुलूस की अगुवाई रियाज खान उर्फ बाबर खान समेत अन्य लोग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चंदवा आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश देते आया है और आगे भी जारी रहेगा। बुधवार को शहर में ताजिया के साथ पहलाम का जुलूस निकाला जायेगा, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल होंगे।

## स्कूल रुआर कार्यक्रम के तहत बैक टू स्कूल कैंपेन की हुई शुरूआत



**चंदवा।** प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम (बैक टू स्कूल कैंपेन) का आयोजन मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र चंदवा के प्रशाल कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी, बिससूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, भाजपा नेता महेन्द्र प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुबोध कुमार चंदेल ने बताया कि 6-18 वर्ष की आयु के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन लेने का संकल्प लिया गया है। जिसको लेकर 16-31 जुलाई तक विशेष कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमे विभिन्न गतिविधियां स्कूल एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित की जाएगी। जिसके तहत स्कूल में बच्चों के ठहराव, छूटे हुए बच्चों का नामांकन कराने को लेकर समग्र शिक्षा अभियान के तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि 5 से 8 वर्ष के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन आवश्यक हो एवं जो बच्चे विद्यालय में नामांकित है एवं वे प्रोन्नति हो चुके हैं तो उसे उन्मुखीकरण कर अगले कक्षा में ठहराव हरहाल में करवाना है। मौके पर लेखपाल सुरेंद्र कुमार भगत, डीडीओ केदारनाथ महतो, प्रखंड साधनसेवी प्रतीक कुमार सिंहा, कनीय अभियंता कृष्ण कुमार, प्रमोद कुमार समेत विभिन्न विद्यालयों से आये शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### मनरेगा : सामाजिक अंकेक्षण सह पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

# संपूर्ण योजना की नहीं हुई जांच, कागज पर केवल खानापूर्ति

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेयपुर पंचायत भवन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम सामाजिक अंकेक्षण सह पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें चार जूरिस मेंबर को बैठाया गया जो कि अपना फैसला दे रहे थे। बता दे की 3 साल 2021 से 2023-24 तक का कार्यों का ऑडिट किया गया। जिसमें टीसीबी, आम बागवानी, कूप निर्माण, डोभा का सोशल ऑडिट किया गया। जनसुनवाई के दौरान बताया गया कि टीसीबी योजना में अत्यधिक गड़बड़ी की गई है। धर्मेंद्र लोहार आइडी नंबर 2618132 का टीसीबी निर्माण में कुल 26 गड्ढा मिला एवं भुगतान राशी 39270 में विचलन राशि 22838 रुपए, रेशमा उरांव आईडी नंबर 2618129, 30 गड्ढा विचलन राशि 20310 रुपए, कदला उरांव आईडी नंबर 2618125, 31 गड्ढा विचलन राशि 19678 रुपए, आरती देवी का टीसीबी निर्माण कार्य में 38 गड्ढा में 8201 की विचलन राशि मिली है। इन चार लाभुकों के नाम पर 71047 राशि की अवैध निकासी की गई है। इसी के साथ उर्मिला देवी, सुदर्शन कुमार, साधो मसोमात, सोनी देवी के नाम पर कुल 41395 राशि की निकासी की गई है। वहीं कोमो ग्राम में 71047 रुपए की अवैध निकासी की गई है। ऑडिटर ने बताया कि टीसीबी योजना में सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है।

## सोशल ऑडिटर के द्वारा संपूर्ण योजना का नहीं किया गया जांच


सामाजिक अंकेक्षण करते ऑडिटर।

वहीं आम बागवानी में ऑडिटरों के द्वारा सही तरीके से जांच नहीं किया गया। बता दे की असभ टोपो लाभुक के आम बागवानी वर्क आर्डर 79309 के नाम पर 196911 राशि की निकासी की गई है। इसी के साथ कई ऐसे लाभुक है जिनके नाम पर पैसे की निकासी हुई है। लेकिन इन सभी बातों का जिक्र जनसुनवाई में सोशल ऑडिटरों के द्वारा नहीं किया गया। सिर्फ कागज पर ही सोशल ऑडिट कर खाना पूर्ति किया गया है। बता दे की कई ऐसी योजनाएं हैं जिनका पर्दाफास सोशल ऑडिटरों के द्वारा नहीं किया गया है जिन में काफी अनियमित बरती गई है। सोशल ऑडिटरों ने बताया कि बहुत ज्यादा योजना होने के कारण सभी योजनाओं का जांच नहीं हो पाया। हम लोगों को पता नहीं था कहां पर योजना है।

### विजय साव हत्याकांड का पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर किया खुलासा

# दो भाइयों ने मिलकर की थी विजय साव की हत्या


जांच करती पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** शहर से सटे अलौदिया पंचायत अंतर्गत टूढ़ामू गांव में हुए विजय साव नामक युवक की निर्मम हत्याकांड मामले का उद्वेदन चंदवा पुलिस ने मामला संज्ञान आने के महज 24 घंटे के अंदर कर लिया। मामले में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि अनुसंधान में अब तक जो तथ्य सामने आए हैं उसके अनुसार विजय साव की हत्या आपसी विवाद के बाद प्रतिशोध में की कई गयी है। घटना में संलिप्त एक अभियुक्त राजेश मिश्रा पिता सुधीर मिश्रा (वर्तमान पता सरोज नगर चंदवा) को पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से बिहार की राजधानी पटना से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त राजेश मिश्रा को मंगलवार को चंदवा लेकर आयी। जहां पुलिस के द्वारा पूछताछ में राजेश मिश्रा ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इसके बाद पुलिस की टीम राजेश मिश्रा को लेकर घटनास्थल व उसके किराए के मकान में पहुंची व जांच पड़ताल किया। जांच पड़ताल में घटना स्थल से पुलिस ने खून से सना लाठी डंडे का टुकड़ा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि उक्त हत्याकांड में राजेश मिश्रा का भाई शक्ति मिश्रा भी संलिप्त है, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस का द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ में राजेश मिश्रा ने बताया कि विजय साव उसका दोस्त था व लगातार उसके घर आना जाना लगा रहता है, रविवार की दोपहर विजय साव व शक्ति मिश्रा के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें विजय ने शक्ति की पिटाई की थी, इसी से आक्रोशित शक्ति रविवार की रात्रि लगभग 10 बजे राजेश मिश्रा के साथ विजय के घर पहुंचा व विजय साव ने जैसे ही घर का दरवाजा खोला, वैसे ही विजय के सर पर धारदार हथियार से वार कर दिया गया। जिससे वह बेसुद्ध हो गया। जिसके बाद लाठी, डंडे से पीटकर उसकी हत्या कर दी गयी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार राजेश मिश्रा का आपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में भी वह एक बार आपराधिक मामले में जेल भी जा चुका है। वहीं मृतक विजय साव का भी आपराधिक इतिहास बताया है।

### हिंदू मुस्लिम समाज ने मिलकर कराया विजय का अंतिम संस्कार

विजय साव हत्याकांड मामले में पोस्टमार्टम के बाद विजय का शव परिजनों को सौप दिया। विजय की पत्नी आरती कुमारी के दिल्ली में काम करने के लिए पलायन किये जाने कारण परिवार का कोई सदस्य मौके पर मौजूद नही होने के बाद अलौदिया के हिन्दू-मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों ने अंतिम संस्कार की प्रक्रिया की तैयारी को पुरा करने का बीड़ा उठाया, गांव में ग्रामीणों ने आर्थिक मदद कर अंतिम संस्कार की सारी तैयारी को पूर्ण किया। मंगलवार की शाम विजय साव की पत्नी आरती देवी के दिल्ली से लौटने के बाद विजय का अंतिम संस्कार टोरी रेलवे फाटक के समीप स्थित तैलिक समाज मुक्तिधाम में कर दिया गया, जहां विजय साव का साला प्रवीण कुमार लोहरा ने मुखग्नि दी। इस दौरान ग्रामीणों ने हत्याकांड में संलिप्त सभी अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग भी प्रशासन से की।

## योजना में रोजगार सेवक के द्वारा नहीं किया जाता है भुगतान

**लातेहार।** शीशी पंचायत में बिरसा सिंचाई कुप में रोजगार सेवक की धांधली, बताते चले की शीशी पंचायत निवासी रंजीत कुमार साहू के नाम पर बिरसा सिंचाई की स्वीकृति मिला है और इस योजना के तहत 35 फीट खुदाई कार्य कर दिया गया है एवं 25 फीट तक बंधाई कार्य कर दिया गया है। परंतु रोजगार सेवक के द्वारा मास्टर रोल को जीरो कर दिया गया है मास्टर रोल की अवधि 30 जून से 6 जुलाई तक था पहले भी तीन बार मास्टर रोल जीरो कर दिया गया है रोजगार सेवक के द्वारा 15000 रूपया का डिमांड किया गया था परंतु मेरे द्वारा 10000 रूपया दिया गया था फिर भी एमआर जीरो कर दिया गया है जब मेरे द्वारा पूछा गया तो कहा कि मास्टर रोल नहीं निकलेगा और नहीं किया जाएगा। पेमेंट जब तक 5000 रूपया नहीं दोगे। रंजित ने आगे कहा कि उक्त योजना में 50,000 रूपया का अग्रिम भुगतान हेतु भाउचर, आधार कार्ड, एवं बैंक पासबुक को फाड़ दिया गया एवं भुगतान नहीं करवाया गया। जिसके कारण बिरसा कूप पूर्ण रूप से कंप्लीट नहीं हो पाया है। उन्होंने रोजगार सेवक पर उचित कार्रवाई एवं मेरे योजना में भुगतान करने तथा दिया गया मेरे पैसा वापस दिलाने की मांग किया है। इस मामले में रोजगार सेवक रविन्द्र कुमार यादव को कॉल किया गया लेकिन फोन स्वीच ऑफ बताया।

### मनिका में दवा दूकानदारों के साथ ड्रग एसोसियेशन की बैठक

# संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श शिशु विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में लातेहार जिला केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस एसोसिएशन (एल.सी.डी.ए.) कमिटी के नेतृत्व में दवा दुकानदारों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सन्तोष चंद्र गोस्वामी ने किया एवं संचालन विजय प्रसाद ने किया। मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में संगठन का होना आवश्यक है अगर संगठन मजबूत रहता है तो हमारा व्यापार को कोई भी कुछ बिगाड़ नहीं सकता है। सम्पूर्ण भारत में दवा दुकान का संगठन मजबूत है। वहीं झारखंड केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस एसोसियेशन (जे.सी.डी.ए.) प्रदेश कमिटी झारखंड के निदेर्शानुसार जिला संगठन लातेहार के सत्र 2024-25 का सदस्यता अभियान अगस्त 2024 के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ कर दी जाएगी। इस अवसर पर लातेहार जिले के सभी केमिस्ट्स (दवा दुकानदार) अपना सदस्यता रसीद अनिवार्य रूप से प्राप्त कर सकेंगे। वहीं सचिव विजय कुमार ने कहा कि लातेहार जिले के सभी केमिस्ट्स साथियों को कम से कम एक पौधा अनिवार्य रूप से लगाना पड़ेगा क्योंकि पेड़ है तो जल है और जल है तो जीवन है। वहीं बैठक के दौरान मनिका प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। जिसमें कमेटी के प्रखंड उपाध्यक्ष विजय प्रसाद, सह सचिव विकास कुमार (निक्की कुमार) एवं कोषाध्यक्ष आनंद प्रजापति को बनाया गया है। वहीं बैठक के उपरांत जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता, सचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष उमाशंकर चैतन्य एवम मनिका के सभी केमिस्ट्स सदस्यों के द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षा रोपण किया गया। मौके पर सन्तोष चंद्र गोस्वामी, विजय प्रसाद, राजेश कुमार शर्मा, राधा कृष्ण यादव, दीपक कुमार गुप्ता, आलोक मिश्र, अनिल कुमार राय, बिमल राम, चन्दन कुमार, ओम प्रकाश यादव, सतेंद्र कुमार, मो. शमशाद, राधेश्याम मेहता, सीता राम यादव, धीरज यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## शीशी पंचायत में रोजगार सेवक की मनमनी योजना में बिना चढ़ावा का नहीं होता है भुगतान

**लातेहार।** शीशी पंचायत निवासी जितेंद्र कुमार ने उपायुक्त गरिमा सिंह के नाम आवेदन सौंपा है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि मेरे नाम पर एक गाय शेड का स्वीकृति मनरेगा से मिला है। उसका कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है परंतु रोजगार सेवक रविन्द्र कुमार यादव के द्वारा बार-बार पैसे का डिमांड किया जा रहा है नहीं देने पर मास्टर रोल जीरो कर दिया जाता है। मेरे द्वारा रोजगार सेवक को अभी तक नकद 7500 रूपया एवं फोनपे के माध्यम से 500 दिया गया है। लेकिन जब 30 जून से 6 जुलाई तक मास्टर रोल निकला था परंतु पैसा नकद 2000 रूपया नहीं देने के कारण मास्टर रोल को जीरो कर दिया गया। इस बाबत जब मैं रोजगार सेवक से पूछा तो उन्होंने कहा कि जब तक 2000 रूपया नहीं दोगे तब तक मास्टर रोल निकाल कर नहीं पेमेंट किया जाएगा। मेरे द्वारा बोला गया कि डीसी और बीडीओ के पास जाऊंगा तो उसने कहा कि जब तक 2000 रूपया नहीं दोगे तब तक पेमेंट नहीं होगा। तुमको जहां जाना है वहां जाओ मेरा कोई भी कुछ नहीं कर सकता है। जितेंद्र कुमार ने उपायुक्त से जांच कर उचित करवाई करते हुए गाय शेड का भुगतान करने एवं अभी तक दिया गया पैसा वापस दिलाने की मांग की है। इस मामले में रोजगार सेवक रविन्द्र कुमार यादव को कॉल किया गया लेकिन फोन स्वीच ऑफ बताया।

## मकरा के सरहुल मांडर से लेकर शिबला पंचायत भवन तक सड़क जर्जर चलना हुआ मुश्किल


जर्जर सड़क।

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा स्थित खुढनियां टोला से बरमदेता होते गुजरने वाली कच्ची सड़क सरहुल मांडर से लेकर शिबला पंचायत भवन तक रोड की स्थिति काफी जर्जर बना है। जिससे ग्रामीणों को चलना मुश्किल हो गया है। सड़क जर्जर होने के कारण ग्रामीण को सिबला, मकरा से बरामदेता तक आने जाने मे काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा हैं। दो पहिया चार पहिया वाहन भी आने जाने से वंचित है। गरमी और ठंडे मे लोग किसी तरह चल लेते है। लेकिन यहां के ग्रामीणों को सबसे अधिक बारिश के मौसम में परेशानी होती है। रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे है। जिनमे बारिश का पानी भर जाता है। इसकी वजह से दुर्घटना होते रहती है। इस रास्ते से मध्य विद्यालय पढ़ने के लिए गांव के लगभग 15 बच्चे रोजाना आना-जाना करते हैं। इस रास्ते में गड्ढे होने के कारण कई बच्चों ने इन रास्तों में गिरकर चोटिल हो जाते है। स्कूली बच्चों के अलावा इस रास्ते में ग्रामीण भी आवागमन करते हैं। बारिश के मौसम मे यदि गांव में कोई बीमार होता है तो उसको पक्की सड़क तक ले जाने मे काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक मुसीबत बरसात मे गर्वती महिलाओ को कही ले जाने के लिए काफी मुसीबत एवं समस्या का सामना करना पड़ता है। कई वर्षो से यह सड़क की स्थिति जर्जर बना हुआ है, जिससे बारिश के दिनों मे कोई भी वाहन नही आ पाते हैं। ग्रामीणों ने सांसद व स्थानीय विधायक से सड़क निर्माण करवाने की मांग की है।

## सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में फॉर्म भरने के नाम पर अवैध वसूली तत्काल बंद हो: अनीता देवी

**बालूमाथ।** बालूमाथ क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में बच्चियों से फॉर्म भरने के नाम पर 300 रुपये की हो रही अवैध वसूली को जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने तत्काल बंद करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक तरफ 300रुपये की अवैध उगाही हो रही है वहीं दूसरी तरफ इसे रोकने के लिए पदाधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं करके एक दूसरे पर फेंकने का कार्य कर रहे हैं जो चिंता का विषय है। इस सम्बंध में उन्होंने जब प्रखंड विकास पदाधिकारी बालूमाथ सोमा उरांव से बात की तो बताया कि कार्यालय में ऑपरेटर नहीं रहने के कारण विद्यालय को निर्देशित किया गया है कि फॉर्म को प्रज्ञा केंद्र से ऑनलाइन कराकर कार्यालय में जमा करें। जबकि आंगनबाड़ी सेविकाओं का कहना है कि बाल विकास परियोजना कार्यालय से यह निर्देश प्राप्त है कि सम्बन्धित कंप्यूटर सेंटर से ही फॉर्म अपलोड करना है। मूरपा मोड़ स्थित जिस कंप्यूटर सेंटर से अपलोड कराया जा रहा है उसका ऑपरेटर के द्वारा बताया गया कि हम लोग सावित्रीबाई फुले का फॉर्म भर रहे हैं और 300 रुपये प्रत्येक बच्चियों से ले रहे हैं। जिसमें से 200 ऑफिस में देना है और 100 मेरा होगा।

## बालूमाथ पुलिस ने मोहर्रम पर्व को देखते हुए किया मॉक ड्रिल

**बालूमाथ।** बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में मंगलवार को मोहर्रम पर शांतिपूर्वक मनाने को लेकर लातेहार पुलिस द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। रपा मोड में मॉक ड्रिल के माध्यम से यह दिखाया गया कि कुछ लोग जबरन सड़क जामकर बालूमाथ को अशांति फैलाने का कार्य कर रहे हैं। लातेहार पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर पहले समझने का प्रयास करती है नहीं मानने पर पानी का फुहारा छोड़ा जाता है और लोगों से अपील किया जाता है कि वह बेवजह सड़क जाम ना करें। फिर भी लोग नही मान रहे हैं। तब पुलिस आंसू गैस के गोले छोड़े छोड़ता हैं ।उसके बाद पुलिस लाठी चार्ज करती है उसके बावजूद स्थिति और हिंसक हो जाता है तब पुलिस गोली चलाती है। जिसमें दो लोगों को गोली लगती है। मॉक ड्रिल समाप्त के बाद एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने कहा कि मोहर्रम पर्व प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी आप लोग शांति से मनाए।

### ट्रक मालिकों की आवाज को विधानसभा में उठाऊंगा: पांकी विधायक शशिभूषण

# भूख हड़ताल पर बैठे दो ट्रक मालिकों की स्थिति बिगड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोल परियोजना में वर्ष 2018 का भाड़ा लागू करने की मांग को मंगलवार से सभी ट्रक मालिक सामूहिक भूख हड़ताल पर चले गए। सामूहिक भूख हड़ताल कार्यक्रम में पांकी विधानसभा के विधायक शशिभूषण मेहता शामिल हुए। जहां बोलते हुए विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि ट्रक मालिकों की आवाज को मैं विधानसभा में उठाऊंगा। हमारा मिट्टी हमारा जमीन से कोयला निकला हुआ है और ट्रक बिहार और बंगाल का चलेगा। अगर विस्थापित-प्रभावित लोगों का ट्रक नहीं चलेगा तो मगध कोलियरी में हाइवा भी नहीं चलेगा। ट्रक मालिकों की मांग ट्रांसपोर्टर माने अन्यथा चक्का जाम होगा। ट्रांसपोर्टर ट्रकों से पेपर के खर्च,अनलोडिंग, टीडीएस के नाम पर अवैध वसूली करना बंद करें माल महाराज का मिर्जा खेले होली ऐसा नही चलेगा। ट्रक मालिक 2018 का भाड़ा मांग रहे हैं तो इसमें गलत क्या है।ट्रांसपोर्टर बीच में कमीशनखोरी करके ट्रक मालिकों का हक मार रहे हैं। ऐसे लोगों को कोलियरी में घुसने नहीं देना है। आप सभी लोग तैयार होइए मैं आगे-आगे चलूंगा पीछे से आप लोग रहिए ।कोलियरी में एक भी हाइवा नहीं चलेगा। यहां सिर्फ विस्थापित प्रभावित लोगों का ट्रक चलेगा। 25,000 टन तक के कोयला का उठाव ट्रक मोड से किया जाए। पहले ट्रक को लोडिंग मिलेगा तब हाइवा चलेगा। जरूरत पड़ने पर उग्र आंदोलन के लिए तैयार रहे ।मैं आप सभी के मामले को विधानसभा में उठाऊंगा जरूरत पड़ेगा तो वहां धरना भी दूंगा। आपलोगो को डरने की जरूरत नही है। वही भूख हड़ताल के दौरान तबीयत बिगड़ने के कारण चमातू गांव निवासी केदार साव और राजेन्द्र कुमार, विनोद साव आरा को स्लाइन चढ़ाया गया। ज्ञात हो कि बीते 8 जुलाई से 15 जुलाई तक ट्रक मालिकों ने अपने-अपने गाड़ियों को खड़ा कर हड़ताल किया था। इसको लेकर कई बार सीसीएल एवं प्रशासन के समक्ष लिफ्टर एवं ट्रक मालिकों के बीच वार्ता हुई थी। जो वार्ता विफल रही थी। जिसके बाद ट्रक मालिकों ने सामूहिक भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया था। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी, भाजपा नेता सह विस्थापित नेता चेतलाल रामदास, आंदोलन के नेतृत्वकर्ता बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम, विस्थापित नेता मिथुन साव, सत्यनारायण प्रसाद त्रिवेणी प्रसाद, कुलदीप यादव,राजेश राम ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा की सीसीएल द्वारा अब तक जमीन के बदले मुआवजा और विस्थापन नीति का लाभ नहीं दिया गया है। विस्थपित-प्रभावित सभी बेरोजगार लोगों ने रोजगार के लिए ट्रक खरीदा है। लेकिन ट्रांसपोर्टर राज्य की बाहर की गाड़ियां लाकर कम भाड़ा में माल ढुलाई कर रहे हैं। स्थानीय लोगों को फॉर्मेट तक नहीं मिल पा रहा है। मौके पर राजेंद्र राम, वीरेंद्र कुमार,सुजीत कुमार, दिगंबर कुमार, दीपू गुप्ता,पंकज केसरी, अरुण केसरी, हनी खान, पंकज सिन्हा, सुनील यादव, महेश यादव, मोहन साव, मदन साव, गोविंद यादव, सोनू कुमार,मुकेश राम दिलीप कुमार, मनोज यादव, कमलेश सिंह, डोमन यादव, उमेश यादव, बुटन यादव प्रेम कुमार, मुकेश यादव, नरेश यादव, राजकुमार यादव, गिरेन्द्र यादव, गोपाल यादव, खुशियाल साव, विजय साव, संजय कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।


धरना पर बैठे लोगों का चढ़ता पानी।

## मुहर्रम पर्व को शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**बारियातू।** थाना क्षेत्र मे मुहर्रम पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी राजा दिलावार के नेतृत्व मे बारियातू मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों मे फ्लैग मार्च निकाला। 17 जुलाई को मुहर्रम पर्व है जिसे शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने के लिए लोगों को अपील किया. साथ ही लोगों से मुहर्रम पर्व के जुलुस कार्यक्रम मे किसी तरह का शांति भंग न हो जिसको लेकर पुलिस सशक्त है। पुरे क्षेत्र मे शांति माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस प्रखंड मुख्यालय, बारियातु बस्ती, इटके, फूलसु, बरछीया बठेठ सहित अन्य स्थानों मे पेट्रोलिंग के साथ फ्लैग मार्च भी निकाला। बारियातू प्रखण्ड मे हर धर्म का त्यौहार शांति पूर्ण तरीके से मनाया जाता हैं और पुरे क्षेत्र मे भाईचारगी का मिशाल पेश किया जाता है यहाँ किसी तरह कभी भी वाद बिवाद नहीं हुआ है।

# जीतन सहनी की हत्या पर तेजस्वी यादव ने कहा, बिहार में है जंगलराज

एजेंसी

**पटना/दरभंगा।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश साहनी के पिता की हत्या पर तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार को जमकर लताड़ा उन्होंनें कहा कि बिहार में जब लालू प्रसाद यादव और उनके बाद राबड़ी देवी मुख्यमंत्री थीं तो विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने आपराधिक घटनाओं का हवाला देते हुए यहां 'जंगलराज' होने की बात प्रचारित की थी। अब विपक्ष में लालू-राबड़ी के बेटे तेजस्वी यादव हैं और उन्होंने पूर्व मंत्री व विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की हत्या के बाद बिहार में असल जंगलराज अब होने की बात कही है। बड़ी बात यह भी कि तेजस्वी यादव के इस बयान के बाद भाजपा ने तो अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की बात कही, लेकिन जदयू ने तेजस्वी यादव से साथ-साथ यह भी पूछ दिया कि वह अगर अपराधी के बारे में जानते हैं तो पुलिस और सरकार की मदद के लिए आगे आएं। तेजस्वी यादव लगातार पिछले दो महीने से जितनी हत्याएं हो रही हैं





आपराधिक वारदात हो रही है, उनकी सूची जारी कर बिहार में जंगलराज की बात कह रहे थे। मुकेश सहनी के पिता की हत्या के बाद वह अब यह मांग और बढ़ा रहे हैं और यह कह रहे हैं कि जब पूर्व मंत्री का पिता ही सुरक्षित नहीं है तो फिर ऐसे में यह कहा जा सकता है कि बिहार में जंगलराज स्थापित हो गया है। विकासशील इंसान पार्टी(वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या पर भाजपा नेता अजय आलोक ने कहा, हत्या किसी की भी हो यह एक जघन्य अपराध है। 72 घंटों के अंदर इसका उद्भेदन होगा। सभ्य समाज में आप अपराध को रोक नहीं सकते हैं चाहे आप कितने ही सक्षम हो जाए, इसका एक उदाहरण अमेरिका है जहां ट्रंप पर हमला हो गया। राज्य सरकार अंकुश लगाना जानती है और इसे गंभीरता लेते हुए इसका उद्भेदन किया जाएगा।

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या पर फखऊ नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, आज सुबह बिहार से दुखद खबर सामने आई है, जहां मुकेश सहनी के पिता की हत्या कर दी गई। यह अत्यंत दुखद है। शासन-प्रशासन में बैठे लोगों को जवाब देना होगा। अब जनता शांत नहीं बैठेगी। बिहार में जब राजनेता का परिवार सुरक्षित नहीं है तो आम लोग तो भगवान भरोसे हैं। भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने इस हत्या की घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि, मुकेश साहनी जी के परिवार के प्रति पूरी संवेदना व्यक्त करता हूं। अपराधी आसमान में छुपे हों या पाताल में, पुलिस और कानून उन्हें ढूंढ निकालेगी और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। इस जघन्य हत्या के लिए किसी को माफ नहीं किया जाएगा। सरकार और प्रशासन इस मामले पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। छानबीन के बाद जैसे ही हत्यारों के बारे में पता चलता है, उन्हें कहीं से भी गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या पर हम पार्टी के संरक्षक सह केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सहनी के पिता जी की हत्या अति दुःखद है। ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए। इस तरह की घटना की गंभीरता से जांच होनी चाहिए ताकि उक्त घटना में शामिल अपराधी पकड़े जा सके। राजद के द्वारा यह कहे जाने पर कि बिहार में जंगलराज आ गया, इस पर पलटवार करते हुए केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि जंगलराज के वही लोग प्रतिपादक हैं। इसलिए उन लोगो को जंगलराज की याद आ रही है।

वीआईपी के प्रमुख सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री मुकेश सहनी जी के पिता श्रद्धेय जीतन सहनी जी की हत्या अत्यंत दुःखद एवं निंदनीय है। हम सभी की संवेदना उनके शोकाकुल परिजनों के साथ है। मुझे विश्वास है, बिहार पुलिस दोषियों को सजा दिलाने के लिए तत्परता से काम करेगी। ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

## जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार की प्रतिक्रिया

जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि मुकेश साहनी के पिताजी की जिस तरह से हत्या की गई है, वह दु:खद और पीड़ाजनक है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। वैज्ञानिक अनुसंधान के तमाम साध्य का इस्तेमाल किया जा रहा है। अपराधिक घटना में जिन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है उसे पुलिस खोज निकालेगी और न्यायिक प्रक्रिया के द्वारा उसे अंतिम अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। कोई भी व्यक्ति हो अगर एक सामान्य नागरिक के साथ भी अगर इस तरह घटना होती है तो राज्य सरकार का यह कर्तव्य है कि बगैर देर किए हुए कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करे । तेजस्वी यादव के जंगल राज कहने पर नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव अगर कोई सवाल खड़ा कर रहे हैं तो उन्हें यह अधिकार प्राप्त है, पॉलिटिकल इन्वेस्टिगेशन कर रहे हैं। हम तो पुलिस इन्वेस्टिगेशन पर भरोसा करते हैं। हम माननीय तेजस्वी यादव से भी अनुरोध करते हैं कि आपका भी कार्यकर्ता है, अगर आपके पास भी कोई जानकारी है तो पुलिस पदाधिकारी को तमाम जानकारी उपलब्ध कराईये, जिससे मुकेश साहनी जी को न्याय मिल सके। नीरज कुमार ने कहा कि जंगलराज कहते तब जब पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती, पुलिस पर दबाव रहता, जाति-धर्म भेदभाव करने का आरोप रहता, आरोपी को बचाने का आरोप रहता, कौन माई का लाल पैदा लिया है जो अपराधिक घटना पर किसी को बचा लेगा।

## स्पीड न्यूज

### मुहर्रम पर्व को लेकर निकला फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च करते पुलिस इंस्पेक्टर।

कांडी। मुहर्रम पर्व को लेकर कांडी पुलिस द्वारा मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च पुलिस इंस्पेक्टर सुनील तिवारी के नेतृत्व में निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना प्रांगण से शुरू होकर प्रखण्ड कार्यालय, बाजार होते हुए पेट्रोल पंप तक गया। पुनः वापस थाना तक जाकर समाप्त हो गया। वहीं कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। ताकि लोगों में किसी भी प्रकार का कोई भय न रहे। फ्लैग मार्च में एसआई रौशन राम, एएसआइ शंभु कुमार, दशरथ टोप्पो सहित अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

### चोरी के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**कांडी।** पुलिस ने चोरी के मामले एवं पुराने अन्य मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर नया एक ही रियासत में भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार थाना कांड संख्या-65/2024 दिनांक 15.07.2024 धारा 317(2) ठ.छ के प्राथमिकी अभियुक्त राजन तिवारी उर्फ रोहित तिवारी पिता प्रभु तिवारी ग्राम कुशहा टोला बनाही थाना कांडी जिला गढ़वा को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी गुलशन कुमार ने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त के पास से विभिन्न जगहों से चोरी कर रखे गए 42 जोड़ा चांदी का बिछिया, 08 मोटर एवं 01 टुल्लू पंप तथा एक मोबाइल बरामद किया गया है। प्राथमिकी अभियुक्त थाना कांड संख्या 91/23, दिनांक 14/11/2023 धारा 457/380 भा.द.वि. के अप्राथमिकी अभियुक्त है, तथा उक्त कांड में चोरी की बात अपने स्वीकारोक्ति बयान में स्वीकार किए हैं।

### रोहतास में नहर से युवक का शव बरामद

**डेहरी आन सोन।** बिहार में रोहतास जिले के डेहरी नगर थाना क्षेत्र के नहर से एक युवक का शव बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि लाला कॉलोनी निवासी मुन्ना चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र बीरू कुमार ई रिक्शा चलाता था। उसके तीन मित्र उसका पर्स एवं मोबाइल उसके मां को दिया और कहा की रास्ते में उसने अपना मोबाइल और पर्स मां को पहुंचाने को बोला था।

## युवक की संदेहास्पद मौत ,राइस मिल मालिक पर हत्या का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के अधंरवारी गांव में स्थित राइस मिल में संदेहास्पद परिस्थिति में मंगलवार को एक युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक राइस मिल में गार्ड की नौकरी करता था। परिजन ने राइस मिल के मालिक पर युवक की हत्या कर देने का आरोप लगाया है। मृत युवक की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के बलिया बुजुर्ग गांव निवासी सुरेंद्र सिंह का पुत्र साजन कुमार के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि युवक रजौली अधंरवारी गांव स्थित संतोष सिंह के राइस मिल में गार्ड का नौकरी करता था। मृतक के परिजन ने बताया कि राइस मिल का मालिक संतोष सिंह युवक की हत्या कर युवक के शव को अपने निजी वाहन से लेकर उसके घर गांव लेकर पहुंच गया। इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों ने पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

## ससुराल आये युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत

▶▶ अपनी पत्नी को परीक्षा दिलाने के ससुराल में एक सप्ताह से आया हुआ था। जहां संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पृथ्वीपुर निवासी विनोद राम के दामाद की सोमवार की रात संदेहात्मक स्थिति में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पलामू जिला अंतर्गत हैदर नगर थाना क्षेत्र के सड़ेया गांव निवासी विश्वनाथ राम के पुत्र विवेक कुमार प्रकाश का संदेहास्पद निधन मझिआंव पृथ्वीपुर अवस्थित ससुराल में हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि वह अपनी पत्नी को परीक्षा दिलाने के ससुराल में एक सप्ताह से आया हुआ था। जहां संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार विवेक अपने सासू मां से खाना मांग कर खाया। उसके कुछ देर बाद विवेक के सास देखी की चौकी के नीचे गिरकर दामाद छटपटा रहे हैं। उसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में स्थानीय निजी अस्पताल में ले गया। जहां पर उपस्थित डॉक्टर ने विवेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं मंगलवार की सुबह मझिआंव थाना प्रभारी आकाश कुमार के निदेर्शानुसार एस आई चंदन प्रधान, नसीम अंसारी के द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत जून माह में ही विवेक की शादी धूमधाम से हुई थी। जिससे परिवार में खुशी का माहौल था। विवेक की असामयिक मौत से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। विवेक का आकस्मिक मौत कैसे हुआ यह जांच का विषय है।

## मोहर्रम की पूर्व संध्या पर निकाला गया फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च करती पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** मोहर्रम की पूर्व संध्या भवनाथपुर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में थाना से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए खरौंधी मोड, अरसली दक्षिणी पंचायत के चेरवाडीह, चौरासी, सिकिआलेवा, बघमनवा होते हुए अरसली उत्तरी पंचायत से निकलकर सिंदुरिया, टाउनशिप होते हुए कपूरी चौक भवनाथपुर, सिंघीताली होते पुनः भवनाथपुर वापस आई। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मुहर्रम पर्व को लेकर भवनाथपुर पुलिस पुरी तरह सतर्क है। मकरी, अरसली में होने वाले आयोजन को लेकर पुलिस पदाधिकारी व बल नियुक्त कर दिया गया है। उन्होंने आम लोगों से भी अपिल किया है कि असमाजिक तत्वों को संदेह होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे। फ्लैग मार्च में पुलिस निरीक्षक रंजीत कुमार सिंह, सहायक अवसर निरीक्षक निरंजन शर्मा, प्रदीप उरांव, संतोष सिंह सहित पुलिस बल शामिल थे।

## रुआर 2024 एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा रुआर 2024 एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख आरती दुबे, बीडीओ सतीश भगत, जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं बीपीओ विभा रानी कुजूर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के तमाम उपस्थित प्रधानाध्यापको को संबोधित करते हुए बीपीओ विभा रानी कुजूर ने रूआर 2024 के बारे में विधिवत विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 6 से 18 वर्ष के अनामांकित बच्चों का विद्यालय में नामांकन करते हुए एवं सत प्रतिशत विद्यालय में उपस्थित कराना है। साथ ही कहा कि ड्रॉप आउट बच्चों को चिन्हित कर पुनः विद्यालय में वापसी एवं सभी बच्चों को क्लास प्रोन्नति कराते हुए सत प्रतिशत विद्यालय में




उपस्थित लोग।

ठहराव सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम 16 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत आज से हो चुकी है। कहा कि इसके बाद सभी विद्यालय के पोषक क्षेत्र में विद्यालय स्तर पर एसएमसी अध्यक्ष, सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इस कार्यक्रम को किया जाना सुनिश्चित करेंगे। बीडीओ सतीश भगत ने कहा कि शिक्षा स्तर में बढ़ावा देने को लेकर सरकार कटिबद्ध है। सरकार की इस मुहिम को सत प्रतिशत धरातल पर लाने को लेकर सभी शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियो को ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना होगा। तभी इस मुहिम को धरातल पर लाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जितेंद्र प्रसाद ने किया। मौके पर मुखिया महताब आलम, मुखिया प्रतिनिधि इंदल, सीआरपी वीरेंद्र प्रसाद सोनी, मुदस्सर नजर, रामगोपाल पांडेय, बीआरपी शंकर कुमार सिंह, प्रतिमा कुमारी, प्रधानाध्यापक अनीश अहमद खान, रामाकांत तिवारी, डॉ महताब आलम, विवेकानंद त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार, समीमुउद्दीन अंसारी सहित प्रखंड क्षेत्र के तमाम विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षक उपस्थित थे।

## पिकअप व टेंपो की टक्कर में दो स्कूली छात्र की मौत, कई घायल

### आक्रोशित लोगों ने पिकअप को फूंका, पथराव में पुलिस जवान व पत्रकार जख्मी

▶▶ पुलिस ने की लाठीचार्ज, छोड़े आंसु गैस के गोले

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा एनएच 75 बाईपास फोरलेन क्रॉसिंग पर जाटा गांव के समीप सोमवार की दोपहर पिकअप व टेंपो की टक्कर में दो स्कूली छात्रों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने टेंपो में टक्क्र मारने वाले पिकअप को आग के हवाले कर दिया एवं सड़क जाम कर दिया। पिकअप में लगी आग को बुझाने का प्रयास कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ नोंक झोंक हुई। उसके बाद उग्र ग्रामीणों ने जमकर पथराव शुरू कर दिया। पुलिस एवं



दुर्घटनाग्रस्त टैंपो।



घटनास्थल पर आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़।

प्रशासनिक पदाधिकारियों की कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही एसपी दीपक पांडेय के वाहन पर भी ग्रामीणों ने हमला करने का प्रयास किया। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भीड़ तीतर बीतर करने के लिए लाठीचार्ज किया। साथ ही आंसु गैस के गोले भी दागे।

इस दुर्घटना में मृतकों में जाटा गांव निवासी दिनेश भुइया का पुत्र सत्यम कुमार व हरिप्रसाद राम का पुत्र देवानंद कुमार का नाम शामिल है। जबकि घायलों में जाटा गांव निवासी संजीव साहू का पुत्र रंजन कुमार 8 वर्ष, कालीचरण मेहता का पुत्र दीपांकर मेहता 9 वर्ष, रामाश्रय राम का पुत्री दिव्या भारती 8 वर्ष, अंकुश भारती 6 वर्ष व टैंपू चालक महावीर राम का पुत्र उदय राम का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार उक्त सभी विद्यार्थी आरएन टैगोर स्कूल में पढ़ते हैं। छुट्टी के बाद टेंपो पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इस बीच जाटा हाईवे क्रॉसिंग के पास तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप ने टेंपो को जोरदार टक्क्र मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही दो बच्चे की मौत हो गई। घायल बच्चां को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से दीपांकर मेहता व उदय राम की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसडीओ विजय कुमार, बीडीओ नरेंद्र नारायण, सीडीपीओ नीरज कुमार आदि ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिस्थिति की जानकारी लिया।

## पेज एक का शेष

### डोडा में कैप्टन...

जो घुसपैठ कर चुके हैं तथा उधमपुर, डोडा, किश्तवाड़ एवं भद्रवाह जिलों के ऊपरी इलाकों और उसके बाद कश्मीर घाटी की ओर बढ़ रहे हैं। **शहीद जवानों को नमन :** भारतीय सेना ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है। सेना ने कहा कि भारतीय सेना के सभी अधिकारी उन बहादुर जवानों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं, जिन्होंने डोडा में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। भारतीय सेना इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है। **कैसे हुई घटना :** जम्मू स्थित रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) सुनील बर्तवाल ने कहा कि सोमवार रात एक खोज दल ने डोडा क्षेत्र से 10 किमी उत्तर में उरारबग्गी में आतंकवादियों को छिपे हुए होने की सूचना पर अभियान शुरू किया। वह इलाका घने जंगलों वाला और पहाड़ी क्षेत्र है और बादलों व बारिश के कारण दृश्यता सीमित है। उन्होंने कहा, शुरूआती गोलीबारी में, सेना के चार जवान घायल हो गये। जिन्होंने बाद में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि इसी तरह के ऑपरेशन कठुआ क्षेत्र में लगातार चलाये जा रहे हैं। हाल के दिनों में कई ऑपरेशनों के परिणामस्वरूप 26 जून को गंदोह में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया, साथ ही 11 जून को छत्तर गली आतंकवादी हमले को भी सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया। उन्होंने कहा,मृत आतंकवादियों के पास से बरामद बड़ी मात्रा में युद्ध जैसे भंडार के विश्लेषण से सीमा पार की शुरूआती एजेंसियों का हाथ होने का पता चलता है।

### संघीय ढांचे में ...

मालूम हो कि हेमंत सोरेन दिल्ली दौरे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, दिल् ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीत से मिले। इसके अतिरिक्त हेमंत अपनी पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन संग बनारस गये, जहां उन्होंने काशी में पूजा अर्चना की। मिजार्पुर स्थित विंध्यवासिनी के मंदिर में पूजा अर्चना के सवाल पर उन्होंने हाथ जोड़कर आसमान की तरफ देखा और मुस्कुराते हुए गाड़ी की ओर बढ़ गये। सोनिया गांधी से मुलाकात पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने इशारों-इशारों में भाजपा पर निशाना साधा था। उन्होंने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के प्रति सहानुभूति जताते हुए कहा था कि वह भी जल्द ही जेल से बाहर आ आयेंगे।

### झारखंड में डीजे...

विशेष रूप से रात्रि 10 बजे के बाद, हेल्पलाइन द्वारा अपनी शिकायत दायर कर सकें और ध्वनि प्रदूषण से मुक्ति पा सके।

साथ ही सरकार को ध्वनि प्रदूषण न फैलाने के लिए लोगो में जागरूकता फैलाने का सुझाव दिया था। इसके पूर्व सितंबर 2023 में भी झारखंड हाई कोर्ट ने इसी याचिका में एक विस्तृत आदेश पारित किया था जिसमें कोई भी ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले व्यक्ति या संस्था की म्यूजिक सिस्टम जप्त करने का भी निर्देश राज्य सरकार को दिया था। बता दें कि झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है।

### योजनाएं धरातल पर...

सचिव ने निर्देश दिया कि नगर निकाय में वैसे आवास जिनका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, उनका गृह प्रवेश सुनिश्चित कराएं। अगर लाभुक द्वारा भुगतान नहीं हो पाया है तो बैंक के माध्यम से उन्हें होम लोन उपलब्ध कराया जाए ताकि सभी को आवास देने की योजना को कार्यान्वित किया जा सके। बैठक में अपर सचिव नगर विकास मनोहर मरांडी, ज्ञानेंद्र कुमार, नगरीय प्रशासनिक निदेशालय के निदेशक सत्येंद्र कुमार, रांची नगर निगम प्रशासक अमीत कुमार, संयुक्त सचिव ज्योत्सना सिंह, सहायक निदेशक सूरज कुमार,अभिलाषा कुमारी ,अंशु कुमारी, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी राकेश कुमार नंदकुलियार,परियोजना निदेशक (वित्त) जुडको अमित चक्रवर्ती, उप परियोजना निदेशक जुड़को उत्कर्ष मिश्रा सहित राज्य के सभी नगर निकायों के प्रशासक-कार्यपालक पदाधिकारी, सिटी मैनेजर सहित आवास विभाग एवं स्मार्ट सिटी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एनटीए के ट्रंक ....

**परीक्षा में बैठे थे 23 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी :** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संदर्भ पर एजेंसी की अपनी प्राथमिकी, परीक्षा में कथित अनियमितताओं की व्यापक जांचह्व से संबंधित है। नीट-यूजी का आयोजन एनटीए द्वारा सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए किया जाता है। इस साल यह परीक्षा पांच मई को 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गयी थी, जिनमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। इस परीक्षा में 23 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

### झारखंड में फिर

घुसपैठ पर सख्त कानून जरूरी : असम के सीएम ने कहा कि झारखंड सरकार घुसपैठियों के संरक्षण में जुटी है। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू की धरती घुसपैठियों की धरती बन रही है। संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल गयी। लव जिहाद, लैंड जिहाद चरम पर है। आदिवासी बेटियों से बांग्लादेशी घुसपैठिये शादी कर जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसा कानून जरूरी है, जिससे घुसपैठिये आदिवासी बेटियों से शादी नहीं कर सकें।

**हेमंत सरकार पर बरसे :** कार्यकर्ता अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन कोई स्वतंत्रता आंदोलन में जेल नहीं गये थे। उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप थे। जेल से बाहर आते ही इनके दबाव में चंपई सोरेन को हटा दिया। हेमंत सोरेन आदिवासी होने का ढोंग करते हैं। लेकिन, वे आदिवासी नेता नहीं हैं बल्कि खुद के नेता हैं। उन्हें और किसी दूसरे आदिवासी की भलाई की चिंता नहीं है। प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी की जगह एक लाख भी नहीं दे सके। न बेरोजगारी भत्ता दिया। सहायक पुलिस कर्मी धरना पर बैठे हैं, पारा शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं। किसानों का बकाया नही मिला। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था ध्वस्त है। बहन बेटियों के साथ बलात्कार की घटनायें रोज घट रही हैं। भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। घुसपैठियों के सरदार पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के घर से करोड़ों रुपये मिले। कांग्रेस के 8500रुपये खटा खट का क्या हुआ। कब हेमंत सोरेन इसे भेज रहे हैं।

**राहुल बाबा का गणित कमजोर :** भाजपा नेता ने कहा कि झारखंड, बिहार,असम, बिहार, उड़ीसा जैसे राज्यों ने मोदी को तीसरीबार पीएम बनाने में बड़ा योगदान दिया है। सभी कार्यकर्ता सम्मान का हकदार है। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा का गणित कमजोर है। 99 सीट को ऐसा बता रहे हैं जैसे 100 में सौ मिला हो। ये तो 543 में 99 पाकर खुश हो रहे और 240 जीतनेवाली भाजपा को उपदेश दे रहे हैं। राहुल गांधी का ज्ञान हमेशा कम ही रहेगा। संविधान बचाने की बात करने वाले लोगों ने सबसे ज्यादा संविधान का अपमान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बताये कि 1975 में इमरजेंसी लगाकर संविधान किसने बदला।

### चलो बुलावा आया...

इसके अलावे करीब एक हजार की संख्या में डीएसपी और इंस्पेक्टर, दारोगा व एएसआई श्रावणी मेला ड्यूटी में दोनों जगह रहेंगे। साथ ही भीड़ प्रबंधन के लिये रैफ, सीआरपीएफ सहित अन्य विशेष सुरक्षा के साथ-साथ एटीएस, बीडीएस टीम आदि भी सुरक्षा में लगाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए पदाधिकारी, जवानों की समय समय पर ब्रीफिंग भी करायी जाएगी बैठक में भागलपुर के आयुक्त दिनेश कुमार, मुंगेर के आयुक्त संजय कुमार, संथाल परगना के लालचंद्र डाडेल, आइजी क्रांति कुमार गड़देशी, देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग, जिलाधिकारी भागलपुर डॉ नवल किशोर चौधरी, जिलाधिकारी बांका अंशुल कुमार, उपायुक्त दुमका ए दोड्डे, दुमका एसपी पितांबर सिंह खरवार, भागलपुर एसएसपी आनंद कुमार, बांका के एसपी डा .सत्य प्रकाश, गोड्डा एसपी नाथू सिंह मीणा के अलावे कई एसडीपीओ व डीएसपी मुख्य रूप से शामिल रहे।

श्रावणी मेला में ट्रैक्टर सहित मालवाहक गाड़ियों पर बांस-बल्ले के डबल डेकर बनाकर श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## स्पीड न्यूज

### जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। उलझ में जाह्नवी कपूर के किरदार का नाम सुहाना भाटिया है, जो हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ी होती हैं और उन्हें सबसे युवा डिप्टी हाई कमिश्नर के रूप में नियुक्त किया जाता है। हालांकि, ट्रेलर में ये मुद्दा उठ जाता है कि उनके अपॉइंटमेंट में नेपोटिज्म का काफी बड़ा हाथ है, क्योंकि वह एक बड़े खानदान से ताल्लुक रखती हैं। यह फिल्म 02 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### अनंत-राधिका की शादी में धमकी देने वाला गिरफ्तार

मुंबई। उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में बम की धमकी देने वाले एक 32 वर्षीय इंजीनियर को मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस ने मंगलवार को गुजरात के वडोदरा से गिरफ्तार किया है। विरल शाह ने सोशल मीडिया पर बम की धमकी संबंधित पोस्ट की थी। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया था और पुलिस की टीम ने गुजरात के बड़ोदरा से विरल शाह को गिरफ्तार कर लिया है।

### आइएएस खेडकर की फील्ड ट्रेनिंग पर रोक

**मुंबई।** विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी और वाशिम की सहायक कलेक्टर पूजा खेडकर पर बड़ी कार्रवाई हुई है। उनकी ट्रेनिंग पर रोक लगा दी गई है। उन्हें फील्ड पोस्टिंग से हटाकर मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। यह कदम महाराष्ट्र सरकार द्वारा एलबीएसएनएए को उनके प्रमाणपत्रों, दस्तावेजों, चिकित्सा और अन्य कागजात से संबंधित शिकायतों के बाद उनके व्यवहार पर विभिन्न मामलों में भेजी गई रिपोर्ट के बाद उठाया गया है।

### 20 लाख के इनामी एक महिला समेत चार नक्सलियों का समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को मंगलवार को उस समय बड़ी सफलता मिली जब 20 लाख की इनामी महिला माओवादी समेत चार कट्टर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। समर्पण करने वाली महिला नक्सली लगभग 14 साल व पुरुष नक्सली लगभग 14-15 सालों से नक्सली संगठन में सक्रिय रहकर कई बड़ी-बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहे।

## केंद्रीय बजट से पहले हलवा सेरेमनी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया का अंतिम चरण मंगलवार को यहां वित्त मंत्रालय (नॉर्थ ब्लॉक) में केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में पारंपरिक हलवा सेरेमनी शुरू हुआ। सीतारमण 23 जुलाई को केंद्रीय बजट 2024-25 संसद में पेश करेंगी। बजट पेश करने से ठीक पहले एक हलवा सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। यह हलवा समारोह इस बात का परिचायक होता है कि बजट को अंतिम रूप दिया जा चुका है और इसके छपने का काम शुरू हो चुका है। मंत्रालय के मुताबिक 23 जुलाई, को संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश करने के उपरांत भाषण पूरा होने पर बजट दस्तावेज एंड्रॉइड और एप्पल ओएस दोनों प्लेटफार्मों पर उपलब्ध होगा।

# रिपब्लिकन पार्टी ने ट्रंप को बनाया राष्ट्रपति उम्मीदवार

- जेडी वैंन्स को उप राष्ट्रपति का उम्मीदवार घोषित किया
- डेमोक्रेट पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति कमला हैरिस हो सकती हैं उम्मीदवार

एजेंसी

**न्यूयार्क ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रिपब्लिकन पार्टी ने एक बार फिर से राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया है। मिल्बाउकी में हुए रिपब्लिकन पार्टी के अधिवेशन में एक के बाद एक राज्य ने ट्रंप के नाम का समर्थन किया। अधिकांश डेलीगेट्स ट्रंप के नाम की तख्ती लेकर उनके नाम का समर्थन कर रहे थे और पूरा सभागार ट्रंप-ट्रंप से गूज रहा था। इसके साथ ही पार्टी में ट्रंप के प्रतिद्वंदी ओहियो के सीनेटर और राष्ट्रपति पद के लिए कोशिश कर रहे जेडी वैंन्स को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार भी घोषित किया गया है। ट्रंप 1996 से लेकर 2020 तक अमेरिका के राष्ट्रपति रह चुके हैं। 2020 में वे डेमोक्रेट पार्टी के जो बाइडेन के मुकाबले हार गए थे। हांलाकि तब भी उन्होंने हार स्वीकार नहीं की थी और व्हाइट हाउस खाली करने से पहले वहां जुटे ट्रंप समर्थकों ने हिंसक उपद्रव भी कर दिया था। राष्ट्रपति पद से हटने के बाद पिछले 4 सालों में उनके ऊपर अनेक प्रकार के मुकदमे भी दर्ज हुए, जिसमें सीक्रेट पेपर्स की चोरी से लेकर अवैध संबंधों के चलते एक महिला को पैसे देने का मामला भी चला और सजा भी हुई। इन सबके बावजूद ट्रंप को उम्मीदवारी से रोका न जा सका। इस साल नवंबर माह में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में रिपब्लिकन ट्रंप का



मुकाबला एक बार फिर से डेमोक्रेट पार्टी के जो बाइडेन से हो सकता है। हांलाकि बढ़ती उम्र और उससे जनित लक्षणों के चलते जो बाइडेन की उम्मीदवारी पर संशय बना हुआ है और चर्चा यह भी है कि वर्तमान उप राष्ट्रपति कमला हैरिस भी डेमोक्रेट पार्टी की ओर से उम्मीदवार हो सकती हैं।

### आइएमएफ ने भारत का जीडीपी 7 फीसदी किया

**नयी दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर पूर्वानुमान को 0.20 फीसदी बढ़ाकर सात फीसदी कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने मंगलवार को जारी अपडेट वैश्विक आर्थिक आउटलुक में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ अनुमान को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.8 फीसदी से बढ़ाकर सात फीसदी कर दिया है। हालांकि, आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी से बढ़ने का अनुमान जताया है। आईएमएफ ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में निजी खपत बढ़ने की वजह से भारत के आर्थिक विकास की रफ्तार में गति देखने को मिल सकती है। अंतरराष?ट्रीय मुद्रा कोष ने इसके मद्देनजर उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए विकास दर के पूर्वानुमान को संशोधित किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का जीडीपी 8.2 फीसदी रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। इसके अलावा अन्य वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7-7.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है।

## रक्षा मंत्रालय ने 346 वस्तुओं के आयात पर लगाया प्रतिबंध

**डीपीएसयू ने घरेलू विक्रेताओं को 7,572 करोड़ के दिये ऑर्डर**

**नयी दिल्ली।** आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के मकसद से रक्षा मंत्रालय ने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) के लिए 346 वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) ने मंगलवार को पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) अधिसूचित की है। इससे पहले जारी की गई चार सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया गया है। इसके बाद डीपीएसयू ने घरेलू विक्रेताओं को 7,572 करोड़ रुपये के ऑर्डर दिए हैं। सार्वजनिक उपक्रमों के लिए 346 वस्तुओं में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सिस्टम, सब-सिस्टम, असेंबली, सब-असेंबली, स्पेयर और कंपोनेंट तथा कच्चा माल शामिल है, जिसका आयात मूल्य 1,048 करोड़ रुपये है। रक्षा मंत्रालय ने 2020 में सृजन पोर्टल लॉन्च किया था। रक्षा वस्तुओं के स्वदेशीकरण में उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) की पांचवीं जनहित याचिका में उल्लिखित वस्तुओं का स्वदेशीकरण विभिन्न तरीकों से किया जायेगा, जिससे अर्थव्यवस्था में वृद्धि को गति मिलेगी और रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ने के साथ आयात पर निर्भरता कम होगी। पांचवीं सूची में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), बीईएमएल लिमिटेड, इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड (आईओएल), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल), गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) डीपीएसयू जुड़े हैं। इससे पहले डीडीपी ने डीपीएसयू के लिए 4,666 वस्तुओं से संबंधित चार जनहित याचिकाएं अधिसूचित की थीं, जिनमें से 2,972 वस्तुओं का आयात मूल्य 3,400 करोड़ रुपये है। इनका पहले ही स्वदेशीकरण किया जा चुका है। डीपीएसयू के लिए ये पांच सूचियां सैन्य मामलों के विभाग की ओर से अधिसूचित 509 वस्तुओं की पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों के अतिरिक्त हैं। सूचियों में जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार व गोला-बारूद शामिल हैं।

# पाक में सेना की छावनी पर आतंकी हमला, 8 की मौत

## स्वास्थ्य केंद्र पर भी हमला, 2 जवानों समेत सात लोगों की मौत

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा में सेना की एक छावनी पर आतंकवादी हमले में 8 जवान मारे गए । आतंकियों ने विस्फोटकों से भरा वाहन परिसर की दीवार में घुसा दिया। हमला सोमवार की सुबह हुआ था, लेकिन सेना ने मंगलवार को इसके बारे में जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग ने कहा कि आतंकवादियों ने 15 जुलाई की सुबह बन्नू छावनी पर हमला किया, लेकिन सुरक्षा बलों ने उनके परिसर में घुसने के प्रयास को विफल कर दिया। परिसर में घुसने में विफल होने के बाद आतंकवादियों ने विस्फोटक से लदे वाहन वाहन को छावनी परिसर की बाहरी दीवार में घुसा दिया। इधर पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत स्थित डेरा इस्माइल खान में एक ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र पर आतंकी हमला हुआ है। हमले में 2 जवानों समेत सात लोगों की मौत हुई है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर ने मंगलवार, 16 जुलाई को इसकी जानकारी दी है।

**टीटीपी से जुड़े हाफिज गुल बहादुर गुट ने किया हमला**

### 10 आतंकी ढेर

सेना ने कहा कि आत्मघाती विस्फोट के कारण दीवार का एक हिस्सा ढह गया और आस-पास के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा, जिसमें 8 जवान मारे गए। आईएसपीआर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने हमले को नाकाम करते हुए सभी 10 आतंकियों को मार गिराया है। सेना के प्रवक्ता ने कहा है कि हमले को अफगानिस्तान से संचालित हाफिज गुल बहादुर समूह द्वारा किया गया था।

दो दिनों में पाकिस्तान के अंदर ये दूसरा बड़ा आतंकी हमला है। इसके पहले सोमवार को सेना के कैंप पर हमले में 8 जवान मारे गए थे। पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट जियो न्यूज ने पाकिस्तानी सेना के हवाले से बताया है कि स्वास्थ्य केंद्र पर हमले में जिन पांच नागरिकों की मौत हुई है, वे स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी थे। इनमें दो



महिला स्वास्थ्य कर्मी और एक चौकीदार के अलावा दो नाबालिग शामिल थे। तीन आतंकी भी मारे गए हैं।

आईएसपीआर ने घटना के बाद एक बयान में कहा कि '15 और 16 जुलाई की रात को आतंकवादियों ने डेरा इस्माइल खान जिले के किरी शामोजई स्थित ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र पर कायरतापूर्ण हमला किया और आरएचसी के कर्मचारियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। बयान में आगे कहा गया कि स्वास्थ्य केंद्र में सफाई अभियान के लिए आस-पास के सुरक्षा बलों को तुरंत तैनात किया गया। इसके बाद हुए मुकाबले में सैनिकों ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया। इस दौरान सुरक्षा बलों के दो जवान भी मारे गए।

हाफिज गुल बहादुर समूह पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) का सहयोगी गुट है, जो हमलों को अंजाम देने के लिए अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल करता है। इस समूह ने हाल के दिनों में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ बड़े हमले किए हैं। नवंबर 2023 पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में अफगान राजनयिक मिशन के प्रमुख को तलब किया था और आतंकवादी समूह के नेता गुल बहादुर के प्रत्यर्पण की मांग की थी बन्नू कैंट पर हमला ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तान ने हाल ही में आतंकवाद के खिलाफ नए ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकाम शुरू करने का ऐलान किया था। हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था कि पाकिस्तानी सैन्य बल आतंकियों के खिलाफ अफगानिस्तान में घुसकर कार्रवाई करेंगे।

## चना, तुअर व उड़द के दाम में 4 प्रतिशत गिरावट

- खरीफ दलहन की बुआई की प्रगति अच्छी है : खरे
- मुनाफाखोरी पर कड़ी कार्रवाई भी की जायेगी

**नयी दिल्ली।** पिछले एक महीने में प्रमुख मंडियों में चना, तुअर और उड़द की कीमत में 4 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। मंगलवार को उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा है कि एक महीने में प्रमुख मंडियों में चना, तुअर और उड़द की कीमतों में 4 प्रतिशत तक की गिरावट आई है, लेकिन इनकी खुदरा कीमतों में ऐसी कोई गिरावट नहीं देखी गई है। उन्होंने कहा कि थोक मंडी की कीमतों और खुदरा कीमतों के बीच अलग-अलग रुझानों से लगता है कि खुदरा विक्रेताओं को ज्यादा मुनाफा मिल रहा है। खरे ने कहा कि खरीफ दलहन की बुआई की प्रगति अच्छी है।

मंत्रालय के मुताबिक, उपभोक्ता मामलों के विभाग ने मंगलवार को भारतीय खुदरा विक्रेता संघ (आरएआई) के साथ दालों के संबंध में बैठक आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने की। मौजूदा मूल्य परिदृश्य और खरीफ संभावना को ध्यान में रखते हुए सचिव ने खुदरा उद्योग से कहा कि वे दालों की कीमतों को उपभोक्ताओं के लिए किफायती बनाए रखने के सरकार के प्रयासों में हर संभव सहायता प्रदान करें। निधि खरे ने बताया कि बड़े खुदरा विक्रेताओं सहित सभी स्टॉक होल्डिंग संस्थाओं की स्टॉक पर बारीकी से नजर रखी जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्धारित सीमा का उल्लंघन न हो। स्टॉक सीमा का उल्लंघन, बेईमान सट्टेबाजी और बाजार से जुड़े लोगों की ओर से मुनाफाखोरी पर सरकार की ओर से कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। आरएआई के 2300 से अधिक सदस्य हैं और देश भर में इसके लगभग 6,00,000 से अधिक बिक्री केन्द्र हैं। खुदरा उद्योग से जुड़े प्रतिभागियों ने भरोसा दिलाया कि उपभोक्ताओं को किफायती मूल्य पर कीमतें उपलब्ध कराने के लिए इसे नाममात्र स्तर पर बनाए रखेंगे।






खबर मंत्र की वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई
खबर मंत्र अखबार के 12 वर्ष के कार्यकाल में जितनी ऊंची और लंबी परवाज की है वह प्रशंसनीय है। अखबार लोकप्रियता के नए आयाम तय करें यही मेरी कामना है।
Mrs. Neeta Pandey
Principal
ISO 9001:2015 ACCREDITED
खबर मन्त्र
CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE, Delhi Aff. No. 3430087
(Senior Secondary Co-Ed English Medium School)
An ISO-9001 : 2008 Certified School
Kanke Road, Ranchi - 834008
Ph : 0651-2232093, 7631000024
e-mail: info@cambrianpublicschool.com



VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

- सेंसेक्स 51 अंक चढ़कर 80,716 पर पहुंचा, निफ्टी 26 अंक बढ़ 24,613 पर बंद

**मुंबई ।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, दूरसंचार, रियल्टी आईटी और टेक समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 51.69 अंक चढ़कर 80,716.55 अंक हो गया।

साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 26.30 अंक बढ़कर 24,613.00 अंक पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 0.29 प्रतिशत फिसलकर 47,823.94 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.32 प्रतिशत की बढ़त लेकर 54,301.89 अंक रहा। बीएसई में कुल 4009 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2002 में लिवाली जबकि 1909 में बिकवाली हुई वहीं 98 में कोई



बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियां हरे जबकि 22 लाल निशान पर रही। बीएसई के 12 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.03, सीडी 0.02, ऊर्जा 0.15, एफएमसीजी 0.89, आईटी 0.56, दूरसंचार 0.89, ऑटो 0.18, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.08, धातु 0.34, रियल्टी 1.62, टेक 0.85 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.13 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.24, जर्मनी का डैक्स 0.41 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.60 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, जापान का निक्केई 0.20 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.08 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 67 अंक की बढ़त के साथ 80,731.49 अंक पर खुला और दमदार लिवाली के बल पर दोपहर से पहले 80,898.30 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 80,598.06 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। अंत में पिछले दिवस के 80,664.86 अंक के मुकाबले 0.06 प्रतिशत उठकर 80,716.55 अंक हो गया। निफ्टी भी 29 अंक बढ़कर 24,615.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,661.25 अंक के उच्चतम जबकि 24,587.65 अंक के निचले स्तर पर रहा।